विश्वकर्मा फर्नीचर
मो. 98261-32636,90987-54366,98274-96911



# तरुण छत्तीसगढ़

सुनालिया ज्वेलर्स
हीरा, स्वर्ण, हॉलमार्क ज्वेलरी, रजत, राशि नग के विक्रेता
मो. 94255-32524,94241-43922
पावर हाउस रोड, कोरबा

e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2024-2026

वर्ष 35 अंक 229 | कोरबा, सोमवार , दिनांक 20 मई 2024 डाक 21 मई 2024 | पृष्ठ : 8 मूल्य 2.00 रुपए

**विविधा**
राजीव गांधी अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम में सनराइजर्स हैदराबाद और पंजाब किंग्स के बीच आईपीएल मैच के दौरान दर्शक।



**देश-विदेश**
गहरे अर्थ रखता है राज ठाकरे का पीएम मोदी के साथ मंच साझा करना, शिवाजी पार्क में रचा इतिहास



**फीचर पेज**
गर्मी से राहत पाएं स्वादिष्ट लाहौरी जीरा ड्रिंक



# हेलीकॉप्टर क्रैश में ईरान के राष्ट्रपति रईसी समेत सभी सवारों की मौत



**दुबई, 20 मई [एजेंसी]।**

हेलिकॉप्टर हादसे में ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी की मौत की पुष्टि हो गई है। उनके साथ हेलिकॉप्टर में मौजूद विदेश मंत्री की भी मौत हो गई है। बीती रात की घटना के बाद रेस्क्यू दल बमुश्किल मौके पर पहुंच सका था। हेलिकॉप्टर में राष्ट्रपति रईसी और विदेश मंत्री होसैन के अलावा हेलिकॉप्टर में पूर्वी अजरबैजान प्रांत के गवर्नर मलिक रहमती, तबरीज के इमाम मोहम्मद अली अलेहाशेम, एक पायलट, को-पायलट, क्रु चीफ, हेड ऑफ सिक्योरिटी और बॉडीगार्ड सवार थे। सभी के मारे जाने की सूचना है। ईरान में व्यवस्था है कि यदि किसी राष्ट्रपति का पद पर रहते हुए निधन होता है तो उपराष्ट्रपति को यह जिम्मेदारी सौंपा जाती है। इस तरह, माना जा रहा है कि उपराष्ट्रपति मोहम्मद मोखबर देजफुली राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी की जगह ले सकते हैं। इसके साथ ही पचास दिनों के अंदर चुनाव होंगे। दुर्घटना की सूचना मिलने के बाद से ईरान में सड़कों पर सन्नाटा है। मस्जिदों में विशेष प्रार्थना सभा आयोजित की जा रही थी। यह हादसा उस समय हुआ था, जब ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी हेलीकाप्टर में सवार होकर एक बांध के उद्घाटन के लिए जा रहे थे। देश के पूर्वी अजरबैजान प्रांत के पर्वतीय वन क्षेत्र में घने कोहरे की वजह से हेलिकॉप्टर पहाड़ियों से टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। राष्ट्रपति के साथ हेलीकाप्टर में विदेश मंत्री हुसैन अमीर अब्दुल्लाहियन व पूर्वी अजरबैजान प्रांत के गवर्नर भी सवार थे।

**पीएम मोदी ने जताई चिंता, की प्रार्थना**

*प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक्स पर लिखा था- राष्ट्रपति रईसी की हेलीकाप्टर उड़ान के संबंध में खबरों से अत्यधिक चिंतित हूं। हम संकट की इस घड़ी में ईरानी लोगों के साथ एकजुटता से खड़े हैं और राष्ट्रपति व उनके साथियों की कुशलता की कामना करते हैं। यह दुर्घटना ऐसे समय हुई है जब ईरान ने पिछले महीने ही इजराइल पर एक अभूतपूर्व ड्रोन और मिसाइल हमला किया था। साथ ही उसका यूरेनियम संवर्धन का कार्यक्रम भी हथियार बनाने में उपयोग करने लायक स्तर के करीब पहुंच गया है।*

# पांचवें चरण में स्मृति, माया, ब्रजभूषण समेत कई दिग्गजों ने किया मतदान



**लखनऊ, 20 मई [एजेंसी]।**

लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण में उत्तर प्रदेश की 14 सीटों पर मतदान जारी है। इस दौरान बसपा प्रमुख मायावती, केंद्रीय मंत्री और अमेठी से सांसद स्मृति ईरानी, साध्वी निरंजन ज्योति, कैसरगंज से सांसद ब्रजभूषण शरण सिंह, रायबरेली के उम्मीदवार दिनेश सिंह जैसे दिग्गजों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। अमेठी में अपने मताधिकार का प्रयोग करने के बाद स्मृति ईरानी ने कहा कि आप जल्द से जल्द अपने मतदान केंद्र जाकर इस उत्सव में सहभागी बनें। यह भारत और इसके भविष्य के प्रति हमारी जिम्मेदारी है, इसका निर्वहन करें। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने लखनऊ में वोट डालने के बाद कहा, मैं सभी से अपील करता हूं कि विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने के लिए शत-प्रतिशत मतदान करें। हम प्रदेश की 80 की 80 सीटें जीत रहे हैं, अमेठी और रायबरेली भी जीत रहे हैं। रायबरेली लोकसभा सीट से भाजपा के उम्मीदवार दिनेश प्रताप सिंह ने कहा, अब कोई भ्रम नहीं बचा है, अमेठी और रायबरेली में कमल खिल रहा है। लखनऊ में वोट डालने के बाद मायावती ने कहा, मैंने मतदान कर दिया है। मैं सभी मतदाताओं से अपील करती हूं कि मतदान जरूर करें। मैं सभी राजनीतिक दलों से कहना चाहती हूं कि उनको जनहित के मुद्दों को प्राथमिकता देनी चाहिए।

## पूजा भट्ट ने पिता महेश भट्ट संग डाला वोट, तब्बू फरहान, जोया, सान्या ने भी किया मतदान



**मुंबई 20 मई ।** फिल्म मेकर-एक्ट्रेस पूजा भट्ट ने सोमवार को मुंबई में अपने पिता व डायरेक्टर-प्रोड्यूसर महेश भट्ट के साथ वोट डाला। पूजा राजनीति पर मुखर रही हैं और राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा में भी शामिल हुई थीं। वोट डाले के बाद उन्होंने इंस्टाग्राम पर पिता संग एक फोटो शेयर की, जिसमें वे मतदान करने के बाद उंगली पर लगी स्याही को दिखा रहे हैं। इस फोटो को शेयर करने के बाद पूजा भट्ट ने कैप्शन में लिखा, आज सुबह 7 बजे मतदान केंद्रों पर लंबी लाइन देखकर रोमांचित हुई। अन्य बॉलीवुड मतदाताओं में तब्बू भी शामिल थीं। वह अपने ड्राइवर के साथ वोट देने आई, साथ ही सेलिब्रिटी फिल्म निर्माता (और भाई-बहन) फरहान और जोया अख्तर ने अपना वोट डालने के बाद फोटोग्राफरों को अपनी स्याही लगी उंगली दिखाई। दंगल एक्ट्रेस सान्या मल्होत्रा अंधेरी वेस्ट के ज्ञान केंद्र हाई स्कूल में नजर आई। उन्होंने ब्लैक कलर की ड्रेस पहनी हुई थी। मतदान करने के बाद उन्हें बूथ से बाहर निकलते देखा गया। सान्या ने अपनी स्याही लगी उंगली दिखाते हुए कैमरामैन को पोज दिए। लोकसभा चुनाव का पांचवां चरण सोमवार सुबह 7 बजे शुरू हुआ और शाम 6 बजे समाप्त होगा।

# मोदी-मोदी के नारे से गूंज उठा पुरी जगन्नाथ धाम, महाप्रभु का दर्शन कर प्रधानमंत्री ने शहर में किया रोड शो

**पुरी, 20 मई [एजेंसी]।**

आज पुरी जगन्नाथ धाम का बड़दांड मोदी, मोदी नारे से प्रकंपित हो गया। देश के अन्य राज्यों की तरह पुरी में भी मोदी का जादू देखने को मिला। पूरा बड़दांड जनसमुंद में तब्दील हो गया। अपने प्रिय प्रधानमंत्री को देखने के लिए आज सुबह से ही बड़दांड के दोनों ओर भारी भीड़ देखी गई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज सुबह पुरी पहुंचे और भगवान



जगन्नाथ जी के दर्शन करने के बाद एक विशाल रोड शो किए। जानकारी के मुताबिक,कल रात भुवनेश्वर पहुंचे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राजभवन में रात बिताई। आज सुबह 7 बजे वह पुरी के तलबणिया हेलीपैड पर पहुंचे। वहां से वह सीधे मंदिर गए और भगवान जगन्नाथ जी का दर्शन करने के साथ पूजा अर्चना किए। इसके बाद सुबह 8 बजे के बाद प्रधानमंत्री का रोड शो शुरू हुआ। प्रधानमंत्री को करीब से देखने के लिए लोगों का जनसैलाब बड़दांड में उमड़ आया था।

प्रधानमंत्री के साथ प्रदेश भाजपा अध्यक्ष मनमोहन समल और पुरी से भाजपा के लोकसभा उम्मीदवार डॉ. संबित पात्रा भी थे। लोगों ने चेहरे पर मोदी का मुखौटा और हाथ में मोदी की तख्ती लेकर उनका स्वागत किया। मोदी ने हाथ हिलाकर लोगों का अभिवादन भी किया और दोनों तरफ के लोगों ने मोदी मोदी के नारे लगाए। अपने प्रिय प्रधानमंत्री को देखने के लिए लोगों में काफी उत्साह था।

# नोएडा निर्माणाधीन बिल्डिंग की पांचवीं मंजिल से गिरने से महिला की मौत

**नोएडा, 20 मई [एजेंसी]।**



उत्तर प्रदेश के गौतम बुद्ध नगर जिले में नॉलेज पार्क थाना क्षेत्र स्थित गलगोटिया कॉलेज के पास एक निर्माणाधीन इमारत की पांचवीं मंजिल से नीचे गिर जाने के कारण एक महिला की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। नॉलेज पार्क थाना प्रभारी विनीत कुमार ने बताया कि गलगोटिया कॉलेज के पास एक निर्माणाधीन इमारत में कार्य कर रही अनीता (35) पांचवीं मंजिल से नीचे गिर गई जिसके बाद उसे गंभीर हालत में एक अस्पताल में भर्ती कराया गया लेकिन उसकी मौत हो गई।

उन्होंने बताया कि इस मामले में महिला के परिजनों ने इमारत के बिल्डर और ठेकेदार के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। थाना प्रभारी ने बताया कि महिला के परिजनों का आरोप है कि बिल्डर ने निर्माण के समय सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम नहीं किए थे। उन्होंने बताया कि आरोपी फरार हैं और उसकी तलाश की जा रही है।

# बिलासा देवी एयरपोर्ट में हवाई सेवा ठप, आंदोलन तेज करने की चेतावनी



**बिलासपुर, 20 मई [एजेंसी]।**

बिलासा देवी एयरपोर्ट से यात्रियों की संख्या पर्याप्त होने के बाद चालू उड़ानों को बंद करने और सप्ताह में 5 दिन कोई भी उड़ान नहीं देने के विरोध में हवाई सुविधा जन संघर्ष समिति ने आंदोलन तेज करने का निर्णय लिया है। समिति ने कहा कि हवाई सेवा देने वाली कंपनी एलायंस एयर के सामने राज्य व केंद्र सरकार बेबस दिखाई दे रही है। उल्लेखनीय है कि समिति की ओर से हवाई सेवाओं में विस्तार के लिए नियमित रूप से धरना आंदोलन किया जा रहा है। समिति ने आंदोलन को और तेज करने के लिए 23 मई को शाम 6 बजे धरनास्थल राघवेंद्र राव भवन परिसर पर नागरिकों की एक बैठक बुलाई है। समिति ने सभी सक्रिय नागरिकों और संगठनों को इसमें शामिल होने की अपील की है।

# गरियाबंद-ओडिशा बॉर्डर में मुठभेड़ गोली लगने से एक जवान घायल

**गरियाबंद, 20 मई [एजेंसी]।**



गरियाबंद सिमा से लगे ओडिशा के कोमना थाना क्षेत्र के सुनाबेड़ा अभ्यारण्य में सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुआ है। इस मुठभेड़ में क्रॉस फायरिंग में SOG जवान के गर्दन में गोली लगी है। जिससे जवान लहूलुहान हो गया। घटना के बाद आनन फानन में जवान को गरियाबंद जिला अस्पताल ले जाया गया. जहां प्राथमिक उपचार के बाद जवान को रायपुर रेफर कर दिया गया है। वहीं नक्सलियों और जवानों के बीच मुठभेड़ अभी भी जारी है। मिली जानकारी के अनुसार, गरियाबंद जिले के कांवर भौदी से लगे ओडिशा के कोमना थाना क्षेत्र के सुनाबेड़ा अभ्यारण्य के शिवनारायणपुर गांव में देर रात जवानों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुआ है।

इस दौरान नक्सलियों के क्रॉस फायरिंग में एक जवान के गले में गोली लगी है जो अभी भी फंसी हुई हैं। घायल SOG जवान का नाम प्रकाश साई बताया जा रहा है। जवान ओडिशा के नुआपाड़ा जिले के स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप का है। घायल जवान को रायपुर रेफर किया गया है. मुठभेड़ स्थल में सर्चिंग जारी है। वहीं रुक-रुक कर फायरिंग हो रही है।

# बस अचानक फ्लाईओवर से नीचे गिरी एक की मौत 35 घायल



**बरेली, 20 मई [एजेंसी]।**

बरेली में भीषण सड़क हादसा हो गया। जहां दिल्ली से सवारी लेकर बरेली की तरफ आ रही थी बस तड़के करीब 3.30 बजे फ्लाईओवर से नीचे गिर गई। जिसमें एक की मौत हो गई जबकि 35 लोग घायल हो गए। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सूचना पर डीएम रविन्द्र कुमार और एसएसपी घुले सुशील चंद्रभान ने अस्पताल पहुंचकर घायलों का हाल जाना। मामला फतेहगंज (पश्चिमी) थाना क्षेत्र का है। दरअसल, दिल्ली से बरेली की तरफ यात्रियों को लेकर आ रही बस फतेहगंज (पश्चिमी) थाना क्षेत्र के अंतर्गत बलिया पश्चिम के पास फ्लाईओवर से नीचे गिर गई। हादसे में मेरठ निवासी प्रेम किशन की मृत्यु हो गई जबकि करीब 35 लोग घायल हो गए। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

सूचना पर डीएम रविन्द्र कुमार और एसएसपी घुले सुशील चंद्रभान ने अस्पताल पहुंच कर घायलों का हाल जाना। बस को खड़ा कर लिया गया है। उसमें से सवारी का सामान निकालकर उसे पुलिस क़ब्ज़े में लेकर सुरक्षित रखा गया है। घायलों के संबंध में अलग से नाम पता की जानकारी दी जाएगी । बस दिल्ली से चली थी और चालक को झपकी आने के कारण घटना घटित हो गई। बस में बैठे सभी लोगों का रेस्क्यू कर लिया गया है। अब कोई व्यक्ति रेस्क्यू के लिए शेष नहीं है ।

## कानपुर में ट्रक और ट्राला की जोरदार भिड़ंत में लगी आग, एक की मौत, चालक झुलसा



**कानपुर ।** चकेरी थानाक्षेत्र में सोमवार सुबह चकेरी मोड़ फ्लाईओवर पर एक ट्रक अनियंत्रित होकर डिवाइडर तोड़ते हुए दूसरी लेन में चला गया। इस दौरान सामने से आ रहे ट्राले से जा भिड़ा। जिससे दोनों में भीषण आग लग गई। घटना के बाद ट्रक चालक और परिचालक मौके से भाग निकले। जबकि ट्राला परिचालक की जिंदा जलकर मौत हो गई। वहीं चालक बुरी तरह से झुलस गया। जिसे उर्सला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## केरल और तमिलनाडु में बेहद भारी बारिश का रेड अलर्ट

**इंदौर।** उत्तर भारत में भीषण गर्मी के कारण जहां लोग परेशान हैं, वहीं दक्षिण भारत में मौसम विभाग ने भारी बारिश का रेड अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग ने 23 मई तक राजस्थान, हरियाणा, पंजाब में भीषण गर्मी का अलर्ट जारी किया है, वहीं केरल और तमिलनाडु में 21 मई तक भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। वहीं दक्षिणी बांग्लादेश पर एक चक्रवाती हवाओं का क्षेत्र निर्मित हुआ है। स्काईमेट ने भी बताया है कि अगले 24 घंटों में दक्षिण-पश्चिम मानसून के दक्षिण अंडमान सागर, दक्षिण-पूर्व बंगाल की खाड़ी के कुछ हिस्सों और निकोबार द्वीप समूह में आगे बढ़ने की उम्मीद है।

## सरकार को 4 साल में 3 करोड़ का लगाया चूना, स्वास्थ्य केंद्र के अधिकारियों और कर्मचारी पर एफआईआर दर्ज



**गरियाबंद, 20 मई [एजेंसी]।**

18 मई को मैनपुर बीएमओ गजेंद्र ध्रुव की रिपोर्ट पर मैनपुर थाने के तत्कालीन बीएमओ के के नेगी, तत्कालीन जिला कोषालय अधिकारी गुरुवेंद्र साव(वर्तमान में बेमेतरा कोषालय अधिकारी), डीपी वर्मा (वर्तमान में महासमुंद कोषालय अधिकारी),के के दुबे (वर्तमान में बलौदाबाजार कोषालय अधिकारी) के अलवा लिपिक वीरेंद्र भंडारी, संतोष कोमरा, जीसी कुर्रे, भोजराम दीवान, वार्ड बॉय विनोद ध्रुव, वाहन चालक भारत नंदे, लुकेश चतुर्वेदानी के खिलाफ धोखाधड़ी के विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है. मैनपुर थाना प्रभारी शिव शंकर हुर्रा ने कार्यवाही की पुष्टि करते हुए बताया की आरोपियों के खिलाफ धारा 420,467,471,409 व 120 बी के तहत अपराध पंजीबद्ध कर उच्च अधिकारियों के मार्गदर्शन में आगे की कार्यवाही की जा रही है.

## आरक्षक की मौत, सब इंस्पेक्टर समेत 2 लोगों की हालत नाजुक

**कवर्धा 20 मई।** प्रदेश में सड़क हादसों में होने वाले मौतों का आंकड़ा लगातार बढ़ते जा रहा है। आए दिन हो रहे सड़क हादसों में कई लोगों की मौत हो रही है। वहीं इन हादसों में बड़ी संख्या में लोग गंभीर रूप से घायल भी हो रहे हैं। इसी कड़ी में सड़क हादसे में एक और व्यक्ति की मौत की खबर निकलकर सामने आई है। यह व्यक्ति पुलिस आरक्षक के पद पर पदस्थ था और ड्यूटी से वापस घर लौट रहा था। मिली जानकारी के अनुसार, कवर्धा जिले के कोतवाली थान क्षेत्र में ड्यूटी से वापस लौट रहा आरक्षक खड़े ट्रक से टकरा गया और इस हादसे में उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान आरक्षक नेतराम धुर्वे के रूप में हुई है और हादसे के समय वो पांडातराई थाना से अपनी ड्यूटी पूरी करके घर लौट रहा था। हादसे की सुचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं इस हादसे के कुछ देर बाद उसी जगह एक और हादसा हुआ। जिस ट्रक से टकराने से आरक्षक की मौत हुई थी पुलिस की एक गाड़ी भी उसी ट्रक से टकरा गई। इस हादसे में सब इंस्पेक्टर और एक आरक्षक गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हे इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया है। वहीं कोतवाली पुलिस इस मामले की जांच में जुट गई है।

डिलाईट फैशन
ट्रांसपोर्ट नगर, कोरबा
Wedding Collection
कोटसूट | शेरवानी | इंडोवेस्टर्न
ब्लेज़र | जोधपुरी | लहंगा
U.S. POLO ASSN. MUFTI KILLER LEVI'S BLACKBERRYS nostrum
प्लॉट नं. 81, टीवीएस शोरूम के बगल में, टी.पी. नगर, कोरबा (छ.ग.) मो. : 8120594099



स्किन केयर व कास्मेटोलाजी क्लिनिक
चर्म , गुप्त, कुष्ठ रोग विशेषज्ञ एवं सैक्स सलाहकार
डॉ.आर.के.अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.FDS (Lond.)F.i.a.m.s.(Ind.)
Mob.9424170010
-: परामर्श का समय :-
सुबह 10.30 से 1.30 (शाम को बंद )
डॉ.शशि अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.(U.K)
Mob.9826389894
सुविधायें:- गंजापन, मस्से हटाना, दाद खाज खुजली, एक्जीमा, एलर्जी, सड़े नाखून, कुष्ठ रोग, काले दाग, मुंहासे, बाल झड़ना, सेक्स की कमी, शीघ्र पतन, धात, मानसिक रोगों का मशीनों व अत्याधुनिक दवाओं द्वारा शीघ्र ईलाज, फोटोथेरेपी, इलेक्ट्रीशिकेशन, क्रायोसर्जरी, सायकोथेरेपी का ईलाज।
मो. 9203907928,9826389894 (क्लीनिक)
विशेष : बुधवार को 20 मरीजों का फीस माफ...
पता : एचआईजी -4 नेहरू नगर , रिकाण्डो रोड घोड़ा चौक , बुधवारी बाजार के पास, कोरबा

# कोयला खदान में निर्माणाधीन बंकर का टूटा हिस्सा ,कोई जनहानि नहीं

## निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर उठाये जा रहे सवाल

कोरबा । सार्वजनिक क्षेत्र के वृहद उपक्रम कोल् इंडिया के अधीन संचालित एसईसीएल बिलासपुर की कोरबा-पश्चिम क्षेत्र में स्थापित खुले मुहाने की गेवरा कोयला परियोजना अंतर्गत एसईसीएल की मेगा परियोजना कुसमुंडा खदान में निर्माणाधीन बंकर का एक हिस्सा अचानक टूटकर गिर गया। घटना के वक्त कर्मचारी भोजन अवकाश पर गए थे, इसलिए किसी तरह की अप्रिय घटना टल गई। इस घटना से निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर सवाल उठाये जा रहे हैं।

जानकारी के अनुसार साऊथ ईस्टर्न कोलफिल्डस लिमिटेड (एसईसीएल) की मेगा परियोजना कुसमुंडा में एक बंकर का निर्माण किया जा रहा है। ताकि कोयला को सीधे कन्वेयर बेल्ट के माध्यम से ऊपर भेजा जा सके। बंकर का निर्माण कार्य एक निजी कंपनी के द्वारा लगभग 450 करोड़ की लागत से किया जा रहा है। बताया जा रहा हैं की दोपहर लगभग 1.30 बजे बंकर के अंदर एक पुल्ली नुमा लोहे की भारी भरकम पुल्ली ऊपर से नीचे की ओर गिरने लगी और लोहे के लगे बड़े स्लैब उससे धक्का लगने पर अपने स्थान से खिसकने लगा। इसकी वजह से बंकर का एक हिस्सा बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया।

जानकारों का कहना है कि वेट बैलेंसिंग में अनियमितता होने की वजह से पुल्ली ऊपर से नीचे की ओर गिरा। घटना स्थल पर लगभग 15 मजदूर कार्य कर रहे थे, पर भोजन अवकाश होने की वजह से सभी बाहर निकल गए थे। इससे किसी तरह की जनहानि नहीं हुई, अन्यथा गंभीर दुर्घटना होने से इंकार नहीं किया जा सकता था।

घटना के बाद एसईसीएल के अधिकारी स्थल पर पहुंचे और निरीक्षण किया। उक्त निर्माण कार्य एसईसीएल के अधिकारियों की उपस्थिति में कराया जा रहा है, पर कार्य किस गुणवत्ता के आधार पर हो रहा है, इसका अंदाजा पुल्ली गिरने की घटना से लगाया जा सकता है। कोयला कर्मियों का कहना है कि एसईसीएल प्रबंधन को केवल उत्पादन से ही सरोकार रह गया है। वहीं इस घटना को लेकर विभागीय व ठेका कंपनी के अधिकारी कुछ भी कहने से बच रहे हैं।

## डिलवरी ब्वाय को लूटा अज्ञात लूटेरों ने

कोरबा । कोरबा जिले में एक कंपनी के डिलवरी ब्वाय ने उसके साथ लूटपाट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई हैं। उसने बताया हैं की उससे 37 नग पार्सल व नगदी रकम की लूट की गई है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार करतला थानान्तर्गत ग्राम औराई में विवेक कुमार चौहान (22 वर्ष) नामक युवक निवासरत है। जो एक्सप्रेस वीस्ट नामक कंपनी में कार्यरत है। उसने पुलिस को बताया की 18 मई की दोपहर लगभग 1 बजे वह ग्राम मौहारभाठा से ग्राम बेहरचुआ सामान डिलवरी करने जा रहा था। इस दौरान बाजार चौक बेहरचुआ के पास उसे एक व्यक्ति मिला। उसने उसके साथ मारपीट करते हुए उसके बैग से 37 नग पार्सल व 4462 रुपए लूटकर फरार हो गया। पीड़ित के अनुसार मौहार मोड़ के पास सामने से एक स्कूटी में दो लोग आए। उन्होंने उसकी मोटर साइकिल को ठोकर मारकर दुर्घटनाग्रस्त कर दिया। फिर वहां से भाग निकले। वह सड़क पर गिर गया। मोटर साइकिल को उठाकर वह ग्राम बेहरचुआ जा रहा था। इसी दौरान उसके साथ लूटपाट की घटना को अंजाम दिया गया। मामले में पीड़ित की रिपोर्ट पर धारा 392 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया हैं।

## वन विभाग की ठोस कार्रवाई के अभाव में छूट रहे अपराधी



कोरबा। हाथी भालू व अन्य जीवों को करंट के फंदे अथवा जहर देकर मारने की घटनाएं सामने आती है। वन्य जीव क्षति के मामले में बीते पांच वर्षों एक भी ठोस कार्रवाई नहीं हुई। चैतमा वन परिक्षेत्र के राहा जंगल में जहर देकर मारे गए तेंदुआ का गायब पंजा और दांत अभी भी वन विभाग को नहीं मिला है।

विभाग ने पता देने वाले को 10 हजार रूपये नकद इनाम देने के साथ नाम गोपनीय रखने की बात कही है।तेजी से सिमट रहे जंगल की वजह वन्य जीवों के अस्तित्व पर खतरा मंडराने लगा है।

गिनती के बचे विशेष संरक्षित जीव भी काल के गाल में समा रहे हैं। उससे बड़ी विडंबना यह वन्य जीवों के अस्तित्व के खिलवाड़ करने वालों पर ठोस कार्रवाई नहीं होती। साक्ष्य के अभाव में बच कर निकल जाते हैं।साल भर पहले मोरगा के जंगल में भालू को करंट देकर सारा गया। पसान में हाथी के बच्चे को मारकर दफना दिया गया था। साक्ष्य छिपाने के लिए ऊपर में धान के पौधे को रोप दिया गया था।इन घटनाओं वन विभाग पर्याप्त साक्ष्य जुटा नहीं पाई। अपराधी अब भी शिकंजे से बाहर हैं। इसी तरह राहा जंगल में तेंदुए की मौत के बाद मामले में जुड़े सभी अपराधियों तक वन विभाग की पहुंच होगी या नहीं, इसमें भी संशय बनी हुई है। बताना होगा कि घटना स्थल में मुआयना के बाद मृत तेंदुआ के पीठ का छाल, दो नग दांत और छह नाखून को गायब पाया गया है। तेंदुआ के मौत के मामले तीन आरोपितों उसे मारन की बात भी स्वीकार ली है। उनके घर की तालाशी और पूछताछ से तेंदुए का गायब अंग उनके पास से नहीं मिला है।वन विभाग का मानना है गांव में गुनिया बैद्य अथवा तंत्र-मंत्र से जुड़े लोगों ने घटना को अंजाम दिया होगा। वन विभाग की ओर इनामी घोषण के लिए पांपलेट भी छपवाया गया है। वन क्षेत्र में संरक्षित जीव तेंदुआ की मौत ने सुरक्षा की पोल खोल दी है। गौर करने वाली बात यह कि वन क्षेत्र में पालतू मवेशियों का वन्य जीवों से नुकसान होने पर मुआवजे का प्रविधान है, इसके बाद भी तेंदुए को जहर देकर मार डाला गया।वन विभाग की ओर से व्यापक प्रचार प्रसार के अभाव इस तरह की घटनाएं सामने आ रही हैं। बहरहाल विभाग की ओर इनाम की घोषणा किए जाने तेंदुआ के गायब अंगों के रहस्य से पर्दा उठने की संभावना बनी हुई है। तेंदुआ के विचरण क्षेत्र में सुरक्षा का व्यापक इंतजाम नहीं किया गया तो शिकारियों की सक्रियता बढ़ सकती है।

### जायरीनों का सम्मान 21 को

कोरबा। हज यात्रा में जाने वाले जायरीनों का सुन्नी मुस्लिम जमात के तरफ से इस्तेकबालिया (सम्मान समारोह) प्रोग्राम आयोजित किया गया है। प्रोग्राम 21 मई को दोपहर 12 बजे से जामा मस्जिद में किया जाएगा। हाजी अखलाक की तरफ से हर साल की तरह इस साल भी हज पर जाने वाले यात्रियों को एहराम, तस्बीह व किताब दिया जाएगा व लोगों हज की जानकारी दी जाएगी।

शब्बीर अहमद असरफी ने बताया कि साल 628 में पैगंबर मोहम्मद साहब ने अपने 1400 अनुयायियों के साथ एक यात्रा शुरू की थी। ये यात्रा ही इस्लाम की पहली तीर्थयात्रा बनी जिसे बाद में हज कहा गया। हर साल दुनियाभर से सभी मुस्लिम सऊदी अरब हज के लिए पहुंचते हैं।

## अवैध कब्जाधारी नही छोड़ रहे जर्जर आवास को

कोरबा। सीएसईबी कॉलोनी पूर्व के एनएफ और सुपर एफ श्रेणी के मकानों की स्थिति बदहाल हो चुकी है कि अब मरम्मत के योग्य भी नहीं बचे है। लिहाजा ऐसे मकानों को अब खाली कराकर तोड़ने का निर्णय विभाग ने लिया है, जिसकी अनुमति भी मुख्यालय से मिल चुकी है।

पहले चरण में प्रबंधन द्वारा एनएफ के मकानों को तोड़ने का फैसला लिया है। मकानों को तोड़ने के लिए नोटिस जारी किया गया था। 15 दिन की मोहलत दी गई थी। उसके बाद भी अब तक कब्जाधारियों ने मकान खाली नहीं किया है। अब सूचना बोर्ड भी लगा दिए गए हैं। लगातार मकानों का छज्जा गिर रहा है। मकानों के पिलर इतने कमजोर हो गए हैं, कई जगह से दरारें सामने आ चुके हैं। एक ब्लॉक में 12-12 मकान है। दबाव अधिक बनने पर मकान गिर सकते हैं। खुद के कर्मियों को सीएसईबी प्रबंधन द्वारा दूसरी जगह शिफ्ट कर दिया गया था। 15 से 20 परिवार ऐसे थे जिनको बड़े मकान दिए गए हैं, जबकि कब्जाधारियों को उसी जगह पर छोड़ दिया गया है। कब्जाधारी मकान खाली करने को राजी नहीं हैं।

### .कर्मचारियों को नहीं दे रहे भविष्य निधि का लाभ

कोरबा। शहर में सिटी बस संचालक मनमानी तरीके से सिटी बस चला रहे हैं। केंद्र सरकार की महती योजना का लाभ यात्रियों को नहीं मिल पा रहा है तो दूसरी ओर सिटी बस के चालक-परिचालक को पीएफ का लाभ नहीं मिल रहा है। यह आरोप नगर के सामाजिक कार्यकर्ता विनोद सिन्हा ने लगाया है। सिन्हा ने आरोप लगाया है कि सिटी बस सेवा गरीब, मजदूर, विद्यार्थियों के लिए शुरू की गई थी। निगम के अधिकारियों ने पूर्व में ठेकेदार से किए एग्रीमेंट में सिटी बस रिपेयरिंग का उल्लेख जानबूझकर नहीं किया। इस कारण बसों के मरम्मत का समय आया तो बहाना बनाकर सिटी बस चलाने से इंकार कर दिया गया।

## ग्राहक बनकर शराब की खरीदी करने पहुंचे जवान, 66 लीटर कच्ची शराब और 600 किलो महुआ लहान बरामद



कोरबा । जिले में अवैध शराब मामले में कार्रवाई करते हुए आबकारी विभाग ने दो महिला सहित पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों के निशानदेही पर 66 लीटर कच्ची शराब जब्त की गई। इसके अलावा 600 किलो महुआ लहान बरामद हुआ, जिसे शराब बनाने के लिए छिपा कर रखा गया था। इस मामले में आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए आरोपियों को जेल भेज दिया गया है।

जानकारी के मुताबिक, शराब सहित मादक पदार्थों के अवैध कारोबार पर रोक लगाने आबकारी की संयुक्त टीम कटघोरा थाना के वॉर्ड क्रमांक 10 धंवईपुर पहुंची। जहां आबकारी के एक जवान ने ग्राहक बनकर शराब की खरीदी की। इस अवैध कारोबार में संलिप्त लोग जवान को पहचान नहीं सके। उनके शराब थमाते ही पूरी टीम ने मौके पर दबिश दे दी। टीम ने शराब बनाने और बेचने वाले चमार राय, फूलसिंह धनुहार, दिलहरण और सीमा बाई को पकड़ लिया। इसी तरह ग्राम पोंड़ी निवासी रामचरण और नीरा बाई टीम के हत्थे चढ़ गए। उनकी निशानदेही पर 66 लीटर कच्ची शराब जब्त किया गया, जबकि 600 लीटर महुआ लहान बरामद किया गया।बता दें कि कलेक्टर अजीत वसंत ने शराब सहित मादक पदार्थों के अवैध कारोबार पर रोक लगाने के निर्देश जारी किए हैं। उनके निर्देश को अमलीजामा पहनाने सहायक आयुक्त आबकारी सौरभ बख्शी ने सहायक जिला आबकारी अधिकारी रमेश कुमार अग्रवाल के नेतृत्व में संयुक्त टीम गठित किया था।

## इस बैंक में पैसा नही भोजन मिलते है जरूरत मंदो को

कोरबा। अभी तक आपने ऐसे बैंकों के बारे में सुना होगा जिसमें पैसों का लेनदेन किया जाता है, आज हम कोरबा शहर में संचालित एक ऐसे बैंक के बारे में बताने जा रहे हैं, जो जरूरतमंदों को दो समय भोजन प्रदान करता है, शहर के मुख्य मार्गों के किनारे, जलपान गृह के सामने कभी भिक्षुक व मानसिक रूप से अस्वस्थ लोग भोजन मांगते या फिर कूड़ेदान में खाने का सामान ढूंढ़ते नजर आते थे। लेकिन शहर में अब ऐसा नजर नहीं आता है, क्योंकि ऐसे जरूरतमंदों तक दिन के दोनों समय भोजन उपलब्ध कराने शहर में रोटी बैंक सेवा चल रही है।दरअसल विगत कई वर्षों से शहर में मानव सेवा से जुड़ी संस्था छत्तीसगढ़ हेल्प वेलफेयर सोसायटी रोटी बैंक सेवा चला रही है। संस्था के कार्यकर्ता दोनों समय सेवा कार्य में लगे रहते हैं।

कोसाबाड़ी क्षेत्र से लेकर सीतामढ़ी क्षेत्र तक के लगभग 80 परिवार भी इनके साथ जुड़े हुए हैं। ऐसे परिवार की महिलाएं हर दिन दोनों समय स्वभाव से रोटी, चावल व सब्जी बनाकर संस्था को जरूरतमंदों तक पहुंचाने के लिए देती हैं। दोनों समय का भोजन एकत्रित कर कार्यकर्ता संस्था के सेवा आश्रम, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, साप्ताहिक बाजार के शेड सहित अन्य जगह पर मौजूद जरूरतमंदों तक पहुंचते हैं।छत्तीसगढ़ हेल्प वेलफेयर सोसायटी के प्रमुख राणा मुखर्जी, शहर में सड़क किनारे बेसहारा, भिक्षुक व मानसिक रूप से अस्वस्थ लोगों को भोजन तलाशते देख रोटी बैंक सेवा की शुरुआत लगभग 5 साल पहले की थी। तब से अब तक नियमित रूप से दोनों समय दानदाताओं के घर से कार्यकर्ताओं द्वारा भोजन संग्रहण कर जरूरतमंदों तक पहुंचाया जा रहा है। वर्तमान में प्रतिदिन लगभग 200 लोग लाभांवित हो रहे हैं।

## जिले के रेंजर्स ने किया प्रदेश का प्रतिनिधित्व

कोरबा, । भारत स्काउट्स एवं गाइड्स, राष्ट्रीय मुख्यालय, नई दिल्ली द्वारा केटी (नीलगिरी), तमिलनाडू स्थित नीलकुरिंजी कैम्पिंग एवं ट्रेनिंग सेंटर में 11 से 14 मई तक आयोजित नेशनल यूथ मीट 2024 में कोरबा जिले की तीन रेंजर्स ने छत्तीसगढ़ राज्य का प्रतिनिधित्व किया।

भारत स्काउट्स एवं गाइड्स, छत्तीसगढ़ के राज्य मुख्य आयुक्त डा. सोमनाथ यादव के मार्गदर्शन एवं राज्य सचिव श्री कैलाश सोनी के दिशा- निर्देश पर कोरबा जिले की रेंजर्स खुशबू पांडेय, दीपाली मरकाम, सुहाना महंत ने नेशनल यूथ मीट 2024 में भागीदारी की। तीनों रेंजर्स रेंजर लीडर बसंती पटेल के नेतृत्व में केटी पहुंची थीं। नेशनल यूथ मीट 2024 में भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के मध्य, दक्षिणी और पश्चिमी क्षेत्र के 10 राज्यों से 90 रोवर्स, रेंजर्स पहुंचे थे। नेशनल यूथ मीट का उद्देश्य युवाओं की क्षमताओं में वृद्धि करते हुए उनमें लीडरशिप का भाव उत्पन्न करना था। मीट के दौरा युवाओं को अपनी रुचियों को व्यक्त करने एक मंच प्रदान किया गया। मीट के दौरान समूह चर्चा, वाद-विवाद, संगोष्ठी, युवा कार्यक्रम के बारे में नवीन विचार, युवाओं की आवश्यकताएं, नई वर्दी का सुझाव, दक्षता पदक, युवा संसद, एथनिक शो, सेमाफोर फ्लैग सिग्नलिंग प्रणाली, फोटोग्राफी कंपीटिशन ट्रेकिंग सहित अन्य रोचक एवं ज्ञानवर्धक गतिविधियों का आयोजन हुआ। कोरबा की रेंजर्स ने प्रत्येक गविधियों में सक्रिय भागीदारी करते हुए छत्तीसगढ़ की कला-संस्कृति की छाप छोड़ी।

## कटघोरा-सुतर्रा मार्ग पर अज्ञात वाहन ने बाइक सवार को रौंदा



कोरबा। कोरबा जिले के कटघोरा-सुतर्रा मार्ग पर एक अज्ञात वाहन ने बाइक सवार युवक को रौंद दिया। हादसे में युवक की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गयी। मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया हैं। जानकारी के अनुसार थाना कटघोरा के ग्राम मोहनपुर निवासी रात ड्यूटी खत्म कर घर पहुंच सुतर्रा में एक मित्र के विवाह कार्यक्रम शमिल होने बाद अपने दोस्तों को कटघोरा छोड़कर घर वापस लौट रहा था तभी रात्रि लगभग 1 बजे वह ग्राम सुतर्रा के पास नर्सरी स्थित नाले पर पहुंची तभी एक अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी। उसकी बाइक नाले में गिर गई। हादसे में नरेश गंभीर रूप से घायल हो गया। डायल 112 की सूचना पर पुलिस वहा पहुंच उसको तुरंत समुदाय स्वास्थ्य केंद्र कटघोरा लाया गया। जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मार्ग पंचनामा कर परिवार को सौंप दिया वहीं पुलिस मामले में अपराध पंजीबद्ध कर हादसा करने वाले वाहन की तलाश कर रही है।

### रेत की कमी होगी दूर, तीन नई खदानों को मिली मंजूरी

कोरबा। शहरी क्षेत्र में जल्द ही मकान निर्माण कराने के लिए हो रही रेत की किल्लत दूर होने के साथ ही रेत की कीमत भी घट जाएगी क्योंकि बंद हो चुके गेरवाघाट खदान की जगह गेरवाघाट-2 खदान शुरू होने वाली है। खदान के लिए भेजे गए प्रस्ताव पर स्वीकृति के बाद आगे की प्रक्रिया पूर्ण हो चुकी थी। अंतिम चरण में पर्यावरणीय स्वीकृति बाकी थी जो अब मिल गई।इसके साथ ही गेरवाघाट-2 खदान खोलने की आगे की तैयारी शुरू हो गई है। उक्त खदान चारपारा कोहड़िया के पास खुलेगी। अब तक नगर निगम की सीमा क्षेत्र में एकमात्र खदान बरबसपुर के समीप भिलाईखुर्द में कुछ माह पहले खुली। लेकिन शहर से दूरी अधिक होने के कारण रेत की कीमत में ज्यादा अंतर नहीं आया।

## एचटीपीपी की इकाई में आई खराबी गिरा बिजली का उत्पादन

कोरबा । छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी के दर्री-पश्चिम में स्थित एचटीपीपी संयंत्र की इकाइयों में व्यवधान का क्रम लगातार बना हुआ है। संयंत्र की इकाई क्रमांक एक ट्रिप हो गई। एक इकाई से विद्युत उत्पादन बाधित रहने के कारण संयंत्र के उत्पादन में गिरावट आई है। हालांकि मौसम में नरमी के कारण बिजली की मांग में भी कमी है।

जानकारी के अनुसार एचटीपीपी संयंत्र में एक ओर कोयला की कमी बनी हुई है तो दूसरी ओर इकाइयों में ट्रिपिंग का सिलसिला भी लगातार बना हुआ है। संयंत्र में 210 गुणा 4 व 500 मेगावाट की एक इकाई से कुल 1340 मेगावाट बिजली का उत्पादन होता है। 210 मेगावाट की इकाई क्रमांक एक से उत्पादन बंद रहा। जिसके कारण संयंत्र से लगभग 840 मेगावाट बिजली का उत्पादन हो रहा था। पिक लोड अवर में बिजली की डिमांड लगभग 4500 मेगावाट बनी रही।

राज्य उत्पादन कंपनी के संयंत्रों से लगभग 2100 मेगावाट बिजली बन रही थी। जिसमें मड़वा से 847, डीएसपीएम से 365 व बांगो से 40 मेगावाट बीजले का उत्पादन हो रहा था। सेंट्रल सेक्टर से लगभग 2300 मेगावाट बिजली ड्राल की जा रही थी। मांग कम रहने के कारण अंडर ड्राल की स्थिति रही। गर्मी बढ़ने के दौरान बिजली की डिमांड 5000 मेगावाट के पार पहुंच रही थी, लेकिन मौसम में नरमी के कारण इसमें लगभग 500 मेगावाट की गिरावट 24 घंटे के भीतर दर्ज की गई। गर्मी बढ़ने पर पुनः मांग में इजाफा होने की उम्मीद जताई जा रही हैं।

## यात्रियों को लेकर जा रही एक निजी कंपनी की बस अनियंत्रित हो जा चढ़ी डिवाइडर पर

### बाल-बाल बचे यात्री

कोरबा । जानकारी के अनुसार एक निजी कंपनी की बस अंबिकापुर से रायपुर यात्रियों को लेकर जा रही थी। बस अचानक अनियंत्रित हो ग्राम पाली के पास एक डिवाइडर में चढ़ गई। सुखद पहलु यह रहा की इस बस में सवार 40 से अधिक यात्री सही सलामत हैं। बताया जा रहा हैं की अंबिकापुर से रायपुर यात्रियों को लेकर निकली बस ग्राम पाली के पास डिवाइडर में चढ़ गई। यात्रियों को दूसरी बस की मदद से रवाना किया गया। वहीं बस को क्रेन की मदद से बाहर निकाली गयी। हादसे की वजह बस का सामने का टायर फटना बताया जा रहा हैं।



## मोदी की लहर नहीं, महंगाई-बेरोजगारी ने देश भर में बढ़ाया है आक्रोश अमेठी में सुरेन्द्र प्रताप ने संभाली प्रचार की कमान



**कोरबा।** जिला कांग्रेस कमेटी कोरबा ग्रामीण के अध्यक्ष सुरेन्द्र प्रताप जायसवाल के द्वारा प्रदेश कांग्रेस से प्राप्त निर्देशों के पालन में अमेठी में चुनाव प्रचार हेतु कार्य शुरू कर दिया गया है। अमेठी लोकसभा केंद्रीय चुनाव कार्यालय गौरीगंज में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय मीडिया प्रमुख पवन खेड़ा एवं उनकी टीम के साथ सुरेन्द्र प्रताप जायसवाल से मुलाकात किया।

मुलाकात के बाद श्री जायसवाल ने प्रत्याशी केएल शर्मा के लिए चुनाव प्रचार-प्रसार का मोर्चा संभाल लिया है।

सुरेन्द्र प्रताप जायसवाल ने कहा है कि अमेठी लोकसभा सहित पूरे उत्तरप्रदेश में और देशभर में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की लहर पहले जैसे नहीं है। लोग महंगाई और बेरोजगारी से त्रस्त हैं। उत्तर प्रदेश देश का सबसे बड़ा राज्य है और यहां के युवाओं की प्राथमिकता भारत माता की सेवा करना है और वे इसके लिए सेना की नौकरी करना चाहते हैं लेकिन केंद्र की भाजपा सरकार ने अग्निवीर योजना ला कर ऐसे सेवाभावी युवाओं के जज्बात से खेला है और भविष्य से खिलवाड़ किया है। ऐसे बेरोजगार और नाराज युवा मन बना चुके हैं कि इस चुनाव में परिवर्तन लाना है। जिस तरह से धर्म को राजनीति में वोट के लिए उपयोग किया जा रहा है, उससे भी एक बड़ा वर्ग नाराज है और चुनाव में यह नाराजगी भाजपा के विरुद्ध वोट और कांग्रेस गठबंधन को समर्थन के रूप में देखने को मिलेगा। श्री जायसवाल ने कहा कि इस बार केन्द्र में प्रधानमंत्री मोदी की सरकार बनने और 400 पार का नारा पूरा नहीं होने वाला।

संतोष राठौर ने कहा कि भाजपा राज में महंगाई से हर परिवार त्रस्त है। महिलाएं ज्यादा परेशान हैं जिन पर घर चलाने की जिम्मेदारी होती है। पूरे घर का बजट इस महंगाई ने बिगाड़ कर रख दिया है, जिसका दुष्प्रभाव सामान्य जन-जीवन पर पड़ रहा है। महंगाई देश भर में बड़ा मुद्दा है लेकिन भाजपा के लोग इस पर बात करने से बच रहे हैं।उल्लेखनीय है कि कोरबा लोकसभा में चुनाव के दौरान ग्रामीण जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र प्रताप जायसवाल ने काफी सक्रिय होकर संगठनात्मक तौर पर कार्य किया, जिसका पूरा-पूरा लाभ पार्टी प्रत्याशी ज्योत्सना चरणदास महंत के पक्ष में माहौल के रूप में मिला है। संगठन में उनके अनुभव को देखते हुए अमेठी में चुनाव प्रचार-प्रसार के लिए जिम्मेदारी सौंपी गई है जिसमें वे पूरे-तन-मन से जुटे हैं।

## खनन प्रहरी एप से रूकेगी खदानों में कोयला चोरी

कोरबा। कोयला खदानों व आसपास अवैध कोयला उत्खनन बड़ी समस्या बन गया है। इससे निपटने के लिए खनन प्रहरी एप लांच किया गया था। पहले केवल विभागीय अधिकारी कर्मचारियों को ही इसके उपयोग का अधिकार था। एप में बदलाव करते हुए सिटीजन मूवमेंट की शुरुआत की गई है। अब आम लोग भी मोबाइल पर फोटो खींचकर मौके के लोकेशन के साथ एप के माध्यम से शिकायत कर सकेंगे। कोल इंडिया से संबद्ध कोल कंपनियों की खदानों की सुरक्षा के लिए सुरक्षा बल तैनात किए गए हैं। बात साऊथ कोल ईस्टर्न कोल फिल्ड लिमिटेड (एसईसीएल) की करें तो यहां केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के अलावा त्रिपुरा स्टेट रायफल्स के जवान तैनात किए गए हैं। साथ ही विभागीय सुरक्षाकर्मियों का भी अमला है। इसके बावजूद कबाड़ व डीजल की चोरी की घटना के साथ कोयला का अवैध उत्खनन हो रहा। मोटी रकम खर्च के बाद भी खदान क्षेत्र से होने वाली चोरी की घटनाएं कोयला मंत्रालय के लिए चिंतनीय है। इसके लिए कोयला मंत्रालय ने प्रहरी मोबाइल एप लांच किया था। अब इसे तकनीकी रूप से अपग्रेड करते हुए सिटीजन मूवमेंट से जोड़ दिया गया। पहले यह व्यवस्था कि विभागीय कर्मी ही एप से चोरी की घटनाओं की शिकायत कर सकते थे। अब आमलोग भी अवैध उत्खनन की शिकायत इस एप के माध्यम से कर सकेंगे। इसकी सीधी निगरानी कोयला मंत्रालय से की जा रही है।शिकायत मिलते ही लोकेशन के आधार पर कोल इंडिया के अधिकारी व सुरक्षा बल मौके पर पहुंचेगी। आवश्यकता पडने पर मामले को पुलिस को सौंपी जाएगी।

केंद्र सरकार ने संसाधन की रक्षा करने लोगों को आगे आने के लिए प्रेरित किया है। कहा गया है कि यह एक सशक्त माध्यम है। आइए हम सब मिलकर संसाधन की रक्षा करें और बदलाव की उत्प्रेरक बने। इसके समस्या का अभिनव समाधान निकलेगा।

मंत्री जोशी ने लोगों से आह्वान किया है कि खनन प्रहरी एप को डाउनलोड करें और लोकेशन के साथ तस्वीरें और वीडियो टैग कर जिम्मेदार नागरिक होने का परिचय दें।खनन गतिविधियों की रिपोर्ट करने के लिए खनन प्रहरी एक मोबाइल एप है। यह एक वेब एप कोयला खनन निगरानी और प्रबंधन प्रणाली है। किसी भी अवैध कोयला खनन घटना की भू-टैग की गई तस्वीरों के साथ घटना के स्थान टैकस्ट मैसेज से भेजा जा सकता है। जिसके आधार पर कार्रवाई की जानी है।

यह नागरिकों को कोयला चोरी और अवैध खनन के खिलाफ लड़ाई में शामिल होने का अधिकार व अवसर देता है। इस पहल से अवैध खनन और कोयला चोरी पर अंकश लगने की उम्मीद है।

## बिजली बनाकर ग्रिड में भेज सकेंगे उपभोक्ता

कोरबा द्य कोरबा जिले में सूर्य घर स्कीम से छतों में सोलर सिस्टम लगाने पर अलग से बिजली मीटर लगाने की जरूरत नहीं होगी। स्मार्ट मीटर से ही बिजली की रीडिंग हो सकेगी। अलग से नेट मीटर लगाने का झंझट नहीं रहेगा। खास बात यह है कि ग्रिड कनेक्टेड होने से खपत से ज्यादा बिजली पैदा होने पर इसे ग्रिड पर भेज सकेंगे। जितनी बिजली ग्रिड में भेजेंगे आगे इसका लाभ उपभोक्ताओं को बिजली बिल में मिलेगा। उपभोक्ताओं को बिजली बिल में राहत दी जाएगी।

विद्युत वितरण विभाग द्वारा जल्द ही स्मार्ट मीटर लगाए जाएंगे। इसके लिए कोरबा जिले में लगभग एक लाख 25 हजार उपभोक्ताओं के घर स्मार्ट मीटर लगाया जाना है। इस मीटर को मोबाइल की तरह रिचार्ज कर सकेंगे। जितना रिचार्ज होगा उतनी बिजली का उपयोग कर सकेंगे। मार्च माह से मीटर लगना शुरू होना था, लेकिन लोकसभा चुनाव के कारण इसमें देरी हुई है। अब दूसरी ओर घरेलू उपभोक्ताओं के लिए सूर्य घर स्कीम भी लांच कर दी गई है। इसका लाभ लेकर उपभोक्ता बिजली बिल में राहत पा सकेंगे। बिजली उपभोक्ताओं को शासन द्वारा कई तरह की रियायत मिलती रही है। उपभोक्ताओं को 400 यूनिट बिजली खपत पर आधी राशि छूट का लाभ दिया जा रहा है। घर की छतों पर सोलर प्लांट लगाने पर और भी राहत उपभोक्ताओं को मिल सकेगी। सोलर प्लांट से जितनी बिजली का उत्पादन होगा उसकी मीटर की व्यवस्था स्मार्ट मीटर से कनेक्ट रहेगी। अलग से नेट मीटर लगाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। अधिकारियों की मानें तो यह सोलर सिस्टम ग्रिड कनेक्टेड होगा। खपत से अधिक बिजली बनने की स्थिति में बिजली ग्रिड में भेज दी जाएगी। जितनी यूनिट बिजली भेजी जाएगी उसका आंकलन कर उपभोक्ताओं को बिजली बिल में राहत दी जाएगी। विद्युत वितरण विभाग द्वारा लाइन लास और विद्युत चोरी रोकने कवायद की जाती रही है।

# अवैध तरीके से ब्लास्टिंग, मनमानी पर नहीं लग रही रोक

**जांजगीर चाम्पा।** जिले के बलौदा विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत बिरगहनी (च) में क्रेशर मशीन संचालित करने वाले खादान मालिकों के द्वारा अवैध रूप से ब्लास्टिंग की जा रही है। बिना अनुमति की जा रही अवैध ब्लास्टिंग के चलते खनिज संपदा को नुकसान हो रहा है। पिछले कई सालों से की जा रही ब्लास्टिंग किए जाने के मामले की अनदेखी खनिज विभाग सहित प्रशासन द्वारा की जा रही है। जिला प्रशासन की ओर से ब्लास्टिंग की कोई अनुमति नहीं दी गई है। इसके बाद भी क्रेशर संचालक बेरोकटोक बारूद से पत्थर उत्खनन कर क्षेत्र में आबाद गति से पत्थर उत्खनन कर रहे हैं। ऐसे में बिरगहनी गांव की कई हेक्टेयर भूमि में गहरी खाई बन गई हैं। अवैध विस्फोट और खनन का यह जिले में पहला मामला नहीं है, पूरे क्षेत्र में इसी तरह की गतिविधियां संचालित हो रही हैं। जांजगीर मुख्य मार्ग के किनारे बोल्डर निकालने के चक्कर में क्रेशर संचालक द्वारा रोड के किनारे बड़ा गड्ढा कर दिया गया है। बरसात के दिनों में पानी भर जाने पर कभी भी हादसा हो सकता है। रोड से सटे अवैध खदान में दिनदहाड़े हो रही ब्लास्टिंग से आसपास के लोग डरे सहमे हैं। राहगीरों को आने जाने में परेशानियों का सामना करना पड़ता है। पिछले कुछ दिनों में दुर्घटनाएं भी हो चुकी हैं। मुख्य मार्ग के किनारे क्रेशर संचालकों के द्वारा ब्लास्टिंग कर बनाए गए अवैध गड्ढे बरसात में तालाब में तब्दील हो जाते हैं, जिससे दुर्घटनाओं का अंदेशा बना रहता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि क्रेशर संचालक द्वारा अपने लाभ के चक्कर में दूसरों की जान से खिलवाड़ करने में आमादा है। क्रेशर घनी आबादी वाले रहवासी क्षेत्र से लगभग 300 मीटर पर स्थित है। ब्लास्टिंग से पत्थर के टुकड़े उछलकर आसपास स्थित घरों में गिरते हैं। साथ ही जोरदार धमाकों से लोगों के मकान में दरार आ रही हैं।

जांजगीर चांपा के खनन क्षेत्रों में वैध और अवैध खदान संचालक अत्यधिक गहराई तक खनन कर चुके हैं। वर्तमान में भी इन खदानों के तल में विस्फोटक लगाकर ब्लास्टिंग की जा रही है, जिससे भूजल स्तर भी गड़बड़ा रहा है। सरपंच सहित अन्य ग्रामीणों ने बताया कि बिरगहनी देवरहा में ब्लास्टिंग किए जाने से गांव का जल स्तर नीचे खिसक गया है और पानी की समस्या बढ़ने लगी है। बिरगाहनी गांव से लगे हसदेव नदी का जल स्तर आए दिन घटता जा रहा है जिससे ग्रामीणों को आए वाले समय में बहुत से दिक्कतों का सामना करना पा सकता है नदी भी सुख रही है यदि समय रहते अवैध का नियमों की कर रहे अनदेखी ग्राम पंचायत बिरगहनी चांपा मुख्य मार्ग के करीब है। ऐसे में लोगों का आना जाना दिन भर लगा रहता है। यहां बिना सूचना के किसी भी समय ब्लास्टिंग शुरू कर दी जाती है, जिससे जान माल का खतरा बना रहता है। घनी आबादी वाले क्षेत्र में हो रहे धमाकों से लोग डरे सहमे जीवन यापन करने मजबूर हैं। राहगीर भी इस रास्ते में आने जाने से कतराने लगे हैं, लेकिन अन्य कोई मार्ग न होने से उन्हें इसी रास्ते से आना जाना पड़ता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि क्षेत्र में बड़े पैमाने पर अवैध खनन किया जा रहा है। अवैध रूप से खनन करने वाले रसूखदारों पर शासन प्रशासन कार्रवाई नहीं कर रहा है।

बिरगहनी में संचालित क्रेशर के लिए भूमि लीज पर लेकर अवैध ढंग से ब्लास्टिंग करने वाले ठेकेदार के रसूख के चलते प्रशासन सहित खनिज विभाग भी कार्रवाई करने से बच रहा है। ऐसे में विभागीय अधिकारी कार्रवाई का रटा रटाया जवाब देते हैं, लेकिन कार्रवाई के नाम पर कुछ नहीं होता। जांजगीर चांपा के जिन ग्रामीणों की निजी भूमि को क्रेशर मशीन के लिए लीज पर लिया गया हैं। वहां आसपास अपने मवेशी चराने जाने वाले ग्रामीण भी हादसों से बेखबर है।

**ग्राम पंचायत बिरगहनी के जनप्रतिनिधि इतवारी पटेल जनपद**

सदस्य बलौदा का कहना है कि गांव में खदान मालिकों के द्वारा हैवी ब्लास्टिंग किया जा रहा है जिस पर खनिज अधिकारी और खान सुरक्षा अधिकारी के द्वारा खदान मालिकों को संरक्षण दिया जाता है 14/05/2024 को लेटर जारी हुआ खदान में ब्लास्टिंग पुर्ण बंद की जाती है उसके उपरान्त लगातार। आज तीसरा रोज हो गया है बोर ब्लास्टिंग खदान मालिकों के द्वारा किया जा रहा है और मैं शिकायत करता हु कई मालिकों के द्वारा मुझे धमकी भी दी गई है ऐसा शिकायत क्यों करते हो।

**अधिकारी क्या कहते है**

श्रीनिवास चिर्रा खान सुरक्षा उप निर्देशक रायगढ़ क्षेत्र, हमारे द्वारा ग्राम बिरगहनी में जा कर पाया गया की गांव के बहुत से खदानों में बोर ब्लास्टिंग का मामला सामने आया है और वहा के बहुत से मकानों में डरारे भी आ गई है और कई लोगो के मकानों में बोल्डर पत्थर आके गिरा है इस पर हमारे द्वारा बिरगहनी के 6 खदानों और देवरहा के 2 खदानों के ब्लास्टिंग को पूर्णत: रोक लगा दी गई है।

## सटोरिया अंकित अग्रवाल उर्फ कालू सेट्टी गिरफ्तार

**सक्ती।** सक्ती की पुलिस अधीक्षिका शर्मा को विगत कई दिनों से सक्ती जिले में ऑनलाईन सट्टा खिलाये जाने की जानकारी मिल रही थी इसी के परिपेक्ष्य में जिले के सभी थाना व चौकी प्रभारियों को अपने अपने थाना,चौकी क्षेत्र में मुखबिर तैनात कर सट्टे पर कड़ी कार्यवाही करने संबंधी निर्देश दिए गए थे। इसी कड़ी में सक्ती थाना प्रभारी विवेक शर्मा को मुखबिर से सूचना मिली कि सक्ती के राम मंदिर के पास अपने घर में अंकित अग्रवाल उर्फ कालू सेट्टी मोबाईल के जरिये क्रिकेट सट्टे पर आन लाइन दांव लगवा कर रुपये पैसे का लेनदेन कर रहा है। मुखबिर की इस सूचना से पुलिस अधिक्षिका महोदया को अवगत करा कर मार्गदर्शन लिया गया। सक्ती के राम मंदिर के पास अंकित अग्रवाल उर्फ कालू सेट्टी के घर पर रेड

समक्ष गिरफ्तार किया गया। अंकित अग्रवाल अपने घर में, मोबाइल फोन के माध्यम से लाइन लेकर, और, बांटकर सट्टा खिला रहा था। माय डायमंड एक्सचेंज नमक से इसके सट्टा खिलाने की जानकारी मिली है। इसके अलावा लाइन लेकर सट्टा भी इसके द्वारा खिलाया जा रहा था पुलिस ने अंकित से सट्टा खिलाने में इस्तेमाल किए जाने वाले 04 मोबाईल फोन, कॉपी पेन जप्त किए हैं। एसडीओपी सक्ति श्री मनीष कुंवर ने बताया की, लाइन और कि बारे में आगे विवेचना के दौरान जानकारी ली जाएगी।

इसके अतरिक्त बैंक अकाउंट और यूपीआई से हुए ट्रांजैक्शन की भी डिटेल निकलकर आगे इस प्रकरण की जांच की जायेगी। आरोपी अंकित अग्रवाल को छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम 07 के तहत गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जा है। पुलिस अधीक्षिका अंकिता शर्मा जो ने चेतावनी दी है, की सक्ति में सट्टा खिलाने वाले अपनी उल्टी गिनती शुरू कर दें। यदि किसी को सट्टे में सालिप्त पाया जायेगा, तो उसके विरुद्ध कठोर से कठोर कारवाई की जायेगी। इस करवाई में। थाना सक्ति के 2 मथुरा प्रसाद माननेवार, एचसी फलेंद्र मनहर, आर. श्याम गाबेल सेत्राम पटेल, रूपा लहरे, गोपेश्वर, प्रेम पटेल, घनश्याम टंडन, ब्रजसेन लहरे शैलेंद्र देवांगन, नामदेव का विशेष योगदान रहा।

## अर्जुन सिंह क्षत्री एवं पूनम सिंह क्षत्री डाक्टरेट की मानद उपाधि से सम्मानित

**जांजगीर चांपा।** छत्तीसगढ़ तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ के



जिलाध्यक्ष अर्जुन सिंह क्षत्री एवं उनकी धर्मपत्नी श्रीमती पूनम सिंह क्षत्री को शिक्षा एवं समाज सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने के लिए मैजिक एंड आर्ट यूनिवर्सिटी फरीदाबाद एनसीआर नई दिल्ली द्वारा डॉक्टरेट की मानद उपाधि से सम्मानित करते हुए मैजिक बुक ऑफ रिकार्ड में नाम दर्ज किया गया। उल्लेखनीय है कि अर्जुन सिंह क्षत्री एवं श्रीमती पूनम सिंह क्षत्री लम्बे समय से शिक्षा के साथ साथ समाज सेवा के क्षेत्र में भी अपना अमूल्य योगदान देते आ रहा है। उनकी इस उपलब्धि पर छोटेलाल सिंह घनश्याम देवांगन रामपाल सिंह दीपक सिंह प्रशांत शर्मा अनूप सिंह लक्ष्मी करियारे लोकपाल सिंह अशोक सिंह माता रतन रविंद्र सिंह माधव सिंह बृजपाल कुंभकार मनोज सिंह चंदेल योगेश बनर्जी ऋषि सिंह रश्मि सिंह रजत सिंह ख्याति सिंह कान्हा सिंह पार्थ सिंह राहुल सिंह सुबोध सिंह पवन सिंह चंदेल विनय खरसन विनोद सिंह खरसन संतोष बैंस सहित इष्ट मित्रों एवं नगर के गणमान्य नागरिकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी है।

## गुंडा सूची में राहुल का नाम दर्ज करने प्रशासन का आदेश

**जांजगीर-चांपा।** सक्ती जिले मे विगत् 03 माह से अपराधिक प्रवृत्ति के लोगो पर लगातार ताबडतोड कार्यवाही की जा रही है। 2.05.2024 को राहुल अग्रवाल पिता स्व. संतोष अग्रवाल उम्र 35 वर्ष साकिन सक्ती, पुराना स्टेट बैंक के पीछे, को आईपीएल क्रिकेट मैच मे ऑनलाइन सट्टा विकल्प के आरोप मे धारा 07 छ.ग. जुआ अधिनियम 2022 मे गिरफ्तार कर रिमाण्ड पर जेल भेजा गया है।

जिले में पदस्थ पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा द्वारा सभी थाना प्रभारियो को आदतन्बदमाश का रिकार्ड छाटकर उनको निगरानी बदमाश / गुण्डा बदमाश की श्रेणी में लाने हेतु निर्देशित किया गया था। थाना प्रभारी सक्ती निरीक्षक विवेक शर्मा द्वारा राहुल अग्रवाल के विरूद्ध पूर्व मे दर्ज बलवा, गाली गलौच, मारपीट, छेडछाड, धमकी देने तथा जुआ खेलने के मामले दर्ज होने के आधार पर प्रतिवेदन पुलिस अधीक्षक को प्रेषित किया गया है। जिसमे राहुल अग्रवाल को आदतन अपराधी होना बताया गया है। सामाजिक शांति बनाये रखने एवं राहुल अग्रवाल पर लगातार निगाह रखकर इसकी आपराधिक प्रवृत्ति पर अंकुश लगाने के उद्येश्य से पुलिस अधीक्षक सुश्री अंकिता शर्मा द्वारा राहुल अग्रवाल को गुण्डा सूची में लाने के विधिवत आदेश जारी किये है तथा अनु. अधि. पुलिस सक्ती एवं थाना प्रभारी सक्ती को इसकी गतिविधियो पर निगाह रखने हेतु निर्देश जारी किया गया है। ताकि भविष्य में इसकी आपराधिक प्रवृत्ति पर नियंत्रण लगाया जा सके। जिले मे आपराधिक प्रवृत्ति के व्यक्तियो पर प्रभावशाली नियंत्रण रखने के उद्येश्य से पुलिस अधीक्षक सुश्री अंकिता शर्मा द्वारा अभी तक 24 आदतन अपराधियो के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही करते हुए उनका नाम गुण्डा बदमाश सूची में लाया गया है।

## केवल फार्मासिस्ट ही दे सकेंगे दवा, दूसरे का नहीं होगा विकल्प

**जांजगीर- चांपा।** अब मेडिकल स्टोर में पंजीकृत फार्मासिस्ट की जगह ग्राहकों को दवाईयां देने के लिए गैर पंजीकृत लोगों को रखना दुकान संचालकों को भारी पड़ेगा। वहीं ऐसे व्यक्ति को अब तीन माह तक की सजा या दो लाख रूपए जुर्माना या दोनों एक साथ होने का प्रविधान किया गया है।ज्यादातर मेडिकल स्टोर्स में डाक्टरों की पर्ची के आधार पर दवा देने के लिए 10 वीं, 12 वीं पास या फेल लोगों को रखा जाता है। मेडिकल स्टोर्स भी किसी दूसरे के नाम से चलता है और उसका संचालन कोई और करता है। इसके लिए अब फार्मेसी काउंसिल आफ इंडिया सख्त हुआ है।

अब गैर पंजीकृत व्यक्ति द्वारा दवा दुकान में दवाई वितरण करने पर उसे तीन माह तक की सजा या दो लाख रूपए का जुर्माना देना होगा या दोनों एक साथ देना पड़ सकता है। पहले यह सजा 6 माह तक थी या जुर्माना 1 हजार रूपए या दोनों था मगर इस नियम से गैर पंजीकृत लोग ज्यादा भयभीत नहीं थे। कानून व न्याय मंत्रालय भारत शासन द्वारा राजपत्र में प्रकाशित जन विश्वास ( प्रविधान में संशोधन ) अधिनियम 2023 के क्रम संख्या 9 , पृष्ट संख्या 13, संशोधन क्रमांक डी के अनुसार फार्मेसी एक्ट 1948 की धारा 42 के दंड प्रविधान में संशोधन किया है। इस आशय की सूचना छत्तीसगढ़ स्टेट फार्मेसी काउंसिल रायपुर ने सभी मेडिकल स्टोर्स संचालक, फार्मेसी और अस्पतालों को दी है।

## निश्चित समय पर निराकृत किये जाए मामले, बैठक में कलेक्टर ने राजस्व अधिकारियों को दिए आवश्यक निर्देश

**जांजगीर चांपा।** कलेक्टर आकाश छिकारा ने कलेक्टोरेट कार्यालय के सभाकक्ष में राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। कलेक्टर ने बैठक में कहा कि राजस्व के समय-सीमा से बाहर वाले प्रकरणों को प्राथमिकता के साथ निराकरण करें। कलेक्टर ने राजस्व के लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए राजस्व अधिकारियों एसडीएम, तहसीलदार, नायब तहसीलदारों को प्राप्त आवेदनों का त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कैम्प लगाकर लंबित प्रकरणों का निराकरण करने कहा।

कलेक्टर ने राजस्व के दर्ज, निराकृत और लंबित प्रकरणों की समीक्षा के साथ ही तहसील वार अविवादित नामांतरण, लंबित अविवादित नामांतरण, भू राजस्व के बकाया के रूप में वसूली न्यायालय में लंबित विवादित नामांतरण, विवादित खाता विभाजन, लंबित अविवादित खाता विभाजन, सीमांकन, व्यपवर्तन के लंबित प्रकरणों, भूमि त्रुटि सुधार के कार्य, शासकीय भूमि का अतिक्रमण को रोकने और जुर्माना वसूली एवं विभिन्न स्तरों पर प्राप्त आवेदनों पर कार्यवाही की विस्तृत समीक्षा की। इसके साथ ही उन्होंने अवैध रेत परिवहन पर कार्रवाई, नवीन जांजगीर तहसील भवन निर्माण प्रगति, पहली कक्षा में भर्ती होने वाले छात्र-छात्राओं का जाति प्रमाण पत्र बनाने, स्वास्थ्य केन्द्र, छात्रावास, आंगनबाड़ी केन्द्र के निरीक्षण करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्री एस पी वैद्य, अपर कलेक्टर श्रीमती लवीना पांडेय, सर्व एसडीएम, तहसीलदार, नायब तहसीलदार सहित संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।



## श्रीमती मीणा गोस्वामी का निधन

**जांजगीर।** नगर के प्रतिष्ठित नागरिक वरिष्ठ अधिवक्ता भास्कर गिरी गोस्वामी की पत्नी, पालिका परिषद जांजगीर नैला के उपाध्यक्ष एवम नगर मंडल जांजगीर नैला के अध्यक्ष आशुतोष गोस्वामी की माता श्रीमती मीना गोस्वामी पूर्व पार्षद का निधन आज हो गया है।



जिनका अंतिम संस्कार आज 20 मई 2024 को दोपहर 12 बजे रानीपार तालाब मुक्तिधाम में किया गया। उनके शव को उनके जेष्ठ पुत्र आशुतोष गोस्वामी द्वारा मुखाग्नि दी गई। इस अंतिम यात्रा में शहर के विभिन्न समाज के लोगों के अलावा अनेक राजनीतिक दलों के राजनेता उपस्थित थे। स्वर्गीय मीणा गोस्वामी के निधन से शोक की लहर व्याप्त है। वह अपने पीछे दो पुत्र सहित नाती पोतों से भरा परिवार छोड़ गई है।

## सुंदर लाल राठौर दिवंगत

**जांजगीर।** नगर के सम्माननीय नागरिक सुंदर लाल राठौर का 18 मई 2024 को स्वर्गवास हो गया ।शनिवार सुबह 10 बजे रानी तालाब समीप स्थित मुक्तिधाम में उनके अंतिम संस्कार किया गया। जहां बहुत संख्या में लोग उपस्थित थे। उनके शव को उनके पुत्र द्वारा मुखाग्नि दिया गया। स्वर्गीय सुंदर राठौर लोक निर्माण विभाग में वर्षों सेवा देकर सेवानिवृत हुए थे जिन्होंने अपनी लंबी आयु जी कर लोगों के बीच अपनी अलग पहचान बनाए थे। वे सत्येंद्र राठौर के पिताजी थे।

## तीन दिवसीय बालवाड़ी प्रशिक्षण का समापन

**पामगढ़।** विकास खण्ड स्तरीय तीन दिवसीय बालवाड़ी प्रशिक्षण शिविर शासकीय महामाया उच्चतर नमाध्यमिक विद्यालय पामगढ़ में हुआ। समापन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बीईओ मोहनलाल कौशिक एवं अध्यक्षता ठुअणिमा मिश्रा परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग थे।बालवाड़ी प्रशिक्षण के तीसरे दिन 62 प्राथमिक शिक्षक व आंगनवाड़ी कार्यकर्ता शामिल हुईं। प्रशिक्षण की शुरुआत सुगमकर्ता निधिलता जायसवाल द्वारा पहले दिन की समीक्षा के साथ हु। बीईओ ने कहा कि अगले क्रम में आंगन व बालवाड़ी में बच्चों को फ्री प्ले के मौके व उसके महत्व पर चर्चा के लिए टीएलएमसामाग्री के साथ प्रतिभागियों को अपने रुचि के कोने में शामिल होने के मौके दिए गए। उनके विभिन्न कोनों में उपलब्ध टीएलएम,सामाग्री पर अनुभवों को शामिल करते हुये चर्चा की गई। अगले क्रम में सर्किल टाइम की भी गतिविधि के माध्यम चर्चा की गई, जिसमें कई शिक्षकों ने इसके महत्व के संबंध में बच्चों के साथ साझा करते हुए जुड़ने के अनुभवों को साझा किया।अंत में प्रतिभागियों के तीन दिन के अनुभवों व सुझावों शामिल किया गया। विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी मोहन लाल कौशिक द्वारा प्रतिभागियों को बालवाड़ी से संदर्भित मार्गदर्शन व आगे बच्चों के साथ कार्य के लिए प्रोत्साहित किया गया। एवं कौशिक द्वारा सुगमकर्ताओं व सभी प्रशिक्षर्थियों को उपहार भेंट में दिया गया।इस प्रशिक्षण में निधि जायसवाल ,घनश्याम दिनकर प्रशिक्षक एवं अजीम प्रेम जी फाउंडेशन से नवनीत वर्मा की सहभागिता सराहनीय रही है।

## सेल्फी लेने पुल की रेलिंग में बैठी युवती नदी में गिरी, घायल

**जांजगीर - चांपा।** ग्राम भडोरा में बोरई नदी के ऊपर बने पुल की रेलिंग में सेल्फी लेने के लिए बैठी युवती अचानक नदी में जा गिरी। हादसे में युवती के सिर पर गंभीर चोट आई है। उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। घटना मालखरौदा थाना क्षेत्र की है।जानकारी के अनुसार पिरदा गांव की रहने वाली युवती रानी सिदार अपनी सहेली के घर घूमने भडोरा गई हुई थी। दोनो सहेली शाम करीबन 5 बजे घूमने के लिए बोरई नदी के ऊपर बने पुल के पास पहुंची थी। इस बीच युवती रानी सिदार सेल्फी लेने के लिए पुल के रैलिंग में बैठकर सेल्फी ले रही थी कि अचानक उसका बैलेंस बिगड़ा और वह नदी के नीचे गिर गई। गिरने से युवती के सिर में गंभीर रूप चोट आई है।

## रखरखाव का अभाव, हॉस्पिटल का गार्डन बदहाल

**सक्ती।** सक्ती शासकीय हॉस्पिटल में बना गार्डन रखरखाव के अभाव में आंसू बहा रहा है। बहुत दिनों से शासकीय हॉस्पिटल में मरीजों के घूमने व छोटे बच्चों का मनोरंजन करने के लिये एक गार्डन की मांग की थी, जिसमें तत्कालिन सांसद करूणा शुक्ला ने गार्डन के लिए शुरुआत में 5 लाख रुपए दिये थे। उस गार्डन का नाम पं.दीनदयाल उपाध्याय गार्डन रखा गया था। गार्डन बना तब तो देख रेख होती थी, परंतु चंद महीने बाद वह गार्डन देख रेख के अभाव में आंसू बहा रहा है। उस गार्डन शुरुआत में पेड़-पौधे, फूल की क्यारियां के साथ बच्चों के मनोरंजन के लिए कई प्रकार के झूले लगाए थे।

वह वे टूट फूट कर अलग हो गए हैं। साल में एक बार भाजपाइयों को पं.दीनदयाल की जयंती के दिन ही उसकी याद आती है। दीनदयाल जयंती मनाने के पूर्व कुछ स्थानों की साफ सफाई कराई जाती है। उसके बाद यह भी भूल जाते है और वह जैसा का तैसा रह जाता है। अगर गार्डन का रखरखाव अच्छे से किया जाए तो वहां आने वाले मरीज व उनके साथ आए बच्चों को घूमने व बैठने के लिए अच्छा स्थान मिल जाएगा, जो मरीज दूर दराज से आते हैं। उनके साथ उनके परिवार वाले रहते हैं, जो समय बिताने के लिए जगह तलाशते रहते हैं। अगर गार्डन पुन: पहले जैसा हो जाए तो बाहर से आए मरीज व परिवार वालों का समय यहां बीतेगा और उन्हें अच्छा महसूस होगा।

## महिला का गर्भपात कराकर मृत्यु कारित करने वाले मुख्य आरोपी को झारखण्ड से किया गिफ्तार

**जांजगीर-चांपा।** महिला का गर्भपात कराकर मृत्यु कारित करने वाले मुख्य आरोपी को पामगढ़ पुलिस ने झारखण्ड से गिफ्तार किया है।

मृतिका की मृत्यु सिम्स अस्पताल बिलासपुर में 06 अप्रैल 2024 को हो जाने से थाना सिटी कोतवाली बिलासपुर द्वारा मर्ग जांच पंचनामा कर मर्ग सदर की डायरी थाना पामगढ़ को प्राप्त होने पर जांच कार्यवाही में लिया गया।

जांच दौरान मृतिका के परिजन, प्रत्यक्ष दर्शी गवाह का कथन, घटना स्थल का निरीक्षण साक्ष्य संकलन पर पाया गया कि मृतिका गर्भवती होने पर मृतिका के ब्वॉयफ्रेंड दिलीप कश्यप एवं उसके अन्य साथी द्वारा 06 अप्रैल 2024 को मृतिका के सहमति के बिना गर्भपात कराने के लिए ससहा के झोलाछाप डाक्टर कन्हैया लाल साहू के क्लीनिक में ले जाकर मृतिका के जान को जोखिम में डालकर गलत तरीके से गर्भपात कराए। जिससे मृतिका को अत्यधिक ब्लडिंग होने लगा जिसे उपचार हेतु सिम्स अस्पताल लेकर गए जहां डॉक्टर द्वारा चेक करने पर मौत हो जाना बताए।

मामले की गंभीरता को देखते हुए आरोपियों की पतासाजी के लिए पुलिस अधीक्षक जांजगीर चांपा के निर्देशन में तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में की जा रही थी आरोपी द्वारा घटना घटित कर फरार हो गये थे। पूर्व में 05 मई 24 को गर्भपात करने वाले झोलाछाप डॉक्टर कन्हैया लाल साकिन खजरी थाना बिलाईगढ़ को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा जा चुका है।



मामले का मुख्य आरोपी दिलीप कश्यप घटना कारित कर फरार थे। जिसकी पुलिस द्वारा लगातार पातासाजी की जा रही थी। आरोपी दिलीप कश्यप झारखण्ड के धनबाद में चोरी छिपे रह रहा है की सूचना पर टीम गठित कर रवाना होकर झारखण्ड धनबाद गए, सायबर सेल से तकनीकी सहायता लेकर आरोपी को घेराबंदी कर पकड़ा गया। जिसे हिरासत में लेकर थाना पामगढ़ लाया गया, पूछताछ करने पर अपना जुर्म स्विकार किया जो समक्ष गवाहों के मेमोरण्डम कथन लिया गया है। आरोपी दिलीप कश्यप का कृत्य अपराध सदर धारा का घटित करना सबूत पाए जाने से विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज गया है।

मामले में एक अन्य आरोपी फरार है जिसकी लगातार पतासाजी की जा रही है, विवेचना जारी है।

उपरोक्त कार्यवाही में उपनिरी. मनोहर लाल सिन्हा थाना प्रभारी पामगढ़, सउनि रामदुलार साहू, आर. रोहित साहू, आर.भुनेश्वर साहू एवं थाना पामगढ़ स्टाफ एवं साईबर सेल विवेक सिंह का सराहनीय योगदान रहा।

## झारखंड राज्य का विकास भाजपा सरकार में संभव:अमर सुल्तानिया

**चांपा।** झारखंड राज्य के जमशेदपुर संसदीय क्षेत्र में भाजपा प्रत्याशी विद्युत वरण महतो को विजय बनाने के लिए छग प्रवासी टोली के घाटशिला विधानसभा के प्रभारी अमर सुल्तानिया लगातार जनसंपर्क अभियान में हिस्सा ले रहे हैं। इस दौरान वो मंडल से शक्ति केंद्र तथा बूथ स्तर तक जाकर कार्यकर्ताओं से प्रत्यक्ष रूबरू हो रहें है।

अमर सुल्तानिया ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र की अटल बिहारी बाजपेई जी सरकार ने झारखंड राज्य की जनभावना को ध्यान में रखते हुए राज्य का निर्माण किया था,आज प्रदेश भ्रष्टाचार में डूबी भ्रष्ट नेतृत्व के हाथो मे राज्य की कमान है,रोज नए भ्रष्टाचार के कारनामे उजागर हो रहे रहे है,और



मुख्यमंत्री से लेकर मंत्री तक जेल की सफर तय कर रहे है,राज्य में भाजपा की सरकार ही विकास को गति देती है जबकि गठबंधन सरकारें उसे बेपटरी कर देती हैं. इससे राज्य में तरक्की का पहिया थम गया है।

यहां की जनता ने अब मन बना लिया है कि भष्ट्राचार से मुक्ति के लिये इस सरकार को मुक्ति देना होगा,ओर भाजपा के मजबूत हाथों में राज्य की कमान सौंपनी है। घाटशिला विधानसभा के प्रभारी अमर सुल्तानिया ने गालूडीह मंडल,घाटशिला मंडल, मुसाबनी मंडल,जादूगोरा मंडल,धालमुंगड़ मंडल,गोराबंदा मंडल में बैठक कर कार्यकर्ताओं को पूरे उमंग और उत्साह से चुनावी समर में उतरने का आह्वान किया,कार्यकर्ताओ ने भी पूरे उत्साह के साथ राज्य की निरंकुश सरकार को हटाने का संकल्प लिया। इस दौरान विधानसभा के सहप्रभारी हितेश यादव, जिला भाजपा उपाध्यक्ष मनोज प्रताप सिंह,जिला मंत्री हिमांशु मिश्रा,अजय शाह, अमरदीप शर्मा, तुसार पत्रों, रविंद्रनाथ, विमल कालिंदी, दिलीप पुरन,राहुल पांडेय भाजपा के सभी मोर्चों के अध्यक्ष एवम बूथ अध्यक्ष सहित सभी भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## कांजी हाऊस की जगह पर सड़क बनाने से हुई मवेशियों की मौत

**सक्ती।** नगर पालिका में वर्तमान में कांजी हाऊस नहीं है। ऐसे में आवारा व घरेलू पशु का नगर के सड़कों बीचो बीच बैठने व खड़े रहने से उस सड़क से आने वाले चार चक्का, बाइक और पैदल चलने वालों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सड़क पर कभी भी 20 से 30 मवेशी सड़कों के बीचो बीच खड़े व बैठे आसानी से दिख जा रहे हैं। इसके चलते राहगीरों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। पहले एक कांजी हाउस वार्ड नं. 4 में हुआ करता था, जहां कांजी हाउस था, वहां इन दिनों विशाल दुकानें बन गई है।

यह दुकानें कैसे बनी और कांजी हाउस क्यों हटाया गया यह आम आदमियों के समक्ष से परे है। इसका खामियाजा अब नागरिक भुगत रहे है। जब कांजी हाउस हुआ करता था तब आवारा पशुओं को पकड़कर उसमें रखा जाता था। कांजी हाउस में पकड़े जाने के डर से पशुपालक घर में ही गाय को बांध कर रखते थे, क्योंकि कांजी हाउस में जाने के बाद नगर पालिका द्वारा विधिवत राशि लेकर गाय को दिया जाता था, लेकिन अब कांजी हाउस नहीं होने से घर में पालने वाले गाय को घर में ना रखने के बजाय बाहर छोड़ देते हैं।

कई बार नागरिकों ने नगर पालिका को पशुओं से होने वाले परेशानियों को अवगत कराया व कांजी हाउस बनाने की मांग की, परंतु इस कांजी हाउस की ओर ध्यान नहीं गया और आज तक कांजी हाउस नहीं बना। सड़क पर मवेशियों का झुंड।

## अनमोल वचन......

**अन्याय में सहयोग देना अन्याय के ही समान है!**

## चिंता का सबब

*उत्तराखंड में चार धाम यात्रा में पिछले साल की तुलना में दोगुने यात्री पहुंच रहे हैं। यह वाकई हर किसी के लिए चिंता का सबब है। बेतहाशा बढ़ती भीड़ और अव्यवस्था के चलते बारह यात्रियों की मौत हो चुकी है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी चुनावी रैली छोड़ कर देहरादून पहुंचे। बैठक लेकर उन्होंने निर्देश दिया कि 31मई तक सभी वीआईपी दर्शन पर रोक रहेगी। यात्रा मार्गों पर भीषण जाम है, तीर्थयात्री घंटों-घंटों उनमें फंसे हैं। कुछ की तबीयत बहुत बिगड़ गयी। कुछ श्रद्धालुओं को आधे रास्ते से ही वापस लौटना पड़ा। जबरदस्त भीड़ को देखते हुए पंजीकरण दो दिन के लिए रोके जा चुके हैं। यह सच है कि वीआईपी कल्चर के चलते होने वाली व्यवस्थागत गड़बड़ियों को नजरंदाज किया जाता है। खासकर इस तरह के बड़े तीर्थस्थानों तथा धार्मिक स्थलों में खास लोगों के लिए की जाने वाली व्यवस्था में पुलिस व सुरक्षा बलों की बड़ी संख्या जुटती है। ऐसे में आम नागरिक की तरफ से ध्यान हट जाता है। खुद को अलग और विशेष मानने वाला बड़ा वर्ग है अपने यहां, जो अपनी समृद्धि और ताकत का प्रयोग कर अपनी विशिष्टता दर्शाने में संकोच नहीं करता। निस्संदेह खास लोगों की आस्था का भी ख्याल रखा जाना जरूरी है। मगर यह आम आदमी की असुविधा या अपमान के साथ न किया जाए। यह कहना अतिश्योक्ति होगा कि लोगों की आस्था का विस्तार तेजी से हो रहा है। अब लगभग सभी बड़े व प्रसिद्ध तीर्थस्थलों में बेतहाशा भीड़ लगने लगी है। रही बात पंजीकरण की तो अभी भी देश में ऐसा तबका है, जिसे नियमों/ पाबंदियों के विषय में जानकारी नहीं मिल पाती।*

*उनके पास इतना धन भी नहीं होता कि वे एकाध दिन कहीं रुक कर इंतजार कर सकें। दो सौ मीटर के दायरे में फोन के प्रयोग जैसी पाबंदी श्रद्धालुओं के लिए बड़ी समस्या साबित हो सकती है। तस्वीरें निकालने या रील बनाने वालों से निपटने के और रास्ते खोजने की जरूरत है। नियमों व पाबंदियों की आड़ में आस्था पर प्रहार से बचने के प्रयास होने चाहिए। चार धाम जैसी यात्रा करने वाले वर्षों से इसकी तैयारी करते हैं, तब निकलते हैं। वे आम भक्त हों या खास, उनकी भावनाओं की अनदेखी करने को कतई उचित नहीं कहा जा सकता।*

## राशिफल

**मेष राशिः** आज पूरे दिन भाग्य आपके साथ रहेगा। आज जल्दबाजी में कोई भी फैसला न लें, न ही दूसरों के मामले में हस्तक्षेप करें। संतान की कोई नकारात्मक गतिविधि का पता चलने से आपकी चिंता बढ़ सकती है जिसे आप किसी की सहायता से सुलझा लेंगे।

**वृष राशिः** आज का दिन आपके लिये अच्छे परिणाम लाने वाला होगा। आज घरवालों के साथ अच्छा समय बिताने को मिलेगा, जिससे परिवार का माहौल खुशनुमा रहेगा। आज किसी समस्या को हल करने में आपका सहयोग सकारात्मक रहेगा। आस-पड़ोस की सामाजिक गतिविधियों में आपका वर्चस्व रहेगा।

**मिथुन राशिः** आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। छात्रों को आज बहुत अधिक मेहनत की जरूरत है। आज आप लेनदेन में सावधानी रखेंगे तो आने वाली किसी समस्या से बच जाएंगे। इस राशि के लोगों को रोजगार के नए अवसर मिलेंगे, जिससे उनके अंदर आत्मविश्वास बढ़ेगा। आज आपकी कोई ऑफिशियल यात्रा संभव है। आपका कोई दोस्त आपको फोन कर के आपको सरप्राइज देगा।

**कर्क राशिः** आज आपका दिन बढ़िया रहने वाला है। आज कार्यों को सुचारु रूप से करने के लिए ज्यादा मेहनत करनी होगी। हालांकि सही समय पर उचित निर्णय लेने से आपकी काफी समस्याएं हल भी हो जाएंगी। इस समय कोई नया कार्य शुरू न करें, आज के कामों को ही व्यवस्थित करने पर ध्यान देंगे। ऑफिस में आपका प्रभाव बना रहेगा।

**सिंह राशिः** आज आपका दिन शानदार रहेगा। परिवार वालों का हंसी-मजाक भरा बरताव घर के वातावरण को खुशनुमा बनाये रखेगा। साथ ही आपकी निजी लाइफ बेहतर रहेगी। जो लोग आपके विरोधी हैं आज ऑफिस में के काम में आपकी राय मागेंगे। सरकारी विभाग के लोगों की नौकरी में सुखद परिवर्तन आयेगा, ट्रांसफर से जुड़ी अच्छी खबर मिलेगी।

**कन्या राशिः** आज का दिन मिली-जुली प्रतिक्रिया देने वाला रहेगा। आज आपका खुशनुमा दिन बीतेगा। मित्रों के साथ मनोरंजन का मौका मिलेगा। अगर प्रॉपर्टी के सेल-परचेज संबंधी कोई योजना बन रही है तो उस पर तुरंत अमल करें। लाभदायक योग बन रहे हैं। घर पर ही परिवारवालों के साथ धार्मिक कार्यों का आयोजन करेंगें।

**तुला राशिः** आज आपका दिन खुशियों से भरा रहेगा। आज स्टूडेंट अपनी योग्यता से कोई महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल कर सकते हैं। पारिवारिक और व्यवसायिक गतिविधियों में संतुलन बना रहेगा। किसी भी काम को जल्दी पूरा करने की सोच रखें। अगर किसी विशेष संस्था से जुड़े हैं तो उससे संबंधित गतिविधियों में अपना योगदान अवश्य दें, इससे आपको सुकून मिलेगा और मान-सम्मान भी बढ़ेगा।

**वृश्चिक राशिः** आज का दिन आपके लिए शुभ रहने वाला है। किसी काम के लिए आज आप कई बड़े फैसले ले सकते हैं। कारोबार में कुछ न कुछ चुनौतियां रहेंगी, हालांकि आपकी मेहनत के अनुरूप उचित परिणाम भी मिलेंगे। रुकी हुई पेमेंट मिलने से आर्थिक पक्ष मजबूत होगा।

**धनु राशिः** आज आपको किसी अपने से कोई अच्छी खबर मिलने के योग बने हुए हैं। आज आप अपने घरेलू कार्यों को पूरा करने में सफल होंगे। आज व्यक्तिगत काम के समय आप घबराने की बजाय परिस्थितियों का समाधान ढूंढने का प्रयास करेंगे, इसमें आप सफल भी होंगे। परिवारि के किसी सदस्य को बढ़ी उपलब्धि मिलने से घर में उत्सव का माहौल रहेगा।

**मकर राशिः** आज का दिन आपके लिए बढ़िया रहने वाला है। घर के कामों में आपका पैसा लग सकता है। कोई भी फैसला शांति से लें। आज बातचीत करने में मधुरता रखें तो आपके लिए अच्छा है। आज आपके किसी उच्चअधिकारी से मुलाकात के योग बन रहे हैं। आपका कोई नया काम शुरू हो सकता है। अगर किसी वजह से उलझन बनी हुयी है तो आपको मानसिक सुकून मिलेगा। आज व्यक्तिगत व्यस्तता के बाद भी कुछ समय वरिष्ठ और अनुभवी लोगों के साथ बिताएंगे।

**कुंभ राशिः** आज का दिन आपके लिये खास होने वाला है। आपके व्यवहार में विनम्रता और लचीलापन ही आपको सम्मान दिलाएगा। आज पारिवारिक माहौल अच्छा रहेगा। आज किसी समारोह में आपकी जिम्मेदारी बढ़ सकती है जिसे आप बखूबी पूरा भी करेंगे। धैर्य से काम लेंगे तो काम में आसानी होगी।

**मीन राशिः** आज आपका दिन मिला-जुला रहने वाला है। आज किसी काम के सिलसिले में दौड़-धूप करेंगे। इस राशि के छात्र जो तैयारी कर रहे हैं, उन्हें सफलता जल्द मिलेगी। आज दान पुण्य के कार्यों में आपकी रूचि बढ़ेगी।

# अपराधों का केंद्र

//भगवती प्र. डोभाल//

**आए दिन तिहाड़ जेल, जो देश ही नहीं एशिया की भी सबसे बड़ी जेल है, बंदी सुधार-गृह की बजाय अपराधों का केंद्र बन गई है। होना तो यह चाहिए था कि अपराधी कैदियों, जिन्हें सजा देकर कारावास में भेजा जाता है, में सुधार नजर आते पर वह नहीं हो रहा है।**

हाल में विचाराधीन कैदियों के बीच तू-तू, मैं-मैं में एक कैदी को जान गंवानी पड़ी। एक अफगान नागरिक कैदी ने पैने हथियार से घोंपकर उसकी जान ले ली। दीपक सोनी शकूरपुर का रहने वाला था जिसे जेल नंबर 3 में रखा गया था, जहां वह सेवक के रूप में था। वहीं 44 वर्षीय अब्दुल बशीर अखोंडजादा अफगान नागरिक है। इस कैदी को लाजपतनगर में 2019 में हत्या के प्रयास में गिरफ्तार किया गया था। सोनी डकैती डालने के इल्जाम में कैद था। इस घटना ने तिहाड़ जेल के हालात सामने ला दिए हैं। तिहाड़ सेंट्रल जेल दिल्ली के तीन जेल परिसरों में से एक है। अन्य दो जेल परिसर रोहणी और मंडोली में हैं। तिहाड़ जेल में नौ केंद्रीय जेल हैं। इस जेल परिसर की स्थापना 1957 में हुई थी। चार सौ एकड़ में फैले इस जेल कैम्पस की स्थापना सेंट्रल जेल के रूप में हुई थी। इसमें 5200 कैदी रह सकते हैं। तिहाड़ जेल दिल्ली सरकार के अधीन आती है। आश्चर्य की बात यह है कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, जो जेल के कर्ताधर्ता हैं, भी अब तिहाड़ जेल के कैदी बने हुए हैं। 1984 की शुरुआत में तिहाड़ जेल में अतिरिक्त सुविधाओं का निर्माण किया गया। आईपीएस अधिकारी किरण बेदी, जब जेल महानिरीक्षक थीं, ने तिहाड़ जेल में सुधार किए थे। उन्होंने इसका नाम बदल कर तिहाड़ आश्रम रखा था। 2022 की एक रिपोर्ट के अनुसार तिहाड़ जेल की कुल क्षमता 10 हजार 26 कैदियों की है, जबकि फिलहाल इसमें 18 हजार से ज्यादा कैदी बंद हैं। क्षमता से अधिक कैदी होने के कारण यहां खूंखार अपराधियों का साम्राज्य बन गया है। दिल्ली के मुख्यमंत्री एवं आम आदमी पार्टी के संयोजक जेल नंबर दो में बंद हैं। यह भी दिलचस्प है, केजरीवाल ने खुद अपनी सरकार होते हुए भी कोई मंत्रालय अपने पास नहीं रखा था; लेकिन अब तिहाड़ में एक साथ दो विभाग संभाल रहे हैं-मुख्यमंत्री और कैदी का। तिहाड़ के लिए भी यह एक नया समीकरण है, क्योंकि कैदी होने के अलावा संवैधानिक तौर पर केजरीवाल दिल्ली में चुने हुए मुख्यमंत्री भी हैं और बिना त्यागपत्र दिए अंदर गए हैं। अब तिहाड़ जेल में नेताओं का आना-जाना लगा रहता है; इस कारण ऐसे मेहमानों के लिए खास इंतजाम भी हैं। खास यानी ऐसी जगह, जो चोर-उचक्कों, छंटे हुए बदमाशों या खूंखार गैंगस्टर या आतंकवादियों के सेल या ठिकानों से अलग है, इन खास जगहों में तिहाड़ का जेल नंबर एक, दो और चार विशेष हैं। दिल्ली सरकार के एक अन्य मंत्री रहे सत्येंद्र जैन भी जेल नंबर सात में बंद हैं। आप के सांसद संजय सिंह को जेल नंबर पांच में रखा गया था, जिनको कोर्ट ने जमानत दे दी है। केजरीवाल सुबह सवेरे उठने वालों में से हैं, इसलिए उन्हें जेल मैन्युअल से कोई ज्यादा दिक्कत नहीं है। जेल में कैदियों की डेली रूटीन सुबह सूरज निकलने के साथ शुरू हो जाती है। सुबह छह बजे हर कैदी को उठना होता है। रोजमर्रा के काम निपटाने के बाद सुबह साढ़े छह से सात बजे के बीच उन्हें नाश्ता दिया जाता है, जिसमें आम तौर पर ब्रेड और चाय होती है। दोपहर का खाना 11 बजे दिया जाता है। दाल, सब्जी, पांच रोटी या चावल, दोपहर तीन बजे शाम की चाय मिलती है। इसके बाद तीन से पांच बजे तक जेल में कैदियों को खेलने और टहलने का मौका मिलता है। शाम सात बजे रात का खाना। खाने में दाल, सब्जी, पांच रोटी या चावल दिया जाता है। मेडिकल रिपोर्ट और डॉक्टरी सलाह पर कैदियों को उनकी सेहत के अनुसार अलग से खाना मिलता है, इनमें घर का खाना भी होता है। हाल के दौर में तिहाड़ की जो असली तस्वीर हम देख रहे हैं, वो काफी बदली-बदली सी है। अब तिहाड़ का सच कुछ और ही है। अब तमाम कायदे-कानूनों पर अकूत धन का बोलबाला दिखाई पड़ रहा है। वीआईपी और रसूख वाले लोगों के सामने जेल की दीवारें छोटी पड़ रही हैं। 1957 आजादी के ठीक दस साल बाद दिल्ली के पश्चिमी छोर पर तिहाड़ गांव में जेल की इमारत बन कर तैयार हुई। इसके बनने के बाद नौ साल तक जेल को चलाने की जिम्मेदारी पंजाब के पास रही।

आगे चलकर इसकी कमान दिल्ली के हवाले कर दी गई। 1984 तक जेल का काफी विस्तार हो चुका था। जेल चाणक्यपुरी से सात किलोमीटर दूर दिल्ली के तिहाड़ गांव के करीब बनाई गई थी, इसी कारण शुरू से ही इसका नाम तिहाड़ से जुड़ा रहा। इस जेल का नाम तब पूरी दुनिया में चर्चा में आया, जब इंस्पेक्टर जनरल ऑफ प्रिजन्स के तौर पर देश की पहली महिला आईपीएस किरण बेदी ने अपने सकारात्मक प्रयासों से इसका नाम तिहाड़ जेल से बदल कर आश्रम कर दिया था। हालांकि आज सकारात्मक प्रयास जेल में नहीं दिख रहे।

## गजब का सामंजस्य

लोकसभा चुनाव में मोदी-योगी की जोड़ी को खूब पसंद किया जा रहा है। इतना ही नहीं, दोनों नेता अपने-अपने भाषण में एक-दूसरे का खूब बखान भी कर रहे हैं। गजब का सामंजस्य चल रहा है। इसके पीछे की पूरी पटकथा लिखी हुई है।यह सभी जानते हैं कि दिल्ली तक पहुंचने में उत्तर प्रदेश का योगदान सबसे महत्त्वपूर्ण और सर्वाधिक होता है। इस नाते लोक सभा चुनाव 2024 की पहली सभा मोदी ने उत्तर प्रदेश में ही की और शायद अंतिम सभा भी उत्तर प्रदेश में ही होगी। चुनावी सभा के दौरान मोदी योगी की प्रशंसा करते नजर आ रहे हैं, और उससे भी अधिक योगी मोदी की प्रशंसा करते नजर आ रहे हैं। यह सामंजस्य देखने को खूब मिल रहा है। चुनावी सभा, रोड शो, रैली में जहां दोनों पहुंच रहे हैं, वहां विशाल भीड़ इकटठा हो रही है।मोदी बार-बार कहते नजर आ रहे हैं कि योगी जी मेरे भी मुख्यमंत्री हैं। इन्होंने माफिया राज को खत्म कर दिया है और योगी यह कहते नजर आ रहे हैं कि मोदी की गारंटी, अबकी बार 400 पार।

यहां तक ही नहीं, जब राम मंदिर की बात आ रही है तो योगी बार-बार मोदी को श्रेय दे रहे हैं जबकि यह भी सभी जानते हैं कि योगी ने राम मंदिर निर्माण के लिए रात-दिन एक कर दिया था। बार-बार अयोध्या जा कर मॉनिटरिंग करना, आत्मबल बढ़ाना, विरासत और विकास की बातें खूब हो रही हैं। लोक सभा की 80 सीटें उत्तर प्रदेश में हैं, और गिनी-चुनी सीटों को छोड़ दिया जाए तो कयास ये लगाए जा रहे हैं कि उत्तर प्रदेश की 65 से ऊपर सीटें भाजपा के पास रहेंगी और इसका श्रेय सीधे तौर पर योगी को जाता है। केंद्र की योजनाओं और प्रदेश की योजनाओं के लाभार्थियों से सीधे मुलाकात और बूथ लेवल कार्यकताओं का लाभार्थियों से सीधा संपर्क बना हुआ है। इसी नाते मोदी भी योगी की खूब प्रशंसा कर रहे हैं। पूरे देश में चुनावी सभा में जिस तरह से योगी की डिमांड हो रही है, वह अपने आप में एक उदाहरण है। स्टार प्रचारक के रूप में उन्हें जनता हर जगह चाह रही है। उत्तर प्रदेश के बदलाव को बखूबी लोग अपनी जुबां से बयां कर रहे हैं। गोरखपुर का बदलाव भी योगी के कद को बढ़ा ही नहीं रहा है, बल्कि आसपास की लोक सभा सीटों को एक संदेश भी दे रहा है।कानून व्यवस्था तो जैसी यूपी की है, शायद ही किसी अन्य प्रदेश की हो। अपराध और अपराधी यूपी से गायब हो गए हैं। अब उत्तर प्रदेश में कहीं गुंडा टैक्स नहीं चलता। दंगों, कर्फ्यू, रंगदारी, अपहरण, डराना-धमकाना उत्तर प्रदेश से सब समाप्त हो चुका है। इन सभी मुद्दों को लेकर दोनों नेता चर्चा करते नजर आ रहे हैं। प्रथम चरण के चुनाव के बाद जिस तरह से पूरी भाजपा टीम को और मजबूती से लगाया गया है, पूरी तरह से उत्तर प्रदेश में एक नया संदेश देना चाहती है भाजपा।

# सुप्रीम कोर्ट से केंद्र को लगा जोर का झटका धीरे से

//योगेंद्र योगी //

**दरअसल सुप्रीम कोर्ट ने इस फैसले के जरिए किसी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस के सामने एक साफ-साफ लकीर खींच दी है। कोर्ट ने साफ कहा कि गिरफ्तारी के वक्त पुलिस को इसका आधार लिखित तौर पर देना होगा। देश की शीर्ष अदालत ने दो मामलों में केंद्र सरकार को जोर का झटका धीरे से देते हुए यह जाहिर कर दिया कि कानूनों की मनमानी व्याख्या अपनी सुविधा के हिसाब से नहीं की जा सकती। सुप्रीम कोर्ट के ईडी की गिरफ्तार करने की शक्तियों को सीमित करने के साथ ही दूसरे मामले में एक वरिष्ठ पत्रकार की गिरफ्तारी को अवैध करार देने से केंद्र को यह झटका लगा है।**

इन दोनों मामलों में दिए गए फैसलों से बेशक केंद्र की भाजपा सरकार को व्यापक राजनीतिक नुकसान नहीं हो किन्तु इसके दूरगामी परिणाम अवश्यंभावी होंगे। परिणाम यह होगा कि ईडी अब आसानी से किसी के खिलाफ गिरफ्तारी की कार्रवाई नहीं कर सकेगी। इसी तरह पुलिस खिलाफ खबर पर किसी पत्रकार को भी आसानी से गिरफ्तार नहीं कर सकेगी। ईडी की कार्रवाई में कितने कानूनी तथ्य हैं, यह देखने के लिए सुप्रीम कोर्ट ने अधिनस्थ अदालतों को रैफ्री की भूमिका दी है। गौरतलब है कि लंबे अर्से से विपक्षी दल केंद्रीय एजेंसियों पर भेदभाव के आरोप लगाती रहीं हैं। विपक्षी दलों का आरोप है केंद्र सरकार राजनीतिक रंजिशवश इन एजेंसियों को दुरुपयोग कर रही है। एक याचिकाकर्ता ने दिसंबर 2023 में पंजाब और हरियाणा हाई कोर्ट के एक आदेश को चुनौती दी थी।

याचिकाकर्ता का सवाल था कि अगर विशेष अदालत ने मनी लॉन्ड्रिंग मामले में व्यक्ति विशेष के आरोपों को संज्ञान में ले लिया है, तो क्या तब भी उसे बेल के लिए सेक्शन 45 की दोहरी शर्तों को पूरा करना होगा। इस मामले में दिए गए सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद धन-शोधन निवारण अधिनियम, 2002 (पीएमएलए) प्रावधानों के तहत जमानत की कड़ी शर्तों को संतुष्ट करने की जरूरत नहीं है। अगर आरोपी समन द्वारा विशेष अदालत के समक्ष पेश होता है, तो यह नहीं माना जा सकता कि वह हिरासत में है। अगर अदालती समन के चलते पेश होने के बाद ईडी आरोपी की हिरासत चाहती है, तो उसे विशेष अदालत में आवेदन देना होगा। अदालत केवल उन कारणों के साथ हिरासत देगी, जो संतोषजनक हो और जिनमें हिरासत में लेकर पूछताछ की जरूरत हो। जस्टिस अभय एस ओक और जस्टिस उज्जल भुइयां की बेंच ने यह फैसला सुनाया है। बेंच ने कहा है कि अगर किसी मामले में ईडी ने किसी आरोपी को गिरफ्तार किए बिना चार्जशीट दाखिल की और अदालत ने इस पर संज्ञान लेकर उसे समन किया तो ऐसे व्यक्ति को पीएमएलए के तहत जमानत के लिए दोहरी शर्तों को पूरा करने की आवश्यकता नहीं है। पीएमएलए को पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार के दौरान 2002-03 में लाया गया था। बाद में मनमोहन सिंह के नेतृत्व वाली यूपीए सरकार के दौरान 1 जुलाई, 2005 को इसे लागू किया गया। उस वक्त इस कानून को ब्लैक मनी के फ्लो को रोकने के उद्देश्य से बनाया गया था। पीएमएलए कानून के तहत सबसे पहले झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री सीएम मधु कोडा के खिलाफ कार्रवाई की गई थी। इसके बाद साल 2010 में 2जी स्पेक्ट्रम घोटाला, कोयला घोटाला समेत कई बड़े घोटालों में इस कानून के तहत कार्रवाई हुई। फिर साल 2012 में तत्कालीन वित्त मंत्री पी चिदंबरम ने इसमें संशोधन भी किया था। बीते कुछ सालों में इस एक्ट में और भी कई बदलाव किए गए हैं। ईडी की शक्तियां सीमित करने के साथ केंद्र सरकार को दूसरा झटका लगा न्यूज क्लिक के फाउंडर संपादक प्रबीर पुरकायस्थ की गिरफ्तारी को लेकर। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद न्यूज क्लिक के फाउंडर प्रबीर पुरकायस्थ को रिहा कर दिया गया। न्यूजक्लिक फाउंडर पुरकायस्थ को पोर्टल के माध्यम से राष्ट्र-विरोधी प्रचार को बढ़ावा देने के लिए कथित चीनी फंडिंग के मामले में गिरफ्तार किया गया था। पुरकायस्थ के खिलाफ आरोप लगाया गया कि न्यूजक्लिक को चीन के पक्ष में प्रचार के लिए कथित तौर पर धन मिला था। देश की सबसे बड़ी अदालत ने यूएपीए मामले में उनकी गिरफ्तारी और रिमांड को गलत माना। कोर्ट का यह फैसला अपने आप में एक नजीर है। इसका असर आने वाले दिनों में दूसरे फैसलों पर भी दिख सकता है।

दरअसल सुप्रीम कोर्ट ने इस फैसले के जरिए किसी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस के सामने एक साफ-साफ लकीर खींच दी है। कोर्ट ने साफ कहा कि गिरफ्तारी के वक्त पुलिस को इसका आधार लिखित तौर पर देना होगा। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता का अधिकार संविधान के अनुच्छेद 20, 21 और 22 के तहत सबसे अटूट मौलिक अधिकार है। इसे भी किसी तरह नजरअंदाज या अनदेखा नहीं किया जा सकता है। सुनवाई के दौरान कोर्ट की कही इस बात का स्पष्ट संदेश है कि हर नागरिक के लिए जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता का अधिकार की अपनी विशेष अहमियत है। इस मामले की सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि यूएपीए या अन्य कानून के तहत किसी भी शख्स की गिरफ्तारी से पहले अब पुलिस को पहले लिखित में ये बताना जरूरी होगा कि उसकी गिरफ्तारी किस आधार पर की जा रही है। इसके लिए लिखित में भी सूचित करना होगा। कोर्ट ने सुनवाई के दौरान ये भी साफ कर दिया है कि किसी भी इंसान के लिए कानूनी कार्रवाई एक जैसी होनी चाहिए और उसे किसी हाल में नजरअंदाज नहीं किया जा सकता।

न्यायमूर्ति बी. आर. गवई और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने कहा कि गिरफ्तारी के ऐसे लिखित आधारों की एक कॉपी गिरफ्तार किए गए शख्स को बिना किसी अपवाद के जल्द से जल्द दी जानी चाहिए। कोर्ट की इस टिप्पणी से ये साफ हो गया कि गिरफ्तार शख्स को हर हाल में जल्द से जल्द गिरफ्तारी के लिखित आधारों की एक कॉपी मिलनी चाहिए, ताकि उसे अपने खिलाफ हो रही कार्रवाई की पूरी जानकारी हो। जस्टिस बीआर गवई की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि इस निष्कर्ष पर पहुंचने में कोई झिझक नहीं है कि लिखित रूप में गिरफ्तारी के लिए रिमांड कॉपी नहीं दी गई, जिसके चलते गिरफ्तारी अवैध है। जस्टिस बीआर गवई की अध्यक्षता वाली पीठ ने जो कहा उससे इस बात की रिमांड की कॉपी ना मिलने पर गिरफ्तारी को भी अवैध साबित किया जा सकता है। कोर्ट ने मौलिक अधिकार पर अतिक्रमण करने के किसी भी प्रयास को अस्वीकार कर दिया।

कोर्ट ने कहा कि इस प्रकार, संविधान के अनुच्छेद 20, 21 और 22 द्वारा ऐसे मौलिक अधिकार का उल्लंघन करने के किसी भी प्रयास से सख्ती से निपटना होगा। कोर्ट की इस टिप्पणी से भी साफ हो रहा है कि अगर ऐसा होता है तो उसे इंसान के मौलिक अधिकार का हनन माना जाएगा। फैसला लिखते हुए, न्यायमूर्ति मेहता ने कहा कि पुरकायस्थ की गिरफ्तारी, उसके बाद पिछले साल 4 अक्टूबर का रिमांड आदेश और दिल्ली उच्च न्यायालय का 15 अक्टूबर का रिमांड को वैध करने का आदेश, कानून के विपरीत था और इसलिए इसे रद्द कर दिया गया। इस मामले की सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि यूएपीए या अन्य अपराधों के आरोप में गिरफ्तार किए गए किसी भी व्यक्ति को गिरफ्तारी के आधार के बारे में लिखित रूप में सूचित किया जाना मौलिक और वैधानिक अधिकार है। किसी को भी ऐसे ही नहीं उठा सकते। सुप्रीम कोर्ट के इन दोनों आदेशों से स्पष्ट है कि पुलिस और केंद्रीय एजेंसियां आंख बंद करके कोई कार्रवाई नहीं कर सकेंगी। न्यूज क्लिक के फाउंडर की गिरफ्तारी के अवैध करार देने से यह भी साफ हो गया है कि सरकार विरोधी खबरें लिखने-दिखाने पर राजनीतिक दल सरकारी मशीनरी का इस्तेमाल दुर्भावनावश नहीं कर सकती। शीर्ष कोर्ट के इस फैसले से निश्चित तौर पर प्रेस की आजादी से एक बड़ा डर समाप्त हो गया है।

## तस्वीरों की दुनिया


भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी.नड्डा कैथल में एक सार्वजनिक बैठक को संबोधित करते हुए।


मेरठ में गर्मी के दिनों में यात्री खुद को स्कार्फ से ढकते हुए।


प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पश्चिम बंगाल के बिष्णुपुर में एक चुनावी रैली को संबोधित किया।


प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अन्य पार्टी नेताओं के साथ पश्चिम बंगाल के बिष्णुपुर में एक चुनावी रैली में शामिल हुए।


प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और पार्टी के अन्य नेता पश्चिम बंगाल के पुरुलिया में एक चुनावी रैली में शामिल हुए।


प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पश्चिम बंगाल के पुरुलिया में एक चुनावी रैली में हिस्सा लेने पहुंचे।


लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण के लिए मतदान अधिकारी हेलीकॉप्टर में सवार होकर अपने-अपने मतदान केंद्रों के लिए जा रहे हैं।


राजीव गांधी अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम में सनराइजर्स हैदराबाद और पंजाब किंग्स के बीच आईपीएल मैच के दौरान दर्शक।

# हेमकुंड साहिब के लिए पहुंची गुरुद्वारे की टीम, शुरू में 3500 लोग ही कर सकेंगे दर्शन

## 25 मई से आमजन के लिए खुलेंगे कपाट

**गोपेश्वर, 20 मई [एजेंसी]।**

हेमकुंड यात्रा को लेकर गुरुद्वारे की टीम हेमकुंड साहिब पहुंच चुकी है। यह टीम यात्रा के दौरान लंगर, अरदास सहित अन्य यात्री व्यवस्थाओं को कपाट खुलने से पहले इंतजाम पूरा कर देगी। सेना पहले से ही हेमकुंड में रहकर बर्फ हटाने का काम कर चुकी है। हेमकुंड साहिब यात्रा का आगाज 22 मई को ऋषिकेश से पंचप्यारों की अगुवाई में होगी। यात्रा के शुरुआती दिनों में प्रतिदिन 3500 यात्री ही दर्शन कर सकेंगे। हेमकुंड साहिब के कपाट 25 मई को श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए जाएंगे। राज्य सरकार, जिला प्रशासन एवं गुरुद्वारा श्री हेमकुंड साहिब मैनेजमैंट ट्रस्ट ने जमीनी हालात को देखते हुए 3500 यात्री प्रतिदिन श्री हेमकुंड साहिब के दर्शन कर सकेंगे की सीमा निर्धारित की है। बर्फ पिघलने के बाद यात्रियों संख्या बढाने पर विचार विमर्श किया जाएगा। गुरुद्वारा हेमकुंड साहिब के मुख्य प्रबंधक सरदार सेवा सिंह ने बताया कि फिलहाल घोड़े-खच्चर हेमकुंड से अटलाकोटी हिमखंड तक ही जाएंगे । यहां से आगे यात्रियों को पैदल ही यात्रा करना पड़ेगी। अटलकोटी हिमखंड में पगडंडी बनाकर रास्ता सुचारु किया गया है।बर्फ पिद्यलने के साथ इस रास्ते पर हिमखंड काटकर बैठाना का कार्य जारी रहेगा। यहां पर एसडीआरएफ की आवाजाही में देखरेख होगी। गुरुद्वारा श्री हेमकुंड साहिब में कपाट खुलने को लेकर गुरद्वारे की टीम हेमकुंड पहुंच चुकी है।

# ग्रेजुएट रूट पॉलिसी खत्म करने की योजना बना रहे सुनक, मंत्रियों ने किया कड़ा विरोध



**लंदन।** ब्रिटिश प्रधानमंत्री ऋषि सुनक कानूनी प्रवासन के आंकड़ों को कम करने के लिए पोस्ट स्टडी वीजा (ग्रेजुएट रूट पॉलिसी) पर प्रतिबंध लगाने पर विचार कर रहे हैं। यह स्नातकों को उनके डिग्री कोर्स के बाद दो साल तक रहने और काम करने की अनुमति देता है।इसे लेकर उन्हें अपने कुछ मंत्रियों के कड़े विरोध का सामना करना पड़ रहा है। रविवार को एक रिपोर्ट में यह दावा किया गया है। अगर पोस्ट स्टडी योजना पर रोक लग जाती है, तो इससे भारतीय छात्रों पर बड़ा प्रभाव पड़ेगा। यह योजना भारतीय छात्रों के बीच ब्रिटेन के विश्वविद्यालयों को चुनने का एक बड़ा कारण है। साल 2021 में लांच होने के बाद से यह भारतीयों की पसंद बनी हुई है। द आब्जर्वर के अनुसार, सुनक को ग्रेजुएट रूट योजना को खत्म करने की प्लानिंग पर कैबिनेट के विद्रोह का सामना करना पड़ रहा है। इसका विरोध करने वालों में शिक्षा मंत्री गिलियन कीगन, चांसलर जेरेमी हंट और विदेश मंत्री डेविड कैमरन शामिल हैं। ऐसा तब हुआ है, जब विश्वविद्यालय और व्यापार प्रमुखों ने चेतावनी दी है कि ग्रेजुएट रूट योजना में किसी भी तरह की कटौती से ब्रिटेन भारतीय सहित विदेशी छात्रों के लिए कम आकर्षक हो जाएगा।

# 21 लाख से अधिक मतदाता चुनेंगे अपना सांसद राहुल गांधी और दिनेश प्रताप में सीधा मुकाबला



**रायबरेली।** लोकसभा चुनाव कराने की सभी तैयारियां पूरी हो गई है। सोमवार को सुबह सात बजे से जिलेभर के बूथों पर मतदान शुरू होगा। मतदान कराने के लिए रविवार को गोरा बाजार स्थित आईटीआई परिसर से पोलिंग पार्टियों की रवानगी हुई। बूथों पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। अफसर बूथों की पल-पल की निगरानी करेंगे। जिलेभर के 21 लाख 39 हजार 284 मतदाता आज अपना सांसद चुनने के लिए मतदान करेंगे। पांचवें चरण के लिए 26 अप्रैल से तीन मई तक नामांकन कराया गया। 20 मई यानी सोमवार को मतदान है। इसके लिए जिलेभर में 2236 बूथ बनाए गए हैं। इन बूथों पर पीठासीन अधिकारी के अलावा तीन अन्य कार्मिकों की तैनाती की गई है। गोरा बाजार स्थित आईटीआई परिसर पर सुबह सात बजे ही कर्मचारी पहुंचने लगे। सभी पोलिंग पार्टियों की बसों से रवानगी की गई। शाम तक सभी पार्टियां अपने-अपने बूथों पर पहुंच भी गई हैं।भीषण गर्मी से मतदान कार्मिकों की समस्याएं बढ़ी रही। इसे देखते हुए मतदान कार्मिक रवानगी स्थल पर स्वास्थ्य विभाग की टीम तैनात की गई थी। ताकि, किसी को कोई परेशानी हो तो तत्काल इलाज मिल सके। करीब 150 मतदान कार्मिकों का चिकित्सक ने उपचार किया।अधिकतर कार्मिक पेट दर्द, बुखार, उल्टी, सिर दर्द से पीड़ित पाए गए। इसके साथ ही आठ मतदान कार्मिकों को इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा गया। पीठासीन अधिकारी गिरीश मिश्रा को हीट स्टोक हो गया। अधिक गर्मी के कारण उनका शरीर कांपने लगा, बीपी बढ़ने के साथ ही अत्यधिक पसीना आने से मुसीबत बढ़ गई।सफाईकर्मी शिव प्रकाश की ड्यूटी बछरावां विधानसभा में लगी थी। अपनी टीम के साथ रवानगी के लिए वह बस के पास पहुंचे। तभी गिरने से उनके सिर में गंभीर चोट आई और हाथ टूट गया। तीन पुलिसकर्मी भी उल्टी व पेट दर्द की समस्या से ग्रसित हो गए। चिकित्सक शिवम शुक्ला ने बताया कि आठ लोगों को जिला अस्पताल भेजा गया। इसकी रिपोर्ट सीडीओ व डीडीओ को दी गई है। करीब 300 कार्मिकों को ओआरएस दिया गया।चुनाव को लेकर सभी तैयारियों पूरी कर ली गई हैं। व्यवस्था चुस्त दुरुस्त रखने के निर्देश दिए गए हैं। चुनाव में व्यवधान व माहौल खराब करने वालों से सख्ती से निपटा जाएगा।

# खरगे की फटकार के बाद भी नहीं बदले अधीर रंजन के सुर, बोले- मैं ममता को कांग्रेस खत्म करने नहीं दूंगा



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री और टीएमसी प्रमुख ममता बनर्जी पर बंगाल प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अधीर रंजन चौधरी ने एक बार फिर निशाना साधा है। अधीर रंजन ने कहा कि वो किसी ऐसे व्यक्ति के पक्ष में नहीं बोल सकते जो राज्य में उन्हें और उनकी पार्टी को राजनीतिक रूप से खत्म करना चाहता है।अधीर रंजन की टिप्पणी कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के उस बयान के कुछ घंटों बाद आई, जिसमें उन्होंने कहा था कि लोकसभा चुनाव के बाद भाजपा विरोधी गठबंधन के सत्ता में आने की स्थिति में बनर्जी इंडी गठबंधन का हिस्सा होंगी या नहीं, इस पर निर्णय लेने वाले चौधरी कोई नहीं हैं। खरगे के बयान के बारे में पूछे जाने पर अधीर रंजन चौधरी ने कहा, मैं किसी ऐसे व्यक्ति के पक्ष में नहीं बोल सकता जो मुझे और बंगाल में हमारी पार्टी को राजनीतिक रूप से खत्म करना चाहता है। यह प्रत्येक कांग्रेस कार्यकर्ता की लड़ाई है। मैंने उनकी ओर से बात की है। अधीर रंजन चौधरी ने कहा कि मेरा ममता से कोई व्यक्तिगत शिकायत नहीं है लेकिन मैं उनकी राजनीतिक नैतिकता पर सवाल उठाता हूं। ममता बनर्जी की इस टिप्पणी के बारे में पूछे जाने पर कि वह बाहर से इंडी गठबंधन सरकार का समर्थन करेंगी और अधीर रंजन ने कहा कि बंगाल की मुख्यमंत्री पर भरोसा नहीं किया जा सकता है।

# गहरे अर्थ रखता है राज ठाकरे का पीएम मोदी के साथ मंच साझा करना, शिवाजी पार्क में रचा इतिहास

**मुंबई 20 मई [एजेंसी]।**

ऐतिहासिक शिवाजी पार्क में महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) प्रमुख राज ठाकरे का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ मंच साझा करना और उनसे ठीक पहले सभा को संबोधित करना महाराष्ट्र की राजनीति में गहरे अर्थ रखता है। ऐतिहासिक शिवाजी पार्क में राज ठाकरे-नरेंद्र मोदी की 'बॉन्डिंग' महाराष्ट्र की राजनीति में एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम है। क्योंकि 2024 के लोकसभा चुनावों के कुछ माह बाद ही राज्य में विधानसभा चुनाव का बिगुल भी बजने वाला है। राज ठाकरे एक करिश्माई नेता एवं उत्कृष्ट वक्ता के रूप में जाने जाते हैं। वह दिवंगत शिवसेना सुप्रीमो बालासाहेब ठाकरे के भतीजे और अब शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे के चचेरे भाई हैं।शिवसेना और राकांपा में विभाजन के बाद राज का भाजपा के नेतृत्व वाली महायुति (राजग) में औपचारिक प्रवेश इसलिए भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि 2019 के लोकसभा चुनावों के दौरान उन्होंने मोदी और उनके सहयोगी तत्कालीन भाजपा अध्यक्ष अमित शाह पर जमकर निशाना साधा था। तब खुद चुनाव मैदान से बाहर रहते हुए भी उन्होंने राज्य भर में करीब एक दर्जन बड़ी-बड़ी रैलियां सिर्फ भाजपा की कमियां गिनाने के लिए की थीं। इस बार भाजपा राज ठाकरे की ओर से ऐसा कोई भी कृत्य टालना चाहती थी। शुक्रवार शाम मुंबई में सत्तारूढ़ महायुति एवं आईएनडीआईए गठबंधन का शक्ति प्रदर्शन साथ-साथ



हुआ। महायुति दादर स्थित शिवाजी पार्क में अपनी रैली कर रही थी, तो कांग्रेस के नेतृत्व वाला आईएनडीआईए गठबंधन बांद्रा-कुर्ला कांप्लेक्स में अपना शक्ति प्रदर्शन कर रहा था। इस शक्ति प्रदर्शन में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, दिल्ली के मुख्यमंत्री और आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल, महात्मा गांधी के परपोते तुषार गांधी, शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे और एनसीपी (शपा) सुप्रीमो शरद पवार शामिल थे। ऐसे समय दादर स्थित शिवाजी पार्क में शिवसेना संस्थापक बालासाहब ठाकरे के स्मृतिस्थल (जहां उनका अंतिम संस्कार हुआ था) से चंद कदमों की दूरी पर बने भाजपानीत महायुति के मंच पर राज ठाकरे को प्रधानमंत्री से ठीक पहले बोलने का अवसर दिया गया। यानी महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे भी राज ठाकरे से पहले बोल चुके थे। शिवसेना-भाजपा के गठबंधन में यह सम्मान बालासाहब ठाकरे को मिला करता था। तब भाजपा के वरिष्ठ नेता अटलबिहारी वाजपेयी से ठीक पहले बालासाहब ठाकरे बोलने खड़े होते थे। यह सांकेतिक सम्मान पानेवाले राज ठाकरे ने भी अपना संबोधन शुरू करते हुए कहा कि पंडित जवाहरलाल नेहरू के बाद तीसरी बार लगातार नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री बनने जा रहे हैं। अपने भाषण में राज ने जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 को निरस्त करने, तीन तलाक पर प्रतिबंध लगाने, और राममंदिर स्वप्न साकार करने के लिए मोदी की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि मैं इन्हें साहसी निर्णय मानता हूं।राज ठाकरे ने अपने संक्षिप्त भाषण में महाराष्ट्र एवं मराठी अस्मिता से जुड़े कुछ मुद्दों पर सरकार बनने के बाद प्रधानमंत्री को ध्यान देने की मांग भी रखी। इनमें मराठी को शास्त्रीय भाषा का दर्जा देने और अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञों की समिति के माध्यम से शिवाजी महाराज के किलों के संरक्षण की मांग के अलावा, देश भर की पाठ्य पुस्तकों में मराठा साम्राज्य का इतिहास पढ़ाने जैसे मुद्दे शामिल थे।जाहिर है, ये सभी मुद्दे मुंबई और महाराष्ट्र के उस मतदाता वर्ग को लुभाते हैं, जिनसे उद्धव ठाकरे अपनी पार्टी टूटने के बाद सहानुभूति पाने की उम्मीद रख रहे हैं। वास्तव में, शिवाजी पार्क में 17 मई की मेगा रैली की अनुमति राज ठाकरे की पार्टी मनसे ने ही मुंबई महानगरपालिका से प्राप्त की थी। यानी राज ठाकरे खुद इस रैली के मेजबान की भूमिका में थे। 2005-06 में चचेरे भाई उद्धव से मतभेद के बाद राज ने अपने चाचा से अलग होकर महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना का गठन किया था।

# संकट की घड़ी में ईरान के साथ खड़ा है भारत, क्क्रमोदी ने इब्राहिम रईसी के हेलीकॉप्टर हादसे पर गहरी चिंता जताई

**नईदिल्ली, 20 मई [एजेंसी]।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी की हेलीकॉप्टर की हार्ड लैंडिंग के संबंध में रिपोर्टों पर गहरी चिंता जताई। उन्होंने कहा कि संकट की इस घड़ी में भारत ईरानी लोगों के साथ एकजुटता से खड़ा है। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, आज राष्ट्रपति रईसी की हेलीकॉप्टर उड़ान के संबंध में रिपोर्टों से बेहद चिंतित हूं। संकट की इस घड़ी में हम ईरानी लोगों के साथ एकजुटता से खड़े हैं और राष्ट्रपति और उनके दल की भलाई के लिए प्रार्थना करते हैं। मीडिया रिपोर्टों के मुताबिक, राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी , ईरान के विदेश मंत्री और अन्य अधिकारियों को ले जा रहा एक हेलीकॉप्टर रविवार को पहाड़ी इलाके में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इसके बाद घने कोहरे से घिरे जंगल में बड़े पैमाने पर बचाव अभियान शुरू किया गया। हालांकि, ईरान में राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी की सलामती के लिए प्रार्थनाएं शुरू हो गई हैं।

# हिमाचल और उत्तराखंड में फिर बढ़ने लगी जंगल में आग की घटनाएं अग्निशमन कर्मियों की छुट्टियां रद, अब तक करोड़ों रुपये का हुआ नुकसान

**उत्तराखंड, 20 मई [एजेंसी]।**

मौसम की तपिश बढ़ने के साथ हिमाचल और उत्तराखंड के जंगलों में आग लगने की घटनाएं भी बढ़ने लगी हैं। हिमाचल में अधिकतर घटनाएं चीड़ के जंगलों में सामने आई हैं। आग लगने के कारणों का अभी तक कोई पता नहीं चल पाया है, लेकिन माना जा रहा है कि लोग जंगलों में सफाई के दौरान घास के लिए झाड़ियों को जलाते हैं, इस वजह से जंगलों में आग फैली है। पिछले पांच दिन में 422 आग की घटनाएं हो चुकी हैं। इसमें 20 मामले घरों की आग, जबकि शेष वन की आग के हैं। इससे करीब 1.70 करोड़ रुपये की क्षति हो चुकी है। वहीं, उत्तराखंड में पिछले 24 घंटे के भीतर जंगल की आग की छह घटनाएं सामने आई हैं। इससे लोगों की परेशानी बढ़ गई है। आने वाले दिनों में गर्मी तेज होने से आग की घटनाएं बढ़ने की आशंका है। वन की आग की चपेट में घर व पशुशालाएं भी आ रही हैं।इसके अतिरिक्त वन्य जीव भी जल कर मर



रहे हैं। हिमाचल में अग्निशमन कर्मियों की छुट्टियों को रद किया गया है। हिमाचल में ऊना जिले के अंब उपमंडल के ठठल, अंब बेला, कलरूही, बणे दी हट्टी, भद्रकाली व पाबड़ा थप्पलां में हुई आग की घटनाओं में वन संपदा का नुकसान हुआ है। कुटलैहड़ क्षेत्र में रविवार शाम करीब चार बजे मलांगड़ पंचायत के अमरेहड़ा गांव में मधुमक्खी पालक द्वारा रखे गए 50 डब्बे आग की भेंट चढ़ गए। इस घटना में मधुमक्खी पालक दुनी चंद को डेढ़ से दो लाख रुपये तक का नुकसान हुआ है।उधर, चिंतपूर्णी क्षेत्र के जंगलों में एक सप्ताह से आग की घटनाएं हो रही हैं। शनिवार रात को सिरमौर जिले के जंगलों में अचानक भड़की आग से भी काफी नुकसान हुआ है। वनों की आग को बुझाने में सबसे बड़ी समस्या सड़क न होना है। इससे वहां तक अग्निशमन विभाग का वाहन नहीं पहुंच पाता। इसके अतिरिक्त कई जगह आग की घटनाएं होने से सभी जगह पहुंच पाना भी संभव नहीं हो पाता। वन विभाग ने वन रक्षक व राखे भी तैनात किए हैं। इसके साथ ही आग बुझाने के लिए ग्रामीण स्तर पर कमेटियां भी हैं, लेकिन उनके प्रयास भी कम पड़ रहे। उत्तराखंड में भीषण गर्मी के बीच जंगलों में आग लगने का सिलसिला जारी है। रविवार को 24 घंटे के भीतर छह नई घटनाएं दर्ज की गईं, जिनमें साढ़े चार हेक्टेयर वन क्षेत्र को नुकसान पहुंचा है। फायर सीजन में अब तक कुल 1098 घटनाओं में 1484 हेक्टेयर वन क्षेत्र जल चुका है।

# अक्टूबर से शुरू होगा नोएडा एयरपोर्ट, अंतिम चरण में काम यूपी के एक और औद्योगिक शहर को जोड़ने की तैयारी



**ग्रेटर नोएडा, 20 मई [एजेंसी]।**

नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट से खुर्जा की रोड कनेक्टिविटी के लिए व्यावहारिकता रिपोर्ट तैयार कराई जा रही है। इसके तैयार होने के बाद रोड कनेक्टिविटी के लिए जमीन अधिग्रहण का प्रस्ताव तैयार कर जिला प्रशासन को भेजा जाएगा। एयरपोर्ट से खुर्जा की सीधे कनेक्टिविटी होने पर यात्री व सामान की आवाजाही आसान हो जाएगी।नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट का निर्माण अंतिम चरण में है। एयरपोर्ट पर उपकरणों को लगाने एवं उनकी जांच का काम चल रहा है। जून से ट्रायल शुरू होने की उम्मीद है। एयरपोर्ट पर अक्टूबर से यात्री सेवाओं की शुरुआत हो जाएगी।

एयरपोर्ट के शुरू होने पर पहले कनेक्टिविटी के विकल्पों पर तेजी से काम हो रहा है। खुर्जा से एयरपोर्ट को सीधे सड़क मार्ग से जोड़ने के लिए व्यावहारिकता रिपोर्ट तैयार कराई जा रही है। यह सड़क तकरीबन तीस किमी लंबी होने की उम्मीद है। खुर्जा में यह सड़क राष्ट्रीय राजमार्ग 34 (एनएच॥-34) से जुड़ेगी। इससे नोएडा एयरपोर्ट की कई जिलों से सीधे कनेक्टिविटी हो जाएगी। औद्योगिक शहर खुर्जा में तैयार उत्पाद की सीधे अंतरराष्ट्रीय बाजार तक पहुंच आसान हो जाएगी। प्राधिकरण सीईओ डॉ. अरुणवीर सिंह ने बताया कि खुर्जा से एयरपोर्ट कनेक्टिविटी के लिए व्यावहारिकता रिपोर्ट तैयार की जा रही है।इसके बाद जमीन अधिग्रहण की कार्रवाई शुरू होगी।

उल्लेखनीय है कि केंद्रीय मंत्री जनरल वीके सिंह ने सितंबर 2021 में नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट लि. व यमुना इंटरनेशनल एयरपोर्ट प्रा. लि. के अधिकारियों के साथ बैठक के दौरान खुर्जा से कनेक्टिविटी के लिए संभावनाएं तलाशने के निर्देश दिए थे। नोएडा एयरपोर्ट को दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे से कनेक्टिविटी के लिए भी 31 किमी लंबा ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस-वे बनाया जा रहा है। नोएडा एयरपोर्ट से शुरू होकर बल्लभगढ़ में समाप्त होगा। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण इसका निर्माण कर रहा है। जून तक यह एक्सप्रेस वे बनकर तैयार हो जाएगा। प्राधिकरण ने एयरपोर्ट के कार्गो टर्मिनल की यमुना एक्सप्रेस-वे से कनेक्टिविटी के लिए तीस मीटर चौड़ी सड़क का निर्माण कार्य भी एनएचएआई को सौंप दिया है।

# मुंबई के बाद पुणे में तेज हवाओं से गिरा होर्डिंग, घोड़ा हुआ घायल, इलाज जारी



**पुणे, 20 मई [एजेंसी]।**

पुणे शहर में तेज हवाओं के कारण होर्डिंग गिरने से एक घोड़ा घायल हो गया जबकि कुछ वाहन क्षतिग्रस्त हो गए। एक अधिकारी के अनुसार, पुणे-सोलापुर राजमार्ग पर कवडी पाट टोल बूथ के पास एक विवाह समारोह स्थल के बाहर लगा होर्डिंग शनिवार शाम गिर गया।

यह घटना ऐसे समय में हुई, जब कुछ ही दिन पहले मुंबई के घाटकोपर इलाके में तेज हवाओं और बेमौसम वर्षा के कारण एक पेट्रोल पंप पर विशाल अवैध होर्डिंग गिरने से 16 लोगों की मौत हो गई थी और 75 लोग घायल हो गए थे।पुलिस ने कहा कि तेज हवाओं के कारण होर्डिंग समारोह स्थल के बाहर एक घोड़े और कुछ वाहनों पर गिर गया। अधिकारी ने बताया कि घायल घोड़े का इलाज किया जा रहा है।

### चंडीगढ़ के लिये घोषणापत्र में मनीष तिवारी ने चंडीगढ़ के लिए मुफ्त पानी, बिजली का वादा किया

**चंडीगढ!** कांग्रेस उम्मीदवार मनीष तिवारी ने चंडीगढ़ के लिये विशिष्ट घोषणापत्र पेश किया, जिसमें उन्होंने लोगों को हर महीने 20,000 लीटर मुफ्त पानी और 20,000 रुपये तक की मासिक आय वाले परिवारों को 300 यूनिट मुफ्त बिजली देने का वादा किया है। घोषणापत्र जारी करने के बाद उन्होंने चंडीगढ़ को नगर-राज्य बनाने पर भी जोर दिया। तिवारी ने कहा, ''प्राधिकारों की बहुलता और कानूनों के जटिल जाल से त्रस्त शहर के लिए, शासन के तीन मौजूदा पुराने मॉडलों का सरलीकरण किया जायेगा और लोगों के अनुकूल कानूनों में समेकित किया जाएगा।'' घोषणापत्र में किरायेदारी स्थलों सहित पुनर्वास कालोनियों में आवासीय इकाइयों के सभी वास्तविक निवासियों को स्वामित्व अधिकार देने का वादा किया गया है।

# निर्वाचन आयोग ने उत्पीड़न की शिकायत के बाद बीएसएफ कर्मी को चुनावी ड्यूटी से हटाया

**नईदिल्ली, 20 मई [एजेंसी]।**

निर्वाचन आयोग ने सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के एक कर्मी के खिलाफ उत्पीड़न की शिकायत के बाद उसे उलुबेरिया लोकसभा क्षेत्र में चुनावी ड्यूटी से सोमवार को हटा दिया। एक अधिकारी ने बताया कि एक महिला ने रविवार शाम को उलुबेरिया थाने में उत्पीड़न की शिकायत दर्ज करायी थी। निर्वाचन



आयोग के एक अधिकारी ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, ''हमने उसे चुनावी ड्यूटी से हटा दिया है। हम पुलिस रिपोर्ट का इंतजार कर रहे हैं। अगर वह दोषी पाया गया तो कानून के अनुसार आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।''

लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण के तहत पश्चिम बंगाल में कड़ी सुरक्षा के बीच सोमवार को सात संसदीय सीटों पर मतदान हो रहा है। निर्वाचन आयोग ने 57 फीसदी मतदान केंद्रों को संवेदनशील घोषित किया है और चुनाव के लिए करीब 30,000 पुलिसकर्मियों के अतिरिक्त केंद्रीय बलों के 60,000 कर्मियों को तैनात किया है। अधिकारी ने बताया कि राज्य में पहले चार चरणों में मतदान के मुकाबले इस चरण में सबसे अधिक सुरक्षा कर्मियों को तैनात किया गया है।

# हम न तो राजनीति में शामिल हैं, न ही किसी पार्टी को वोट देने को कहा, ममता के आरोपों को मठों के संतों ने किया खारिज

**कोलकाता, 20 मई [एजेंसी]।**

लोकसभा चुनाव में दो प्रमुख मठों के कुछ संतों पर भाजपा के पक्ष में काम करने से संबंधित बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के आरोपों से उपजे विवाद के बीच दोनों धार्मिक संस्थाओं ने रविवार को दावा किया कि वे हमेशा ही राजनीति से दूर रही हैं और कभी किसी पार्टी के लिए वोट नहीं मांगा।तृणमूल कांग्रेस सुप्रीमो ममता ने शनिवार को हुगली जिले में एक चुनावी रैली में दावा किया था कि रामकृष्ण मिशन व भारत सेवाश्रम संघ के कुछ साधु-संन्यासी सीधे तौर पर राजनीति और भाजपा के निर्देश पर काम कर रहे हैं, जिससे देश का सर्वनाश हो रहा है। बंगाल में स्थित दोनों प्रमुख मठों रामकृष्ण मिशन और भारत सेवाश्रम संघ ने आरोपों




को खारिज करते हुए कहा कि वे केवल समाज की सेवा करने पर ध्यान देते हैं। हावड़ा के बेलूर में स्थित रामकृष्ण मिशन के वैश्विक मुख्यालय के एक वरिष्ठ संत ने कहा, हम आक्षेपों से दुखी और व्यथित हैं। हम किसी भी विवाद में फंसना नहीं चाहते हैं। प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री सहित सभी क्षेत्रों से हजारों आगंतुक हमारे परिसर में प्रार्थना और ध्यान करने आते हैं। हमारे लिए सभी समान हैं। उन्होंने कहा कि हम लोगों के बीच धर्म और अध्यात्म के शाश्वत मूल्यों का प्रसार करने का प्रयास करते हैं। मेरी जानकारी के अनुसार, न तो मिशन और न ही हमारे किसी संत ने किसी को भी एक विशेष पार्टी को वोट देने के लिए कहा।वहीं, भारत सेवाश्रम संघ के एक प्रवक्ता ने भी कहा कि चक्रवात से लेकर कोविड महामारी तक, हम हमेशा दूर-दराज के इलाकों में पीड़ितों की सहायता के लिए पहुंचे हैं। हम 107 साल पुराना संगठन हैं और हमारे संत देशभर में धर्मार्थ स्वास्थ्य क्लीनिक, अस्पताल और शैक्षणिक संस्थान चलाते हैं। हम न तो कभी राजनीति में शामिल थे और न ही भविष्य में होंगे। ममता ने आरोप लगाया था कि रामकृष्ण मिशन के कुछ संतों ने आसनसोल में श्रद्धालुओं से भाजपा को वोट देने को कहा था, जबकि भारत सेवाश्रम संघ के एक संत ने मुर्शिदाबाद के बहरमपुर में एक तृणमूल एजेंट को मतदान केंद्र पर बैठने से मना कर दिया था।

ममता के इन आरोपों की निंदा करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को बंगाल में चुनावी रैलियों में उनपर जोरदार हमला बोला। पुरुलिया में पीएम ने कहा कि चुनाव के दौरान बंगाल की जनता को डराने-धमकाने वाली तृणमूल ने सारी हदें पार कर दी हैं। आज देश-दुनिया में इस्कान, रामकृष्ण मिशन और भारत सेवाश्रम संघ सेवा और नैतिकता के लिए जाने जाते हैं, लेकिन बंगाल की मुख्यमंत्री उन्हें खुले मंच से गालियां और धमकी दे रही हैं।

# जमशेद जी टाटा के तीन सपने रह गए थे अधूरे

## ऐसे खुद को किया था स्थापित

19 मई को भारतीय उद्योगों का पिता कहे जाने वाले जमशेदजी टाटा निधन हो गया था। उन्होंने अपने जीवन में काफी संघर्ष कर खुद को स्थापित किया था। जीवन में हालात कभी उनके अनुकूल नहीं थे, लेकिन उन्होंने परिस्थितियों के आगे जाकर उपलब्धियां हासिल की। पिता से विरासत में मिले व्यवसाय को छोड़कर उन्होंने जिस भी व्यवसाय में हाथ डाला, उन्होंने उसमें सफलता पाई। आइए जानते हैं उनकी डेथ एनिवर्सरी के मौके पर जमशेद जी टाटा के जीवन से जुड़ी कुछ रोचक बातों के बारे में...



### जन्म और शिक्षा

गुजरात के नवसारी में 3 मई 1839 को जमशेद जी टाटा की जन्म हुआ था। उनके पिता नौशरवांजी पारसी पादरियों के वंश में पहले व्यापारी थे। पढ़ाई के दौरान ही सिर्फ 14 साल की उम्र में वह अपने पिता के व्यवसाय से जुड़ गए। वहीं साल 1858 में उन्होंने एल्फिस्टन कॉलेज में स्नातक की पढ़ाई की। पढ़ाई पूरी होने के बाद वह पूरी तरह से व्यवसाय पर फोकस करने लगे।

### अफीम का व्यवसाय

जमशेद जी टाटा के पिता की निर्यात कंपनी की जापान, चीन यूरोप, और अमेरिका में शाखाएं हुआ करती थीं। लेकिन साल 1857 के विद्रोह के बाद उस व्यवसाय को चला पाना काफी मुश्किल काम था। वहीं नुसेरवानजी टाटा नियमित तौर पर चीन जाया करते थे और अफीम का कारोबार करते थे। नुसेरवानजी अपने बेटे जमशेद को भी इसी व्यवसाय में डालना चाहते थे। जिसके लिए वह जमशेद जी को चीन भेजना चाहते थे। ताकि वह अफीम के व्यापार की बारीकियों को सीख सकें।

बता दें कि जब वह चीन गए, तो देखा कि कपड़े के व्यवसाय में भविष्य है। उन्होंने सिर्फ 29 साल की उम्र तक पिता के व्यवसाय में काम किया फिर 1868 में जमशेद जी ने 21 हजार रुपए में एक कंपनी खोली। चिंचपोकली में दिवालिया तेल की कारखाने को खरीदा और उस कंपनी को रूई की फैक्ट्री में बदला। वहीं करीब दो साल बाद मुनाफे पर इस कंपनी को बेच दिया।

इसके बाद उन्होंने कपड़े का व्यवसाय शुरू किया और जल्द ही वह कपड़ा और कपास उद्योग के शीर्ष पर पहुंच गए। बता दें कि अहमदाबाद के आर्थिक विकास में जमशेद जी की कपड़ा मिल ने अहम भूमिका निभाई। वह खुद स्वदेशी के पक्षधर हुआ करते थे और वह चाहते थे कि मैनचेस्टर में जितना महीन कपड़ा तैयार होता था, उसी स्तर और गुणवत्ता वाला कपड़ा भारत में भी हो। वह भारत को कपड़ा उद्योग में निर्यातक की श्रेणी में लाना चाहते थे।

### अधूरे सपने और मृत्यु

लेकिन जमशेद जी टाटा के तीन सपने अधूरे रह गए, जिनको बाद में उनके वंशजों ने पूरा किया। जिनमें से पहला सपना टाटा स्टील कंपनी को दुनिया की सर्वश्रेष्ठ कंपनियों में से एक बनाना, जोकि एशिया की पहली और भारत की सबसे बड़ी स्टील कंपनी है। वहीं दूसरा सपना बेंगलूरू में इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस आज विज्ञान, इंजीनियरिंग और शोध में भारत के शीर्ष संस्थान में गिना जाने लगा। तीसरा सपना हाइड्रोइलेक्ट्रिक पॉवर सप्लाई कंपनी बनाना, जिसको वर्तमान में टाटा पॉवर के नाम से जाना जाता है। वहीं 19 मई 1904 को जमशेद जी टाटा की निधन हो गया।



# गर्मी से राहत पाएं स्वादिष्ट लाहौरी जीरा ड्रिंक

**लाहौरी जीरा एक हेल्दी कम चीनी वाला ड्रिंक है जिसे आप गर्मी से निपटने के लिए आज़मा सकते हैं और अपने वजन घटाने वाले आहार में भी शामिल कर सकते हैं। घर का बना पेय आपको हाइड्रेटेड रखने का सबसे अच्छा तरीका हो सकता है। चलिए आपको बताते हैं इसकी रेसिपी।**

गर्मियों के दौरान सबसे महत्वपूर्ण कारकों में से एक है खुद को हाइड्रेटेड और स्वस्थ रखना। जैसे-जैसे पारा का स्तर बढ़ता है, लू लगना या होंठ सूखना काफी आम है। इस मौसम के दौरान, डिहाइड्रेशन एक आम समस्या बन जाती है क्योंकि पसीने के कारण हमारे शरीर में तेज गति से पानी की कमी हो जाती है, खासकर जब आप बाहर काम कर रहे होते हैं। इससे कमजोरी, सुस्ती महसूस होना, थकान और समग्र असुविधा जैसी कई स्वास्थ्य समस्याएं पैदा होती हैं। हालांकि पानी पीना ही समाधान है, आइए इसे स्वीकार करें, कभी-कभी सादा पानी बहुत उबाऊ हो सकता है। ऐसे मामलों में, घर का बना पेय आपको हाइड्रेटेड रखने का सबसे अच्छा तरीका हो सकता है। चलिए आपको बताते हैं इसकी रेसिपी।

### सामग्री

- नींबू- 1 टुकड़ा
- जीरा पाउडर -1/4 बड़ा चम्मच.
- शहद -1/2 बड़ा चम्मच
- काला नमक- 1/4 बड़ा चम्मच.
- काली मिर्च- 1 चुटकी
- चाट मसाला - 1/4 बड़ा चम्मच
- पुदीने की पत्तियां- 3 से 4
- सोडा
- बर्फ के टुकड़े- आवश्यकतानुसार
- धनिया पाउडर - 1 चुटकी (यह वैकल्पिक है)

### कैसे बनाएं ये ड्रिंक? इन स्टेप्स का पालन करें

- एक गिलास लें और उसमें एक नींबू निचोड़ लें।
- ताजा स्वाद और महक के लिए इसमें कुछ पुदीने की पत्तियां मिलाएं।
- इसके बाद गिलास में 1/4 बड़ा चम्मच चाट मसाला, 1/4 बड़ा चम्मच जीरा पाउडर, 1/4 बड़ा चम्मच काला नमक, 1 चुटकी धनिया पाउडर और 1/2 बड़ा चम्मच शहद डालें और सभी चीजों को अच्छी तरह मिला लें।
- अपनी पसंद के अनुसार कुछ बर्फ के टुकड़े डालें और गिलास के ऊपर सोडा पानी डालें।
- इसे अच्छी तरह से हिलाएं और आपका होममेड लाहौरी जीरा ड्रिंक तैयार है। ठण्डा करके परोसें।
- आप इसे कुछ पुदीने की पत्तियों और नींबू के पतले टुकड़े से सजा सकते हैं।

### लाहौरी जीरा ड्रिंक के फायदे

- यह आपकी वजन घटाने की यात्रा में मदद कर सकता है।
- यह पेय पाचन समस्याओं से जूझ रहे लोगों के लिए सबसे अच्छा है, खासकर गर्मी के मौसम में।
- चूंकि इसमें जीरा या जीरा होता है, यह प्रतिरक्षा को बढ़ावा देने और एनीमिया का इलाज करने में मदद कर सकता है।
- यह पेय पोषक तत्वों से भरपूर है और शरीर के तापमान को कम करने में आपकी मदद कर सकता है।
- यह अन्य कैलोरी युक्त पेय पदार्थों की तुलना में अधिक स्वास्थ्यवर्धक विकल्प है।

# गर्मियों में खाएं ये फल, पेट और दिमाग दोनों रहेगा ठंडा

इस साल की शुरुआत से ही गर्मी का पारा चढ़ गया था. दोपहर के धूप ने इस महीने से ही लोगों को घर में रहने के लिए मजबूर कर दिया है. लेकिन कुछ लोगों को गर्मियों में काम के लिए बाहर निकलना पड़ता है. ऐसे में अपना खास ख्याल रखना काफी जरूरी है जिसके लिए अपने खानपान को बेहतर रखना. गर्मी के समय में कई मौसमी फल आते हैं, जो आप को गर्मी से बचा सकते हैं. ऐसे मौसम में हमे उन फलों को खाना चाहिए जो पल पानी से भरपूर हो.

गर्मियों में ताजगी और सुगंधित फलों का सेवन करना शानदार रहता है. ये फल आपको ठंडक प्रदान करते हैं और आपको गर्मियों के दौरान ठंडा और ताजगी देते हैं. यहाँ कुछ ऐसे फल हैं जो आप गर्मियों में खा सकते हैं. ये फल आपको गर्मियों के मौसम में ठंडक प्रदान करते हैं और स्वास्थ्य के लिए भी फायदेमंद होते हैं. गर्मियों में तरबूज, आम,और लीची ये फल गर्मियों के मौसम में बाजार में बिकने लगते हैं और इन फलों में पानी की भरपूर मात्रा में पाया जाता है. इसलिए गर्मी में तरबूज का सेवन करना बहुत ही फायदेमंद माना जाता है. इन फलों में पोटेशियम भी पाया जाता है जो शरीर के लिए लाभदायक है.



खीरा: खीरा में गर्मियों के मौसम के लिए हीरा माना जाता है क्योंकि इसमें पानी की मात्रा अधिक होता है. पानी अधिक होने के साथ-साथ इसमें कैलोरी की मात्रा भी बहुत कम होता है.जो शरीर के तापमान को संतुलित रखने में काफी मदद करता है.

पुदीना: पुदीना गर्मियों के मौसम में आपको तरोताजा महसूस करने में काफी मददगार होता है.इस मौसम में पाचन के लिए पुदीना का कोई तोड़ नहीं हैं. हालांकि पुदीना गर्मी के मौसम में आपके लिए वरदान साबित हो सकता है. दही: दही एक ठंडा खाद्य पदार्थ है जो आपको गर्मी से बचने के लिए काफी अच्छा साबित हो सकता है.ये इम्यूनिटी,पाचन और हेल्थ के साथ कई अन्य फायदे के लिए जाना जाता है. इसके सेवन गर्मियों में सेहत के लिए फायदेमंद माना जाता है.

नारियल पानी: नारियल पानी में पोटेशियम,मैग्नीशियम और सोडियम जैसे इलेक्ट्रोलाइट पाये जाते हैं. यह शरीर को हाइड्रेट रखने में काफी मदद करते है.इसलिए नारियल पानी को गर्मियों के मौसम में शरीर के लिए फायदेमंद माना जाता है. संतरा: संतरा एक और सुपर फूड है जो गर्मियों के मौसम में आपको लाभ पहुंचाता है.संतरा विटामिन सी का अच्छा स्रोत होता है और गर्मियों में आपको सुगंधित और ठंडा महसूस कराता है.

## कंगना रनौत की फिल्म इमरजेंसी की रिलीज तारीख फिर टली

कंगना रनौत अब चुनावी मैदान में उतर चुकी हैं। अभिनेत्री हिमाचल प्रदेश की मंडी लोकसभा सीट से चुनावी मैदान में हैं। इस बीच एक बार फिर क्वीन एक्ट्रेस की मोस्ट अवेटेड फिल्म इमरजेंसी पोस्टपोन हो गई है। कंगना रनौत की प्रोडक्शन कंपनी मणिकर्णिका फिल्म्स की ओर से सोशल मीडिया पर इसकी जानकारी दी गई है। मणिकर्णिका फिल्म्स की ओर से एक बयान जारी किया गया है, जिसमें घोषणा की गई कि फिल्म की रिलीज डेट एक बार फिर आगे बढ़ा दी गई है। फिल्म की रिलीज डेट आगे बढ़ाने की वजह लोकसभा चुनाव हैं। जारी बयान में कहा गया है, क्योंकि एक्ट्रेस देश के प्रति अपने कर्तव्य और देश की सेवा करने की प्रतिबद्धता को प्राथमिकता देती हैं। कंगना रनौत ने इस साल की शुरुआत में सोशल मीडिया के जरिए इमरजेंसी की रिलीज डेट का ऐलान किया था। अभिनेत्री ने एक पोस्टर शेयर करते हुए बताया था कि ये फिल्म इसी साल 14 जून को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। लेकिन, अब प्रोडक्शन हाउस की ओर से बताया गया है कि फैंस को फिल्म के लिए अब थोड़ा और इंतजार करना होगा।

प्रोडक्शन हाउस की ओर से जारी पोस्ट में लिखा है- हमारे दिल प्यार से भरे हैं, जिस तरह का प्यार कंगना रनौत को आज के समय में मिल रहा है, वो हम सभी के लिए देखना काफी खुशनसीबी की बात है। कंगना इस समय देश की सेवा करने में जुटी हुई हैं.इस समय देश के लिए उनका कमिटमेंट ही उनके लिए पहली प्रायॉरिटी है।

# बोटोक्स ज्यादा बेहतर या डर्मल फिलर्स, स्किन की सेहत दमदार रखने के लिए कौन ज्यादा कारगर?



हर कोई चेहरे को खूबसूरत बनाना चाहता है. इसके लिए लोग कई प्रयास भी करते हैं, लेकिन फिर भी उन्हें असर नहीं होता है. अगर आप भी सॉफ्ट और बेदाग त्वचा पाना चाहते हैं तो यह खबर आपके लिए है. पिछले कुछ सालों से बोटॉक्स और डर्मल फिलर्स दोनों का चलन काफी बढ़ गया है. कई लड़कियां जमा दिखाने के लिए इन ब्यूटी ट्रीटमेंट का इस्तेमाल करती है. बोटॉक्स और डर्मल फिलर्स दोनों ही त्वचा की सेहत को दमदार बनाने के लिए बेस्ट ऑप्शन हैं. लेकिन इसमें कुछ अंतर है.

**बोटॉक्स और डर्मल फिलर्स का उपयोग**

बोटॉक्स एक न्यूरोटॉक्सिन है, जो फेस की मांसपेशियों की गतिविधि को कम करता है. इससे झुर्रियां कम दिखाई देती हैं. वहीं डर्मल फिलर्स ये इंजेक्टेबल पदार्थ होते हैं, जो त्वचा में खोए हुए आयतन को भरकर, झुर्रियों और रेखाओं को कम करता है. बोटॉक्स का उपयोग माथे की रेखा, नाक के चारों ओर बनी रेखा, डिंपल थोड़ी और गर्दन के बैंड पर किया जाता है. वहीं डर्मल फिलर्स का उपयोग होठों और गालों को बढ़ाने, नाक को नया आकार देने और घावों में सुधार करने के लिए किया जाता है.

**बोटॉक्स और डर्मल फिलर्स बजट**

बात करें इसके बजट की, तो बोटॉक्स, डर्मल फिलर्स की तुलना में प्रति यूनिट थोड़ा काम खर्चीला होता है, लेकिन डर्मल फिलर्स उपचार और उपयोग के लिए बोटॉक्स से थोड़ा ज्यादा महंगा होता है. बोटॉक्स 3 से 6 महीने तक रहता है, तो डर्मल फिलर्स 6 महीने से 2 साल तक रह सकते हैं. वैसे तो बोटॉक्स सुरक्षित माना जाता है लेकिन कुछ लोगों को इससे साइड इफेक्ट हो सकते हैं. जैसे सूजन, सिर दर्द, पिंपल्स, लालिमा आदि.

वही डर्मल फिलर्स भी समान सुरक्षित होते हैं, लेकिन कुछ लोगों की त्वचा पर यह सूट नहीं हो पता है, जिससे उन्हें एलर्जी हो सकती है. अगर आप झुर्रियों को कम करना चाहते हैं, तो आपके लिए बोटॉक्स बेस्ट ऑप्शन रहेगा.

लेकिन आप खोई हुई मात्रा को भरना चाहते हैं, या गहरी करना चाहते हैं, तो आपके लिए डर्मल फिलर्स सही रहेगा. ध्यान रहे कुछ लोगों को इससे एलर्जी हो सकती है अगर ऐसा होता है तो डॉक्टर की सलाह जरूर लें.



## तमन्ना भाटिया और राशि खन्ना की हॉरर कॉमेडी फिल्म अरनमनई 4

तमन्ना भाटिया और राशि खन्ना स्टारर तमिल फिल्म अरनमनई 4 इसी महीने सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। फिल्म 3 मई को रिलीज हुई थी और इसने बॉक्स ऑफिस पर खूब कहर बरपाया। तमिल में बवाल काटने के बाद अब यह फिल्म हिंदी में रिलीज होने के लिए तैयार है। तमन्ना भाटिया और राशि खन्ना के फैंस 24 मई से आपके नजदीकी सिनेमाघरों में हिंदी में हॉरर-कॉमेडी का आनंद ले सकते हैं। तमिल वर्जन को दर्शकों के साथ-साथ क्रिटिक्स ने भी खूब सराहा है। इसने बॉक्स ऑफिस पर 70 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर लिया है और जल्द ही 100 करोड़ रुपये का आंकड़ा छूने को तैयार है।

फिल्म ने तमिल इंडस्ट्री के रफ पैच को खत्म किया और 2024 की पहली तमिल हिट के रूप में उभरी। यह फ्रेंचाइजी में सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म भी है। बता दें, तमन्ना भाटिया और राशि खन्ना स्टारर इस फिल्म ने रिलीज के 10 दिनों के अंदर ही अपना बजट वसूल कर लिया था। इसी के साथ अनरमनई 4 इस साल की सबसे बड़ी तमिल हिट बनकर सामने आई। अब ये फिल्म हिंदी में रिलीज होनी है, ऐसे में मेकर्स को फिल्म से काफी उम्मीदें हैं।

अरनमनई 4 तमन्ना और राशी की फिल्मोग्राफी में एक और प्रतिष्ठित फिल्म बन गई है, जिसमें कई हिट फिल्में शामिल हैं।

## सिंघम अगेन के विलेन अर्जुन कपूर ने पूरी की शूटिंग

कॉप यूनिवर्स के टॉप डायरेक्टर रोहित शेट्टी की मोस्ट अवेटेड अपकमिंग फिल्म सिंघम अगेन 15 अगस्त 2024 को रिलीज होगी या नहीं, यह कोई नहीं जानता, लेकिन इससे पहले फिल्म की चर्चा खूब हो रही है. सिंघम अगेन की चर्चा इसलिए भी खास है, क्योंकि इसमें अर्जुन कपूर विलेन का रोल करने जा रहे हैं.

## तन्वी शेवाले ने अपने उड़ने की आशा भूमिका के लिए मसाज



शो उड़ने की आशा में मसाज थेरेपिस्ट का किरदार निभाने वाली अभिनेत्री तन्वी शेवाले ने अपने किरदार की तैयारियों के बारे में साझा करते हुए कहा कि स्क्रीन पर पेशेवर दिखने के लिए उन्होंने मसाज, मैनीक्योर और पेडीक्योर वीडियो देखे।

रोशनी की भूमिका निभाने वाली तन्वी ने कहा: मैंने कुछ मसाज वीडियो और कुछ मैनीक्योर पेडीक्योर वीडियो देखे, और दृश्यों के लिए उनका अभ्यास किया ताकि यह नकली न लगे और पेशेवर दिखें क्योंकि वह एक पेशेवर हैं और अपने काम में अच्छी हैं। अपनी भूमिका के बारे में अधिक जानकारी देते हुए उन्होंने कहा, मेरा किरदार रोशिनी शो की समानांतर मुख्य भूमिका है। वह एक मसाज थेरेपिस्ट है और महिलाओं को घरेलू सेवाएं देती है। उसका खुद का एक पार्लर खोलने का सपना है इसलिए वह बचत करना और कमाना चाहती है। बहुत सारा पैसा। वह एक बहुत ही महत्वाकांक्षी, व्यावहारिक, स्ट्रीट-स्मार्ट, बहिर्मुखी लड़की है। उसने कम उम्र में अपने जीवन में बहुत सारे सबक सीखे हैं, इसलिए वह एक मजबूत महिला भी है तेजस का जिसे आप आने वाले एपिसोड में देखेंगे।

## शब्द सामर्थ्य - 062

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं :**
1. अनुचित, असत्य, जो ठीक न हो 3. बेवजह, बिनाकारण, व्यर्थ 4. हल्कीनींद, चकमा, धोखा 6. शक्कर पानी आदि का मीठा घोल 10. सोते से उठाना, सावधान करना, प्रदीप्त करना 11. चरमसीमा, सीमांत 14. पानी, आंसू 15. बैठा हुआ, विराजित 16. नृत्य 17. मृतप्राय, मृत्यु के करीब 19. जल, अम्बु 22. उपहार, भेंट 23. खबर, संदेश।

**ऊपर से नीचे**
1. गणपतिजी, 2. मांगनेवाला, पाने की इच्छा करने वाला 3. मिट्टी के रंग का, मटमैला 5. चला आता हुआ क्रम प्रथा, प्रणाली, रीति-रीवाज, 7. निशाचर, रात में विचरण करने वाला 8. पेड़ का धड़ा जहां से शाखाएं निकलती है, 9. मिठाई, खाने की मीठी चीज 12. शासन, हुकूमत 13. श्रद्धा, स्त्री, जयशंकर प्रसाद द्वारा रचित प्रसिद्ध महाकाव्य 15. विपत्तिग्रस्त, दुखी, अभागा 16. प्रसिद्ध, नामवर 18. स्वप्न, ख्वाब 20. करीब, नजदीक, समीप 21. सुबह, प्रातः, सबेरा।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 061 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | भि | षे | क | | प | स | | |
| जा | त | | थ | प | थ | पा | ना | |
| य | र | का | नी | | भ | | र | श्मि |
| ब | घा | र | | क | ष्ट | प्र | द | |
| | त | ना | त | नी | | र्वं | | ब |
| अ | | मा | | ज | मा | त | | ल |
| स | जा | | | | | क | ज | रा |
| बा | | बे | स | हा | रा | | ग | म |
| ब | गु | ला | | रा | ज | दू | त | |

## लाल लहंगे में छलका रकुल प्रीत सिंह के हुस्न का नूर, गॉर्जियस लुक से नजरें हटना हुआ मुश्किल



बॉलीवुड की खूबसूरत और ग्लैमरस अभिनेत्रियों में से एक रकुल प्रीत सिंह आए दिन अपनी फोटोज और वीडियोज शेयर कर अक्सर इंटरनेट पर लाइमलाइट बटौरती रहती हैं। एक्ट्रेस जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम अकाउंट पर पोस्ट करती हैं तो फैंस अक्सर उनके हुस्न के कायल हो जाते हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट लुक्स से लोगों को इस कदर कायल किया हुआ है कि हर कोई उनकी तारीफ करते नहीं थकता है। एक्ट्रेस रकुल प्रीत सिंह हमेशा अपने बोल्ड लुक्स की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर कर फैंस का सारा ध्यान अपनी ओर खींच लेती हैं।उनका हर एक लुक इंस्टाग्राम पर आते ही तेजी से वायरल होने लगता है। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें सोशल मीडिया पर पोस्ट की हैं।इन तस्वीरों में उनका सिजलिंग अंदाज देखकर फैंस के होश उड़ गए हैं। साथ ही उनकी तारीफों के पुल बांधते नहीं थक रहे हैं।फोटोशूट के दौरान रकुल प्रीत सिंह ने रेड कलर का लहंगा और साथ ही रिवीलिंग ब्लाउज पहना हुआ था, जिसमें उनका हॉटनेस भरा अवतार देखकर लोगों की नजरें हटना मुश्किल हो गई थी। रकुल प्रीत सिंह बॉलीवुड की उन अभिनेत्रियों में से एक हैं, जिसकी हर एक झलक पाने के लिए फैंस उनकी फोटोज का बेसब्री से इंतजार करते हैं।कानों में इयररिंग्स, बालों को हाई पोनी लुक देकर और साथ ही ग्लैम मेकअप कर के एक्ट्रेस रकुल प्रीत सिंह ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है।इन तस्वीरों में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस एक से बढ़कर एक सिजलिंग अंदाज में पोज देते फैंस का सारा ध्यान अपनी ओर खींचती हुई नजर आ रही हैं।

अवैध ईंट के कारोबार से रॉयल्टी की चोरी कर रहे, शासन को हर महीने 3 लाख रुपए से अधिक का नुकसान

# ओपन कास्ट खदान क्षेत्र में 35 से ज्यादा अवैध ईंट भट्ठे

## चोरी के कोयले का ईंट पकाने में इस्तेमाल



**कोरिया बैकुंठपुर।** सरगुजा संभाग में सबसे बड़ा अवैध ईंट भट्ठे का उद्योग बड़ा बाजार के इंद्रा नगर में एसईसीएल की 10 एकड़ लीज भूमि पर 2 दशक से संचालित किया जा रहा है। इसके ठीक सामने एसईसीएल चिरमिरी क्षेत्र का ओपन कास्ट कोयला खदान है जहां से रोज रात चोरी का कोयला ईंट पकाने में उपयोग किया जाता है। बावजूद खनिज विभाग से लेकर स्थानीय प्रशासन आज तक कार्रवाई नहीं कर सका है।

अवैध लाल ईंट भट्ठे से रोजाना 5 से 6 ट्रक ईंट चिरमिरी समेत आसपास के ग्रामीण इलाकों में भिजवाई जा रही है। ईंट लेकर कंडम ट्रक चिरमिरी के मुख्य मार्गों से गुजरती हैं बावजूद इनपर कोई कार्रवाई नहीं होती है।खासबात यह है कि ईंट भट्ठा संचालक इसके लिए खनिज विभाग में रॉयल्टी तक नहीं दे रहे हैं। चोरी की बिजली, चोरी का कोयला और मुफ्त की जमीन पर संचालक अच्छा मुनाफा कमा रहे हैं। चिरमिरी में विभागीय अधिकारी छोटे ईंट भट्ठों पर तो कार्रवाई करते हैं लेकिन इंद्रा नगर के ईंट भट्ठों पर कार्रवाई नहीं होती है। बता दें कि ओपन कास्ट खदान क्षेत्र में बड़ा बाजार से बरतुंगा तक लगभग 35 से ज्यादा अवैध ईंट भट्ठा संचालित हो रहे हैं जिनसे खनिज विभाग को करीब 20 लाख रुपए की रॉयल्टी का नुकसान हो रहा है। अवैध ईंट का यह पूरा काम एसईसीएल के सुरक्षाकर्मी से लेकर अफसरों, खनिज विभाग के अफसरों की मिलीभगत से हो रहा है। वहीं ईंट पकाने व कोयले की आपूर्ति करने ईंट भट्ठा संचालक एसईसीएल खदानों से अवैध कोयला भी चोरी कराते हैं। ओसीपी चिरमिरी और इंद्रा नगर बड़ा बाजार से चिरमिरी थाना की दूरी एक किमी है, जबकि एसडीएम और तहसील कार्यालय 500 मीटर की दूरी पर संचालित हैं। एसईसीएल के अधिकारी और यूनियन नेताओं का आना-जाना इसी सड़क से होता है, लेकिन कार्रवाई नहीं होती है। दूसरी ओर खनिज विभाग के अनुसार जिले में 6 लोगों को लाल चिमनी ईंट बनाने की अनुमति दी गई है।

**चोरी की बिजली और पानी का हो रहा अवैध उपयोग**

चिरमिरी ओसीपी से हर महीने में 15 टन से अधिक चोरी का कोयला इंद्रा नगर में संचालित अवैध ईंट भट्ठा में ईंट पकाने के लिए उपयोग किया जा रहा है। यहां पर्यावरण विभाग, खनिज विभाग समेत राजस्व विभाग की नजर नहीं पड़ती है। यहां रॉयल्टी क्लीयरेंस का भी मामला नहीं आता, जबकि अवैध तरीके से मिट्टी, कोयला, चोरी की बिजली और पानी का उपयोग किया जा रहा है।

बैकुंठपुर 7 ईंट बनाने के पर्यावरण विभाग से अनुमति लेना जरूरी है। अनुमति के बिना ईंटा बनाना गैरकानूनी है लेकिन जिले में 100 से अधिक छोटे-बड़े ईंट भट्टों का संचालन बिना अनुमति के किया जा रहा है। इससे न सिर्फ पर्यावरण को नुकसान पहुंच रहा है, बल्कि कोयला, पानी, मिट्टी, चोरी की बिजली का जमकर इस्तेमाल किया जा रहा है। आधा दर्जन से अधिक ईंट भट्टे तो कलेक्ट्रेट कार्यालय से दो किमी के दायरे में ही संचालित हैं। इनके खिलाफ आज तक कार्रवाई नहीं की गई। वहीं जिले के चिरमिरी, मनेंद्रगढ़ सहित ब्लॉक सोनहत, खड़गवां, जनकपुर में भी अवैध ईंट भट्ठों का संचालन हो रहा है। खनिज विभाग के अधिकारियों को भी इसकी जानकारी है लेकिन अवैध ईंट भट्ठों पर कार्रवाई करने में लापरवाही हो रही है लेकिन जिले में पूरा खेल सेटिंग पर चल रहा है।

# वन विभाग के लापरवाही के कारण बेश कीमती वनभूमि में लगातार अवैध कब्जा



**कोरिया बैकुंठपुर।** मनेंद्रगढ़ वन मंडल के जनकपुर क्षेत्र के ग्रामीणों व जनप्रतिनिधयों के लिखित शिकायत के बावजूद वन विभाग के द्वारा किसी प्रकार अतिक्रमण हटाने की कोई कार्यवाही नही होने से क्षेत्रवासी सम्वन्धित क्षेत्र के कर्मचारी अधिकारी पर भारी भरकम राशि लेने के एवज में वनभूमि पर अतिक्रमण किये जाने का आरोप भी लगा रहे है।उक्त सम्बन्ध में ज्ञात हो कि वनभूमि में कुछ माह से हो रहे लगातार बेतहाशा अवैध अतिक्रमण को लेकर वन विभाग के द्वारा किसी भी प्रकार की कार्यवाही देखने को नही मिला नतीजा यह रहा कि जनकपुर मुख्यालय जहाँ वनविभाग का अनुभाग व वनपरिक्षेत्र कुवारपुर, जनकपुर, बहरासी का कार्यालय स्थापित है व उच्च अधिकारी उपवनमण्डल भरतपुर व वनपरिक्षेत्र अधिकारी के उपस्थिति के बावजूद यहां के वनभूमि में बड़ी तेजी से अबैध कब्जा की बाढ़ आ गयी है जनकपुर मुख्यालय के भगवानपुर मार्ग पर महज कुछ मीटर दूरी पर लगे जंगल क्षेत्र में लोगो का अवैध कब्जा बदस्तूर जारी है लेकिन वन अमले को जानकारी होने के बाद भी वन अमला व मुख्यालय में उपस्थित उच्च अधिकारियो का मौन भी वृहद अनियमितता की ओर इशारा कर रहा है ।

इसी तरह जनकपुर के मनेन्द्रगढ़ मार्ग व शहडोल मार्ग में भी लोगो ने जंगल भूमि पर अवैध कब्जा कर लिया है, वनविभाग के मिलीभगत से त्रस्त होकर क्षेत्र के ग्रामीणो व जनकपुर के पंच, सरपंच के द्वारा करीब दो वर्ष पूर्व जनकपुर के वनभूमि से अवैध कब्जे को हटाने को लेकर वनमण्डलाधिकारी मनेन्द्रगढ़ को लिखित आवेदन किया था।

# नगर पालिका की निष्क्रियता के कारण नाली का पानी घर में सीपेज हो रहा है, जिम्मेदार नहीं दे रहे हैं ध्यान



**कोरिया बैकुंठपुर।** जिला मुख्यालय बैकुंठपुर में नगर पालिका के निष्क्रियता के कारण तथा ठेकेदार के मनमानी से आम नागरिक परेशान है बैकुंठपुर नगरपालिका का आलम यह है कि कहीं रोड में तो कहीं घर में पानी जा रहा है लेकिन नगर पालिका अपने इंजीनियरों के ऊपर लगाम लगाने में नाकाम नजर आ रहा है जिससे ऐसा लगता है कि कहीं ना कहीं नगर पालिका प्रशासन एवं भ्रष्ट इंजीनियरों की मिली भगत के कारण आम नागरिक परेशान है जबकि नगर पालिका प्रशासन को बरसात के पूर्व नाली निर्माण तथा पानी निकासी की व्यापक व्यवस्था कर लेनी चाहिए लेकिन ऐसा कहीं भी नजर नहीं आ रहा है अगर गर्मी के दिनों में हाल है तो आने वाले बरसात के दिनों में क्या हाल होगा सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है मामला चाहे जो भी हो लेकिन बैकुंठपुर नगर पालिका हमेशा से सवालों के घेरे में रहा है जानकारी के अनुसार वार्ड क्रमांक 14 सोसाइटी गली आईसी मार्ट के बगल में ठेकेदार के द्वारा नाली निर्माण आधा अधूरा छोड़ दिया है जिसमें 7 या 8 घर वाले भारी दिक्कत का सामना कर रहे हैं द्य इसी प्रकार महलपारा के आगे शिव मंदिर के समीप नाली गटर का पानी सड़क में बह रहा है जिसे ध्यान देने वाला कोई नहीं है वार्ड वासियों ने इसकी शिकायत कई बार नगर पालिका प्रशासन को की है तथा इसी वार्ड के नागरिकों ने चुनाव पूर्व चुनाव बहिष्कार का भी पत्र नगर पालिका को दिया था लेकिन जैसे तैसे में मान मनौवल कर चुनाव कार्य पूर्ण कराया गया। बावजूद इसके नगर पालिका क्षेत्र के नागरिकों के द्वारा किसी बड़े आंदोलन का इंतजार कर रहा है।

# चंगाई सभा की आड़ में लालच देकर भोले भाले लोगों को धर्म बदलने कर रहे ब्रेनवास, 6 गिरफ्तार

**बलरामपुर।** छत्तीसगढ़ के बलरामपुर जिले में मतांतरण के आरोप पर छह लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इनमें तीन महिला तथा तीन पुरुष है। यह कार्रवाई बसंतपुर थाना क्षेत्र में हुई है। फुलमनी नामक महिला की शिकायत पर पुलिस ने छत्तीसगढ़ धर्म स्वतन्त्रा अधिनियम के तहत कार्रवाई की है। महिला ने लिखित शिकायत की थी कि उसके पति का स्वास्थ्य ठीक नहीं रहता है। महिला को पैसे का प्रलोभन दिया गया था। उसे झांसा दिया गया था कि उसके पति को ठीक कर दिया जाएगा। इसके लिए रविवार शाम को एक घर में आयोजित चंगाई सभा में उसे मतांतरण के लिए बुलाया गया था। शिकायत पर बसंतपुर थाना प्रभारी कुमार चंदन सिंह के साथ पुलिस की टीम उक्त मकान में पहुंची थी। वहां बीमारी ठीक करने,कष्टों के निवारण का झांसा देकर लोगों को बुलाया गया था। पूछताछ में प्रलोभन की पुष्टि पर पुलिस ने कार्यक्रम आयोजन के



संबन्ध में जानकारी मांगी। कोई अनुमति नहीं ली गई थी। ऐसे में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए छह लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। संबंधित लोगों से पूछताछ की जा रही है। मत परिवर्तन करने के लिए दबाव बनाए जाने का भी आरोप लग रहा है। इसके पहले जिला मुख्यालय बलरामपुर में भी मतांतरण के आरोप पर कुछ लोगों को गिरफ्तार किया गया था।

## बीड़ी जलाने माचिस नहीं देने पर युवक की पिटाई

**बिश्रामपुर।** कुरुवां गांव में बीड़ी जलाने के लिए माचिस नहीं देने पर एक युवक की बेदम पिटाई कर घायल कर देने के मामले में बिश्रामपुर पुलिस ने आरोपित देवलाल के विरुद्ध अपराध दर्ज कर लिया है। कुरुवां के माझापारा में गुरुवार की रात करीब आठ बजे गांव के देवलाल राजवाडे पिता स्वर्गीय रामप्रसाद राजवाडे ने मोहल्ले के ही सुनील राजवाडे से बीड़ी पीने के लिए माचिस मांगी। माचिस नही देने से नाराज देवलाल ने हाथ मुक्का और लाठी से उसकी बेदम पिटाई कर दी। उसका सुरजपुर एक निजी अस्पताल में उपचार जारी है। घायल सुनील की बहन सुमित्रा राजवाडे पति कलेश्वर राजवाडे की रिपोर्ट पर बिश्रामपुर पुलिस ने आरोपित देवलाल राजवाडे के विरुद्ध धारा 294, 506, 323 के तहत अपराध दर्ज कर लिया है।

## जमीन विवाद पर दो पक्षों में मारपीट, अपराध दर्ज

**बिश्रामपुर।** महेशपुर गांव में जमीन विवाद की रंजिश पर दो पक्षों में जमकर हुई मारपीट के मामले में लटोरी पुलिस ने दोनों पक्षों के विरूद्ध मारपीट का काउंटर अपराध दर्ज कर लिया है। घटना में घायल संजय राजवाड़े पिता हीरासाय राजवाड़े की रिपोर्ट पर लटोरी पुलिस ने भुवनेश्वर राजवाड़े उसके पिता दयाराम राजवाड़े एवं भाई संजय राजवाडे के विरुद्ध धारा 294, 506, 323, 34 के तहत अपराध दर्ज किया है। वही भुवनेश्वर राजवाड़े की रिपोर्ट पर हीरासाय राजवाड़े, कैलाश राजवाड़े, संजय राजवाड़े एवं जीवन राजवाडे के विरुद्ध धारा 294, 506, 323, 34 के तहत काउंटर अपराध दर्ज कर लिया है।

# हाथी को देख बचने के लिए पेड़ पर चढ़ रहे ग्रामीण को सूढ़ से गिराकर पटका

**प्रतापपुर।** रविवार सुबह वन परिक्षेत्र प्रतापपुर अंतर्गत टुकुडांड़ के जंगल में तेंदूपत्ता संग्रहण करने गए एक वृद्ध ग्रामीण की हाथी के हमले में मौत हो गई। घटना के समय कई और ग्रामीण वहां मौजूद थे लेकिन वे समय रहते वहां से सुरक्षित बच निकले। लेकिन वृद्ध थोड़ी देर में हाथी को देख पाया। वह बचने के लिए एक पेड़ पर चढ़ने का प्रयास करने लगा लेकिन हाथी ने उसे सूंड़ से खींचकर जमीन पर पटक दिया।

जानकारी के अनुसार रविवार को तड़के रामकुमार पिता जूठन उम्र 62 वर्ष निवासी गणेशपुर चिटकाबहरा अन्य ग्रामीणों के साथ वन परिक्षेत्र प्रतापपुर अंतर्गत वनक्षेत्र टुकुडांड़ के कक्ष क्रमांक 43 में में तेंदूपत्ता संग्रहण करने गया था। इसी दौरान ग्रामीणों को क्षेत्र में विचरण कर रहे हाथियों के दल के एक हाथी की अपने आसपास मौजूदगी की आहट सुनाई दी। तभी ग्रामीणों ने देखा कि एक हाथी हमलावर मुद्रा में उनकी ओर बढ़ रहा है। हाथी को अपनी ओर बढ़ता देख तेंदूपत्ता संग्रहण का कार्य कर रहे अन्य ग्रामीण तो किसी तरह से अपनी जान बचाने जंगल से बाहर भागने में सफल हो गए पर रामकुमार (मृतक) नहीं भाग सका। वह अपनी जान बचाने के लिए जंगल में मौजूद एक पेड़ पर चढ़ने का प्रयास करने लगा पर इससे पहले की वह पेड़ पर चढ़ पाता हाथी ने उसे अपनी चपेट में लेते हुए सूंड़ में लपेटकर जमीन पर पटका और पैरों से कुचल दिया।

उसकी मौके पर ही उसकी मौत हो गई। सूचना पर वन विभाग की टीम के साथ मौके पर पहुंचे रेंजर उत्तम मिश्रा विभागीय वाहन द्वारा मृतक के शव को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रतापपुर लाए जहां पोस्टमार्टम की कार्रवाई पूर्ण करा शव स्वजनों को सौंप दिया। इसके पश्चात वन विभाग की टीम ने रेंजर उत्तम मिश्रा के निर्देश पर मृतक के घर पहुंचकर उसके स्वजनों को तात्कालिक सहायता राशि के रूप में 25 हजार रूपए नकद प्रदान किया।

## नाश्ता करने गए युवक की मोटरसाइकिल चोरी

**सूरजपुर।** नगर के भैयाथान रोड स्थित गोलू होटल के सामने से मोटरसाइकिल चोरी हो जाने के मामले में कोतवाली पुलिस ने अज्ञात आरोपित के विरुद्ध चोरी का अपराध दर्ज कर लिया है। घटना शुक्रवार शाम की है। कृष्णपुर कलुआ निवासी राजू शर्मा शुक्रवार को दवा लेने अपनी हीरो पैशन प्रो मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 15 सीए 4719 से सूरजपुर आया था। जहां वह गोलू होटल के सामने रोड किनारे मोटरसाइकिल खड़ी कर होटल में नाश्ता करने घुसा था। उसी दौरान अज्ञात चोर ने उसकी मोटर साइकिल चोरी कर ली।

## बंधक बने चार मजदूर कर्नाटक से वापस लौटै

**अंबिकापुर।** कर्नाटक में बंधक के रूप में काम कर रहे मैनपाट के चार ग्रामीणों की सकुशल घर वापसी रविवार को हुई। कलेक्टर श्री विलास भोसकर के निर्देश पर जिला एवं पुलिस प्रशासन की टीम की सक्रियता से इन्हें वापस लाया गया। बता दें कि जिले के मैनपाट क्षेत्र के चार ग्रामीण कर्नाटक के कुसल नगर बेला कुपा में श्रमिक के रूप में कार्य कर रहे थे। इन ग्रामीणों को मैनपाट के एले नामक व्यक्ति द्वारा ज्यादा मजदूरी वेतन का लालच देकर ले जाया गया था। किंतु वहां ले जाकर उन्हें कम वेतन दिया जा रहा था। साथ ही मालिक के द्वारा गृह जिला वापस नहीं आने दिया जा रहा था। दबाव बनाकर बंधक श्रमिकों के रूप में काम कर रहे लोगों में राकेश, विजय, सागर, शिवचरण शामिल हैं। ग्राम कोट कापापारा थाना सीतापुर के निवासी राकेश ने किसी तरह अपने बड़े भाई संतोष कुमार से संपर्क किया और घर वापस आने में आ रही कठिनाई से अवगत कराया। इस पर संतोष ने प्रशासन से संपर्क कर ग्रामीणों की सुरक्षित घर वापसी का आग्रह किया। कलेक्टर भोसकर के संज्ञान में घटना की जानकारी आते ही उन्होंने प्रशासनिक टीम को तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए।

## नाबालिग प्रेमी जोड़े का फांसी पर लटका मिला शव, शनिवार से थे गायब

**बलरामपुर।** बलरामपुर जिले के राजपुर थाना क्षेत्र के ग्राम धंधापुर में नाबालिग प्रेमी जोड़े का फांसी पर लटका शव मिला है। पेड़ के एक ही डंगाल पर दोनों ने फांसी लगाई थी। राजपुर पुलिस ने घटनास्थल पहुंच कर ग्रामीणों की मदद से दोनों शव को नीचे उतरवाया है। मृतकों की पहचान हो चुकी है। आत्महत्या के कारणों का अभी तक पता नहीं चल सका है। राजपुर थाना के ग्राम धंधापुर के डुमरपारा मोहल्ले में नदी के किनारे पेड़ पर नाबालिग प्रेमी जोड़े का फांसी पर लटका शव सबसे पहले एक चरवाहे ने देखा। उसने गांव वालों को घटना की जानकारी दी। मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने दोनों की पहचान भी कर ली। नाबालिग पड़ोस के गांव बघिमा का रहने वाला था। कुछ समय से वह धंधापुर में अपने बुआ के घर रहता था। उसका प्रेम संबंध धंधापुर की एक नाबालिग लड़की से हो गया था। शनिवार शाम से ही दोनों लापता थे। घरवाले दोनों की खोजबीन कर रहे थे लेकिन कुछ पता नहीं चल रहा था। इसी बीच रविवार शाम दोनों का शव फांसी के फंदे पर लटकता मिला। दोनों ने आत्महत्या क्यों की इसकी जानकारी अभी तक सामने नहीं आई है। मामला सीधे प्रेम प्रसंग का है,उसी आधार पर पुलिस मामले की जांच कर रही हैं। स्वजन से पूछताछ के बाद आत्महत्या का कारण स्पष्ट हो सकेगा। पुलिस को घटनास्थल से कोई सुसाइड नोट भी नहीं मिला है।

## 10 रूपए के कुरकुरे के चक्कर में भाईयों में विवाद, एक ने फांसी लगाई

**लखनपुर।** पैकेट फूड (कुरकुरे) खाने को लेकर दो नाबालिग भाइयों में विवाद हो गया। 10 वर्ष के बड़े भाई ने गुस्से में छोटे भाई को थप्पड़ मार दिया। छोटे भाई की शिकायत पर डांट के भय से बड़े भाई ने फांसी लगा ली। यह दुखद हादसा कुन्नी पुलिस चौकी के कुंडली धरापारा में हुआ। दुखद घटना से स्वजन का रो- रो कर बुरा हाल है। पुलिस के अनुसार धर्मेंद्र सिंह के 10 वर्षीय बड़े पुत्र रोहित सिंह का कुरकुरे खाने को लेकर छोटे भाई से विवाद हो गया था। बड़े भाई ने छोटे भाई को थप्पड़ भी मार दिया था। छोटे भाई द्वारा माता-पिता से शिकायत किए जाने तथा डांट के डर से नाबालिग ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घर के नजदीक रतनजोत के पेड़ पर बालक ने फांसी लगाई थी। सूचना पर कुन्नी पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच की।

# टाइगर प्वाइंट में आने वाले लोगों ने की जमकर गंदगी, कचरे को भेजा गार्बेज कैफे में

**मैनपाट।** छत्तीसगढ़ के प्रमुख पर्यटन स्थल मैनपाट में साफ-सफाई को लेकर यहां के युवाओं ने अभियान छेड़ रखा है। खासकर मैनपाट के पर्यटन केंद्रों में सैलानियों द्वारा फैलाए जाने वाले कचरे को कम करने प्रति रविवार को युवाओं द्वारा साफ-सफाई की जा रही है। इस बार सैलानियों को गुलाब का फूल देकर आग्रह किया गया कि कचरा न फैलाएं। निर्धारित स्थलों पर उपलब्ध डस्टबिन में ही कचरा फेंके। पुलिस प्रशिक्षण विद्यालय (पीटीएस) के अधिकारी-जवानों ने भी इस बार स्वच्छता के लिए श्रमदान किया। लगभग एक पिकअप प्लास्टिक कचरा एकत्रित कर गार्बेज कैफे अंबिकापुर भेजा गया है। युवाओं के इस प्रयास की जमकर सराहना हो रही है।

मैनपाट युवा टीम के द्वारा पिछले रविवार की भांति इस रविवार को मैनपाट के प्रमुख पर्यटन स्थल टाइगर प्वाइंट पर पुनः स्वच्छता अभियान चलाया गया।रविवार सुबह से ही युवाओं की टीम ने टाइगर प्वाइंट पहुंच कर श्रमदान किया। अभियान



के दौरान एक पिकअप कचरा एकत्रित कर गार्बेज कैफे जा गया। सफाई अभियान के पश्चात टाइगर प्वाइंट में आने वाले पर्यटकों व स्थानीय दुकानदारों को गुलाब भेंट कर स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। पर्यटकों को गुलाब का फूल देते हुए आग्रह किया गया कि पर्यटन स्थलों में स्वच्छता का विशेष ध्यान दें। मैनपाट की खूबसूरती में कचरा फैला दाग न लगाएं। प्लास्टिक का उपयोग कम करें व कचरों का निस्तारण सही तरीके से करें। अभियान में पीटीएस के एसपी सचिन्द्र चौबे के मार्गदर्शन में पीटीएस के जवान , मैनपाट आइटीआइ के छात्र व टाइगर प्वाइंट में कार्यरत महिला समूह की महिलाएं जुड़ीं। सभी ने मिलकर तीन घण्टे से अधिक समय तक श्रमदान किया। युवा टीम के सदस्य कमलेश सिंह ने कहा कि मैनपाट को प्रकृति ने बहुत कुछ दिया है। इसे स्वस्थ एवं सुंदर बनाए रखने के लिए जरूरी है गन्दगी कम करें। और यह सब सबके जागरूकता से ही सम्भव है। हमारा अभियान साफ सफाई के साथ लोगों को जागरूक करना भी है ताकि समस्या का स्थायी समाधान निकल जाए। टीम के ही सदस्य दीपांशु गुप्ता ने बताया कि हमारी कोशिश है प्रत्येक रविवार को मैनपाट के पर्यटन स्थलों की साफ - सफाई कर पर्यटकों व स्थानीय लोंगो तक यह संदेश पहुंचाना की स्वच्छता सभी की जिम्मेदारी है। सभी के सहयोग से ही मैनपाट को स्वच्छ रख सकतें हैं। कार्यक्रम में मैनपाट यूथ टीम से विशाल सिंह, हिमांशु यादव, विनय सागर, रामकृष्ण सिंह,अमित सिन्हा, राकेश यादव, मनीष पोर्ते, समर चौबे,देव नामदेव,सुखसागर चौहान सहित पुलिस ट्रेनिंग स्कूल के सीडीआई रोशन दहल के नेतृत्व में संजय यादव,कीर्ति प्रताप,पप्पू सिंह सहित अन्य जवान उपस्थित रहे।

# सीमा लांघता वायु प्रदूषण, अब कठोरता

## अंधड़ की स्थिति में उड़ने वाली राख से जनजीवन पर असर



कोरबा। औद्योगिक जिले के मामले में यह बात पुख्ता होती जा रही है कि उद्योगों की उपस्थिति होगी तो वायु प्रदूषण भी होगा और इससे परेशान भी होंगे। हालांकि यह सब तस्वीर लंबे समय से यहां कायम है। हर बार की तरह गर्मी के सीजन में अंधड़ चलने पर बिजली घरों के एश डाइक से उड़ने वाली राख जनजीवन को बुरी तरह से प्रभावित कर रही है। दावा किया जा रहा है कि ऐसे मामलों में अब सरकारी रूख कठोर हुआ है।

सामान्य दिनों की तुलना में इस मौसम में कई कारणों से वायु प्रदूषण का स्तर बढ़ रहा है। जिले में स्थित बिजली घरों के अलावा माइंस इलाके में इस प्रकार की समस्याएं ज्यादा है। प्रदूषण के स्तर को दायरे में कैसे रखा जाए इसके लिए कोशिश जारी है। छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल ने अलग-अलग स्थानों पर प्रदूषण की नापजोख करने वाले उपकरण स्थापित किये हैं। इसके माध्यम से निश्चित समय सीमा में पड़ताल की जाती है कि प्रदूषण कहां तक पहुंचा और यह अपने औसत स्तर से नीचे है या उपर। इस आधार पर अगले कदम उठाए जाने को अनिवार्य किया गया है। जिले में सीएसईबी, बालको और एनटीपीसी के बिजली घरों से उत्सर्जित राख को रखने के लिए बनाए गए पॉंड हर हाल में नमीयुक्त रहे, इसके लिए प्रबंधन को निर्देशित किया गया है। इसके बावजूद अगर तेज हवा चलने पर यहां से राख का उड़ना हुआ और इसके कारण आसपास के जनजीवन पर असर पड़ा तो प्रबंधन के विरूद्ध कार्रवाई होगी। इस तरह के निर्देश पर्यावरण विभाग की ओर से दिए गए थे। सख्ती के बाद हरकत में आए प्रबंधनों को सुधार की दिशा में कोशिश करनी पड़ी। इसके लिए प्रचार भी किया गया कि एश डाइक को सुरक्षात्मक और जनजीवन के लिहाज से बेहतर करने हेतु बहुत कुछ किया गया। लेकिन देखने को आ रहा है कि मई में जब कभी भी तेज रफ्तार से अंधड़ की उपस्थिति हुई, शहर और आसपास के हिस्से में राखड़ वर्षा आई, इसलिए ऐसे प्रकरणों में अधिक कठोरता की जरूरत महसूस की जा रही है।

### की जा रही पेनाल्टी

*वायु प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए पर्यावरण संरक्षण विभाग गंभीर है। दिए गए निर्देशों के क्रम में निगरानी की जा रही है। हाल में ही ऐसे मामले को लेकर बालको पर पेनाल्टी की गई है। जहां भी उपेक्षा का प्रदर्शन होगा, निश्चित तौर पर इस प्रकार के कदम उठाए जाएंगे।*

***-प्रमेंद्र पांडेय, क्षेत्रीय अधिकारी पर्यावरण संरक्षण***

# द बर्निंग कार, पिता-पुत्र कूदे तब कहीं बची जान



**कोरबा।** जान बचाने के लिए पिता-पुत्र को हाथ-पैर की परवाह किए बिना कार से कूदना पड़ा। कार के रफ्तार के दौरान वह आग से घिर गई। दर्री थाना अंतर्गत हसदेव बरॉज के पास चलती कार में आग लग गई। आग कैसे और क्यों लगी इस बात की जानकारी नहीं मिल सकी है। इससे पहले ही आग विकराल रुप लेती कार सवार पिता और पुत्र ने कूदकर अपनी जान बचा ली। घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई,लोग धू-धूकर जल रही कार को देखते रहे। सूचना मिलने के बाद दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची और किसी तरह आग को बुझाया। इस हादसे में कार पूरी तरह से जलकर खाक हो गई है। पुलिस को मामले की जानकारी दी गई है। उक्तानुसार वाहन मालिक के द्वारा बीमा कंपनी को क्लेम किया जाएगा ताकि नियमों के तहत वह प्रतिपूर्ति प्राप्त कर सके।

## मनमाने तरीके से जलापूर्ति ने बढ़ाई किल्लत



**कोरबा।** वार्ड संख्या 12 शारदा विहार और मुड़ापार क्षेत्र में जलापूर्ति को लेकर नगर निगम का मनमाना रवैया लोगों की परेशानी बढ़ा रहा है। पिछले कुछ दिनों से सुबह की शिफ्ट में 30 मिनट ही सप्लाई की जा रही है। यही ढर्रा शाम के समय बना हुआ है। जबकि कई मौकों पर आपूर्ति होती ही नहीं है। लोगों की शिकायत है कि सप्लाई के दौरान पर्याप्त प्रेशर न होने से जन सामान्य को उनकी जरूरत के हिसाब से पानी नहीं मिलता है। कृष्णानगर, डिपरापारा, आरएसएस नगर आदि इलाकों में भी कमोबेश इसी प्रकार की समस्याएं हैं। गर्मी के मौसम में जब पानी की ज्यादा मांग बनी हुई है, ऐसे में आपूर्ति को लेकर अजीबोंगरीब व्यवस्था लोगों को परेशान कर रही है। लोगों का कहना है कि उन्होंने अलग-अलग स्तर पर शिकायत की है लेकिन समाधान नहीं हुआ।

# आंधी-तूफान से समलाई में उजड़े कई घर

## नुकसानी का आंकलन करने में पटवारी बरत रहा लापरवाही



**कोरबा।** इस माह जिले के पोड़ी उपरोड़ा विकासखंड के ग्राम समलाई व पिपरिया में आए आंधी-तूफान की वजह से प्राकृतिक आपदा ने कई ग्रामीणों के मकान की सीट व छज्जा उड़ गए तथा घरों पर पेड़ गिरने से उन्हें काफी नुकसान उठाना पड़ा है। लेकिन राजस्व विभाग के अधिकारी व कर्मचारी नुकसानी का आंकलन करने तथा पीड़ितों को क्षतिपूर्ति देने के मामले में भारी कोताही बरत रहे हैं। विभाग द्वारा संबंधित पटवारी को शीघ्र ही क्षति का आंकलन कर रिपोर्ट देने का निर्देश दिया गया है। लेकिन पटवारी इस मामले में लापरवाही बरत रहा है। पटवारी द्वारा अब तक न तो गांव में आमद दी गई है और न ही किसी प्रकार का सर्वे कार्य शुरू किया गया है जिससे ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है। ग्रामीणों द्वारा संपर्क किये जाने पर पटवारी चुनाव ड्यूटी का हवाला दिया जा रहा है।

जानकारी के अनुसार गत 11 मई को कोरबा जिले के विकासखंड पोड़ी उपरोड़ा अंतर्गत स्थित ग्राम समलाई एवं पिपरिया में जबरदस्त आंधी-तूफान आया था। आंधी तूफान की रफ्तार काफी तेज होने के कारण कई ग्रामीणों के घरों के छज्जा उड़ गए थे तथा पेड़ व बिजली के खंभे भी गिर गए थे। कई पेड़ ग्रामीणों के घरों में गिरने के कारण मकान को काफी क्षति पहुंचा है। ग्रामीणों द्वारा इसकी सूचना अधिकारियों को दिए जाने पर क्षेत्र में नुकसानी का सर्वे कराए जाने तथा मुआवजा दिए जाने की बात कही गई थी लेकिन राजस्व विभाग के जिम्मेदार अधिकारी व पटवारी न तो अब तक तूफान से पीड़ित गांव में पहुंचा है और न ही किसी प्रकार का सर्वे करने की कार्रवाई कर रहा है। समलाई निवासी कैलाश कुमार पिता मंगल सिंह, गोपाल पिता बुंदेश्वर, सुकलाल पिता धुरसाय ने बताया कि आंधी तूफान की वजह से उनके घरों के छप्पर उड़ गए हैं तथा मकान में पेड़ों के गिरने के कारण काफी नुकसान हुआ है। उन्होंने उच्चाधिकारियों को ध्यान एक बार फिर आकर्षित कर मुआवजा दिलाए जाने की मांग की है। गांव के कैलाश, गोपाल, सुकलाल के अलावा कई अन्य ग्रामीण भी हैं जिनके घरों को तूफान की वजह से काफी नुकसान हुआ है।

## असंगठित मजदूरों को संगठित कर रहा एसकेएमएस

**कोरबा।** कुसमुंडा क्षेत्र में सारे कामकाज ठेका मजदूरों के द्वारा किया जा रहा है। इन ठेका मजदूरों को संगठित करने का काम एसकेएमएस के विरेन्द्र टंडन और अजीत सिंह के नेतृत्व में किया जा रहा है। इनका कहना है कि क्षेत्र में लगातार ठेका मजदूरों की संख्या बढ़ती जा रही है। इनकी हाजरि भी बायोमेट्रिक प्रणाली से लगाए जाने की जरूरत है। कार्यस्थल में पानी की व्यवस्था होनी चाहिए। वेंतन में भी किसी प्रकार की कमी न रहे देखने में आया है कि उन्हें निर्धारित वेंतन के आधार पर पैसे नही मिलते है। विरेन्द्र टंडन ने कहा कि कुसमुंडा क्षेत्र में एसकेएमएस मजबूत हो रहा है। उनके कार्यकर्ता लगातार मेहनत रहे है। इसका अंजादा अभी से लगने लगा है। इकाई के मुकेश साहू, महेन्द्र यादव, अश्वनी साह, लगातार मेहनत कर रहे है।

***कोरबा।** आरएसएस नगर से अयोध्या गया 70 राम भक्तों का जत्था आज वापस आ गया है। संदीप सिंह ने इसका नेतृत्व किया। भक्तों ने अयोध्या के विभिन्न स्थानों के साथ वाराणसी में दर्शन किया।

# कोयला कामगार चाहते हैं समस्याओं का निराकरण

**कोरबा।** एसईसीएल गेवरा परियोजना में कार्यरत कोयला कामगार कई समस्याओं से जूझ रहें है। समस्याओं को लेकर बीकेकेएमएस ने ज्ञापन भी सौंपा था। दुर्गा मंदिर के निकट से पदयात्रा निकाली गई थी। इस संबंध में बीकेकेएमएस के प्रीतम राठौर ने बताया कि डंपर आपरेटरो को ओटी देने का मामला अधर में लटका हुआ है। इस लिए बैठक भी हो चुकी है लेकिन समस्या यथावत है। लेकिन यहां के कोयला कामगार उड़ रहे धूल से भी परेशान है ।पानी के छिड़काव लगातार किए जाने के बाद आवासों में धूल प्रवेश कर री रहा है। इसी तरह कई बार देखने में आया है कि बिजली की समस्या होने लगी है। कई बार गतिविधियों में लाईन गुल होने से कोयला कामगार परेशान हो जाते है। बिजली जाने के बाद कोयला कामगार अपने अपने घरों से निकल आते है। और ट्रासफार्मर सुधारने के लिए प्रयास भी करते है। पेय जल समस्या भी कई बार देखने में आया है। श्री राठौर ने बताया कि पदयात्रा को सफल बनाने में रामनारायण साहू, विरेन्द्र राठौर, कुलदीप कुमार, राहूल कुर्रे सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने सहयोग प्रदान किया था।

***कोरबा।** आगामी मानसून सत्र में जिले के विभिन्न क्षेत्रों में कई लाख पौधों का रोपण करने की योजना है। वन विभाग की नर्सरी में इसके लिए तैयारी की गई है। इनमें कई प्रकार के पौधों को शामिल किया गया है।

## वाहन चालक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत



**कोरबा।** पुलिस थाना की गाड़ी चलने वाले एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई । इस बारे में किसी को भी स्पष्ट जानकारी नहीं है। मामले की जानकारी मिलने पर पुलिस के द्वारा की जा रही है। मृतक का नाम रोहित गहिलवारे बताया गया है जो कुसमुंडा आरक्षी केंद्र में गाड़ी चलाया करता था। पिछले शाम 4:00 बजे वह अपने घर जाने के लिए रवाना हुआ था लेकिन नहीं पहुंचा। जानकारी मिली है कि कुछ लोगों ने हालात बिगड़ने पर उसे डायल 112 के माध्यम से भिलाई बाजार अस्पताल भिजवाने में रुचि ली। वहां से युवक के परिजनों को इस बारे में जानकारी दी गई की वे तुरंत यहां पहुंचे। बाद में युवक की मौत हो गई इसके पीछे क्या कारण रहा होगा, यह स्पष्ट नहीं हुआ है। आज सुबह मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल के पीएम हाउस भेज दिया गया। मामले को संदिग्ध मानते हुए पुलिस के द्वारा 174 सीआरपीसी के तहत मर्ग कायम किया गया है और आगे जांच करने की बात कही गई। पोस्टमार्टम रिपोर्ट्स में आने वाले तथ्य यह बता सकेंगे भी युवक की मौत की सही वजह आखिर क्या थी।

## चोटिया-मनेद्रगढ़ मार्ग के निकट पहुंचे हाथी, यातायात में व्यवधान

**कोरबा।** वन मंडल कटघोरा के केंदई रेंज के लालपुर क्षेत्र में सक्रिय 5 हाथी रविवार की रात 12 बजे व आज सुबह 7 बजे के लगभग डंप एरिया मे चोटिया मनेद्रगढ़ मुख्य मार्ग के निकट दो बार पहुंच गए थे। जिसकी वजह से इस मार्ग पर यातायात में कुछ देर व्यवधान आया।

बाद में सूचना मिलने पर वन विभाग के अधिकारी व कर्मचारी मौके पर पहुंचे और मुख्य मार्ग के निकट मौजूद हाथियों को खदेड़ा । खदेड़े जाने पर हाथियों ने जंगल का रूख किया ततपश्चात यातायात सामान्य हुई बताया जाता है कि केंदइ रेंज में इस समय 17 हाथी सक्रिय है। जिसमें से 12 हाथी कापानवापारा तथा 5 लालपुर क्षेत्र में घूम रहे है। लालपुर क्षेत्र में घूम रहे हाथी बीतीरात 12 बजे के लगभग मुख्य मार्ग केनिकट आ धमके थे। जानकारी मिलने पर वन विभाग का अमला तत्काल मौके पर पहुंचा और आने जाने वाले लोगों को रोकने के बाद हाथियो को खदेड़ा जिस पर हाथी रातभर जंगल में विचरण करते रहे लेकिन आज सुबह होने पर 7 बजे लगभग फिर मुख्य मार्ग निकट पहुंच गया। हाथियो को मार्ग के निकट देख वहां गुजर रहे लोगों ने इसकी सूचना वन कवभाग को दी। जिसपर वन अमला मौके पर पहुंचा और हाथियो को खदेड़ने में सफलता पायी। ज्ञात रहे केंदई रेंज में मौजूद हाथी बीच-बीच में या तो एनएच पर पहुंच जाते हैं या चोटिया-चिरमिरी मार्ग पर। जिसकी वजह से यातायात में कई बार व्यवधान आया करता है। एतमानगर क्षेत्र में ही बड़ी संख्या में हाथी पचरा के आसपास घूम रहे हैं।

# चरित्र निर्माण की शिक्षा मिल रही बच्चों को संस्कार शिविर में

### कई संस्थाओं ने की कोशिश



**कोरबा।** ग्रीष्म अवकाश में स्कूली छात्रों को अगले कुछ दिन और राहत मिलेगी। ऐसे में वे क्या करें। उनकी बड़ी संख्या रिश्तेदारों के यहां चली गई है तो कुछ संख्या सैर सपाटे पर निकली है। फिर भी बड़ा वर्ग अपने घरों पर है जो विभिन्न कार्यों में जुटा हुआ है। ऐसे बच्चों के लिए चरित्र निर्माण पर आधारित शिविर कई जगह चल रहे हैं। संस्कार की जड़े मजबूत करना इसका उद्देश्य है।

नगर और उपनगरीय क्षेत्रों के साथ कस्बों में इस प्रकार का प्रयास सामाजिक संगठनों ने किया है। सरस्वती शिक्षा समिति, प्रजापिता ब्रह्माकुमारी विश्वविद्यालय, गायत्री परिवार, आर्ट ऑफ लिविंग सहित कई संगठन इस कड़ी में शामिल हैं, जिन्होंने हजारों बच्चों को ऐसे शिविरों में भागीदारी के लिए तैयार किया। ऐसे शिविर प्रतिदिन सुबह-शाम चल रहे हैं जो नि:शुल्क हैं। शारीरिक अभ्यास के साथ-साथ योग, वैदिक गणित, आर्ट एंड क्राफ्ट और खेलो व सीखो जैसी प्रमुख गतिविधियां इसमें शामिल की गई है। इसके साथ ही घर, परिवार और समाज के स्तर पर आवश्यक व्यवहार एवं संस्कार पर भी जोर दिया गया है। अलग-अलग क्षेत्र में काम करने वाले शिक्षक से लेकर मोटिवेटर के साथ-साथ नैतिक शिक्षा के लिए काम कर रहे वर्ग की सेवाएं शिविर में ली गई है जो सहज और आसान तौर-तरीके से बच्चों को जानकारी दे रहे हैं। इसके साथ ही योग शिक्षकों के द्वारा दिया जा रहा मार्गदर्शन भी उपयोगी साबित हो रहा है। अनिवार्य रूप से शिविर के अंतिम सत्र में प्रार्थना से बताने की कोशिश की जा रही है कि मन में अच्छी भावना होने से हमारा व्यक्तित्व किस प्रकार से निखर सकता है।

## नहीं मिला चोरों का सुराग

**कोरबा।** मानिकपुर बाजार के पास रहने वाले एसईसीएल कर्मी राम मिलन यादव के निवास पर हुई चोरी के मामले में पुलिस को कोई सुराग नहीं मिला है। यहां से सोने-चांदी के जेवरात और नकदी 10 हजार की चोरी हुई है। घटना के दौरान परिवार कार्यक्रम में शामिल होने बाहर गया था।


श्रीं

प्लाट बेचना है

ट्रांसपोर्ट नगर कोरबा में प्लाट बेचना है। इच्छुक व्यक्ति संपर्क करें।

प्रापर्टी डीलर

62681-46606


# डिसेंट हाउसिंग से परेशानी, रिवायरिंग पर ध्यान नहीं

## कर्मियों को परेशान कर रहा प्रबंधन : दीपेश



**कोरबा।** एसईसीएल कोरबा क्षेत्र में कर्मचारियों के आवासों के सुधार कार्य डिसेंट हाउसिंग के अंतर्गत किये गए कालांतर में इन्हीं कारणों से वायरिंग में समस्याएं पेश आईं। अब इस तरफ आवश्यक ध्यान नहीं देकर कर्मियों को परेशान किया जा रहा है।

एटक का साफ तौर पर आरोप है कि कोरबा क्षेत्र में कार्यरत कुछ अधिकारियों के द्वारा कामगारों के तमाम कल्याणकारी योजनाओं को साजिश के तहत बाधित किया जा रहा है जोकि उचित नहीं है। प्रदेश एटक के कार्यवाहक अध्यक्ष दीपेश मिश्रा ने बताया कि कोरबा एरिया के कुछ अधिकारियों ने मिलकर न सिर्फ श्रमिकों बल्कि उनके परिवार को भी असुरक्षित कर दिया है। बांकी, सुराकछार तथा बलगी के आवासीय कालोनियों मे लगभग 2900 क्वार्टर है जिनका 5 वर्ष पहले डिसेंट हाउस स्कीम के तहत मरम्मतीकरण हुआ था। जिसके चलते वायरिंग सिस्टम मे खराबी आ गई थी परंतु फंड के अभाव के चलते उन आवासों का रिवायरिंग नहीं किया गया था जबकि आवासों के मरम्मत के समय के रिवायरिंग जरूरी था। परंतु प्रबंधन ने उसे अनदेखा किया जिसका नतीजा सभी 2900 आवासों मे विद्युत शक्ति प्रणाली असुरक्षित हो गई थी। कभी भी शॉर्ट सर्किट के तहत जान माल का नुकसान हो सकता है। इसे भांपते हुए संबंधित अधिकारियों ने सभी आवासों में नए सिरे से रिवायरिंग के लिए एसईसीएल मुख्यालय में प्रस्ताव भेजा वस्तु स्थिति के गंभीरता को देखते हुए मुख्यालय ने रिवायरिंग के प्रस्ताव को स्वीकृत कर कोरबा एरिया प्रबंधन को 8 माह पूर्व भेज दिया था। परंतु संबंधित क्षेत्रीय प्रबंधन के कुछ सक्षम अधिकारियों ने मुख्यालय से स्वीकृत वायरिंग प्रस्ताव के फाइल को ठंडे बस्ते में डाल दिया है। जबकि ये न सिर्फ कामगारों बल्कि उनके परिवार के सुरक्षा से जुड़ा मामला है।

### एपीएम के दावे पर एसओ सिविल मौन

कोरबा क्षेत्र के अंतर्गत जितनी भी इकाइयां है उनके आवासीय कॉलोनी की हालात भी बहुत ही दयनीय है तमाम नालियां गंदगी से बजबजा रही है। यहां के सिविल विभाग को इस बारे में जब कहा जाता है तो कहते हैं हम क्या करें? क्षेत्रीय प्रबंधन असहयोग कर रहा है। इसको सही करने के लिए जरूरी रकम मुहैया नही करती है। इस बाबत एटक श्रम संगठन ने 15.5.2024 को औद्योगिक संबंधों के तहत मिटिंग मे समस्त आवासीय कॉलोनी मे बजबजाती नालियों के साफ कराने का मसले को सिविल प्रमुख के समक्ष रखा था। तब उसमें क्षेत्रीय कार्मिक प्रबंधक एस.के.पी.शिंदे ने कहा कि मैं भी अपने घरके नाली को खुद पैसा देकर साफ करवाता हूं। इसमें सबसे मजेदार बात ये है जब क्षेत्रीय कार्मिक प्रबंधन यह बात बोल रहे थे तब क्षेत्रीय सिविल प्रमुख भानु सिंह यह बात सुनने के बावजूद खामोश बैठे रहे। उन्होंने आगे कहा कि प्रबंधन के कुछ गैर जिम्मेदार अधिकारियों ने मेहनतकश कामगारों के हकों को सीधे नुकसान पंहुचाने पर तुले हुए है इस क्रम मे कामगारों के तमाम वैधानिक भुगतान को जानबूझकर प्रबंधन के कुछ अधिकारी रोकने का काम कर रही है।

### ग्रेच्यूटी भी जबरिया रोका

इसमें सबसे गंभीर बात यह है कि नो ड्यूज जमा करने के बावजूद रिटायर्ड या त्यागपत्र देने वाले कामगारों का सी.एम.पी.एफ एवं उपदान (ग्रेच्युटी)भुगतान जबरन रोका जा रहा है। जबकि निदेशक कार्मिक एसईसीएल का निर्देश है कि 30 दिन के अंदर ग्रेच्युटी भुगतान करना है। पर क्षेत्रीय प्रबंधन को इससे कोई लेना देना नहीं है। प्रबंधन को चेतावनी देते हुए कहा कि एटक संगठन प्रबंधन के मजदूर विरोधी रवैया को बर्दाश्त नही करेगा। प्रबंधन बांकी, सुराकछार व बलगी के 2900 आवासों मे तुरंत रिवायरिंग कराए तथा सभी इकाइयों के आवासीय कॉलोनी में सिविल से जुड़े कार्य को पूरा करें।









स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रांसपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोन: 221149, मो. : 9425224167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल tarunpresskrb@gmail.com